3 राजधानी
पानी का उत्पादन लगातार घट रहा है

6 अभिमत
लोकरंजक नीतियों से बिजली संकट

10 राष्ट्रीय
फारूक की अपील-कश्मीरी पंडित मातृभूमि पर लौटें

11 विदेश
पुतिन ने यूक्रेन के सामने संघर्ष विराम की शर्त रखी

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 217
नई दिल्ली, शनिवार, 15 जून, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



कनाडा के खिलाफ कोहली की फॉर्म पर रहेंगी नजरें
स्पोर्ट्स-12

# केंद्र एक साथ चुनाव पर उठाएगा अहम कदम

दीपक कुमार झा। नई दिल्ली

**केंद्र सरकार** अपने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए, इस संबंध में पूर्व राष्टपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट को जल्द ही कैबिनेट में पेश करने जा रही है, ताकि इस संबंध में भविष्य की कार्रवाई तय किया जा सके। कैबिनेट की मंजूरी के बाद, इस संबंध में एक विधेयक जुलाई में मानसून सत्र के दौरान संसद में पेश किए जाने की संभावना है, जो भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण सत्र होगा। मानसून सत्र की शुरुआत में वार्षिक बजट भी पेश किया जाना है।

सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय कानून मंत्रालय इस पर 'ओवरटाइम' काम कर रहा है, जो कि विधायी विभाग के 100-दिवसीय एजेंडे का भी हिस्सा है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनावों से पहले निर्धारित किया था। मोदी ने मार्च में अपने दूसरे कार्यकाल के अंतिम मंत्रिमंडल में चुनाव से पहले, सभी केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों को अगली सरकार के लिए 100-दिवसीय एजेंडा तैयार करने का निर्देश दिया था। मई में चुनाव प्रचार के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

एनडीए अगर तीसरी बार सत्ता में आती है तो वह 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' नीति को लागू करेगी। सिंह ने कहा था, आंध्र प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा सीटों के लिए चुनाव एक साथ हो रहे हैं। हम अगले पांच साल के अंत तक एक राष्ट्र एक चुनाव की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करेंगे। एक राष्ट्र, एक चुनाव से समय और धन की काफी बचत होगी।

कोविंद समिति ने एक साथ चुनाव कराने के लिए दो-चरणीय दृष्टिकोण की सिफारिश की है। पहले चरण के रूप में, लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराए जाएंगे। दूसरे चरण में, नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनावों को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के साथ इस तरह से समन्वयित किया जाएगा कि नगरपालिकाओं और पंचायतों के चुनाव लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव के 100 दिनों के भीतर हो जाएं। इसके अलावा, विधि आयोग भी जल्द ही एक साथ चुनाव कराने पर अपनी रिपोर्ट पेश करने वाली है, जिसके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रबल समर्थक रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि विधि आयोग 2029 से सरकार के तीनों स्तरों - लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश कर सकता है और सदन में अस्थिरता या अविश्वास प्रस्ताव जैसी स्थिति में एकता सरकार के लिए प्रावधान कर सकता है।

कोविंद पैनल ने समिति द्वारा की गई सिफारिशों के क्रियान्वयन पर गौर करने के लिए एक 'कार्यान्वयन समूह' गठित करने का भी प्रस्ताव रखा था। पैनल ने कहा था, एक साथ चुनाव कराने से संसाधनों की बचत होगी, विकास और सामाजिक सामंजस्य को बढ़ावा मिलेगा, लोकतांत्रिक ढांचे की नींव मजबूत होगी और इंडिया यानी भारत की आकांक्षाओं को साकार करने में मदद मिलेगी। इसने राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से भारत के चुनाव आयोग द्वारा एक समान मतदाता सूची और मतदाता पहचान पत्र तैयार करने की भी सिफारिश की है।वर्तमान में, देश (शेष पेज 9)





नीट यूजी परीक्षा फिर से कराने की मांग को लेकर शास्त्री भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन करते छात्र संगठन

# नीट पर केंद्र और एनटीए से सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक, 2024 (नीट-यूजी) में अनियमितताओं को लेकर जारी विवादों के बीच, सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) और केंद्र से उन याचिकाओं पर जवाब मांगा, जिनमें नीट-यूजी 2024 परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक और विसंगतियों के आरोपों की जांच सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश या जांच एजेंसी की अध्यक्षता वाली समिति से कराने की मांग की गई है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की अवकाश पीठ के समक्ष उपस्थित याचिकाकर्ताओं ने इस मामले में तत्काल सीबीआई जांच की कराने की मांग की है। हितेन सिंह कश्यप द्वारा दायर जनहित याचिका सहित कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही पीठ ने सीबीआई और बिहार सरकार से भी दो सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। जिसमें कहा गया कि इन याचिकाओं पर अन्य लंबित याचिकाओं के साथ 8 जुलाई को सुनवाई की जाएगी, जब शीर्ष अदालत गर्मी की छुट्टियों के बाद काम करना शुरू करेगी। संक्षिप्त सुनवाई के दौरान, पीठ उस समय नाराज हो गई (शेष पेज 9)

# भड़काऊ भाषण पर बढ़ीं अरुंधति रॉय की मुश्किलें

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**उपराज्यपाल** विनय कुमार सक्सेना ने सामाजिक कार्यकर्ता और बुकर पुस्कार विजेता अरुंधति रॉय व एक अन्य के खिलाफ यूएपीए के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। एलजी ने रॉय और कश्मीर के एक पूर्व प्रोफेसर के खिलाफ वर्ष 2010 में यहां एक कार्यक्रम में कथित तौर पर भड़काऊभाषण देने के मामले में कठोर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 45 (1) के तहत मुकदमा चलाने को मंजूरी दे दी है।

राज निवास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रॉय और कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर शेख शौकत हुसैन के खिलाफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट, नई दिल्ली की अदालत के आदेश के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। रॉय और हुसैन की तरफ से इसपर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इस मामले में कश्मीर के एक सामाजिक कार्यकर्ता सुशील पंडित की शिकायत पर 28 अक्टूबर, 2010 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

राज निवास के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इस मामले में अरुंधति रॉय और कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय कानून के पूर्व प्रोफेसर डॉ. शेख




**उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने रॉय व एक अन्य के खिलाफ यूएपीए के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है**

शौकत हुसैन के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 45 (1) के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। रॉय और हुसैन ने 21 अक्टूबर 2010 को यहां कॉपरनिकस मार्ग स्थित एलटीजी ऑडिटोरियम में आजादी एकमात्र रास्ता के बैनर तले आयोजित एक सम्मेलन में कथित तौर पर भड़काऊ भाषण दिए थे। अधिकारी ने कहा, सम्मेलन में जिन मुद्दों पर चर्चा हुई और जिन पर बात हुई, उनसे कश्मीर को भारत से अलग करने का प्रचार हुआ।

सम्मेलन में भाषण देने वालों में सैयद अली शाह गिलानी, एसएआर गिलानी (सम्मेलन के एंकर और संसद हमले मामले के मुख्य आरोपी), अरुंधति रॉय, डॉ. शेख शौकत हुसैन और माओवादी समर्थक वारा वारा राव शामिल थे। गिलानी और अरुंधति रॉय पर आरोप है कि इन्होंने इस बात का जोर-शोर से प्रचार किया कि कश्मीर कभी भी भारत का हिस्सा नहीं था और उस पर भारत के सशस्त्र बलों ने जबरन कब्जा किया हुआ है। इसमें यहां तक कहा गया कि भारत से जम्मू-कश्मीर की आजादी के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। शिकायतकर्ता द्वारा इसकी रिकॉर्डिंग भी दी गई है।

शिकायतकर्ता ने एमएम कोर्ट, नई दिल्ली के समक्ष सीआरपीसी की धारा 156(3) के तहत शिकायत दर्ज की थी। कोर्ट ने 27 नवंबर 2010 को मामले में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश के साथ शिकायत का निपटारा किया। इसके बाद एक एफआईआर दर्ज की गई और इसकी जांच की गई।



जी-7 में भाग लेने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करतीं इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी

# जी- 7 में विश्व नेताओं से मोदी ने की मुलाकात

पीएनएस/एजेंसियां। नई दिल्ली/बारी (इटली)

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दक्षिणी इटली के रिसॉर्ट शहर में जी 7 शिखर सम्मेलन के दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की सहित कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। तीसरी बार पदभार ग्रहण करने बाद प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली विदेश यात्रा है। इस बैठक के दौरान उनके पोप फ्रांसिस से भी मिलने की संभावना है।

ज़ेलेंस्की के साथ अपनी बातचीत में मोदी ने उन्हें बताया कि भारत 'मानव-केंद्रित' दृष्टिकोण में विश्वास करता है और शांति का रास्ता 'बातचीत और कूटनीति' से होकर जाता है।प्रधानमंत्री ने यूक्रेन के राष्ट्रपति के साथ बैठक को 'बहुत सकारात्मक और उत्पादक' बताते हुए कहा कि भारत यूक्रेन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक है। मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, भारत यूक्रेन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक है। उन्होंने दोहराया कि भारत मानव-केंद्रित दृष्टिकोण में विश्वास करता है और मानता है कि युद्ध की समाप्ति करने व शांति का रास्ता बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संभव है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और यूक्रेन की स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, भारत-यूक्रेन साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली के अपुलिया में 50वें जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और यूक्रेन की स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत वार्ता और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान को प्रोत्साहित करना जारी रखेगा।

विदेश मंत्री एस जयशंकर और विदेश सचिव विनय क्वात्रा वार्ता में मोदी के प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। पता चला है कि ज़ेलेंस्की ने मोदी को संघर्ष के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। मोदी ने पिछले साल मई में हिरोशिमा में पिछले जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान भी ज़ेलेंस्की से मुलाकात की थी।भारत का कहना है कि (शेष पेज 9)

# भीषण गर्मी से अभी पांच दिन राहत नहीं

अर्चना ज्योति। नई दिल्ली

**उत्तर भारत** को अगले चार से पांच दिनों तक भीषण गर्मी और लू फिलहाल राहत मिलने के आसार नहीं है। चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं के थपेड़ों से हर कोई परेशान है। राष्ट्रीय राजधानी, हरियाणा, चंडीगढ़ व झारखंड के कुछ हिस्सों, दक्षिण-पश्चिम बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तरी राजस्थान जैसे क्षेत्रों में पारा 44-47 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने दिल्ली अगले 5 दिनों तक भयंकर लू चलने का आरेंज अलर्ट जारी किया है। दिल्ली में गुरुवार को आयानगर वेधशाला में सबसे अधिक तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से काफीअधिक है। रात के समय का तापमान भी बढ़ रहा है, जिससे गर्मी का प्रभाव बढ़ रहा है,जिससे निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि वे घर के अंदर रहना पसंद करते हैं या बाहर निकलने पर छाया की तलाश करते हैं।17 मई से 5 जून तक पहली बार गर्मी का प्रकोप था, उसके बाद यह जून में दूसरी बार गर्मी का प्रकोप है। भारतीय मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार और अन्य उत्तरी क्षेत्रों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहने की भविष्यवाणी की है। जिसके चलते तापमान (शेष पेज 9)



गर्मी से बेहाल: चिलचिलाती धूप में लाल किला के पास पानी पीती एक महिला (फोटो रंजन डिमरी)

## स्ट्रीट वेंडरों पर पड़ी दोहरी मार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भीषण गर्मी** में दिल्ली के रेहड़ी-पटरी वालों की आय में भारी कमी दर्ज की गई है। राष्ट्रीय राजधानी के 80 प्रतिशत से अधिक रेहड़ी-पटरी वालों का कहना है कि इस साल अप्रैल और मई में भीषण गर्मी के दिनों में उनके ग्राहकों की संख्या में गिरावट आई है। ग्रीनपीस इंडिया और नेशनल हॉकर फेडरेशन की नई रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रीय-राजधानी के करीब 50 प्रतिशत रेहड़ी-पटरी वालों ने बताया कि अप्रैल और मई के महीने में भीषण गर्मी के दिनों में उनकी आय में भारी कमी आई। इस रिपोर्ट में 721 रेहड़ी-पटरी वाले शामिल हुए।



# एयरपोर्ट पर बायोमेट्रिक से इमिग्रेशन होगा आसान

राजेश कुमार। नई दिल्ली

**देश भर** के हवाई अड्डों पर आव्रजन (इमिग्रेशन) की प्रक्रिया आसान होगी। जिसकी शुरुआत राष्ट्रीय राजधानी से होगी। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने आव्रजन प्रक्रिया में तेजी के लिए शुक्रवार को बायोमेट्रिक पंजीकरण सुविधा शुरू की जिसका संचालन आप्रवासन ब्यूरो (बीओआई) की सीधी निगरानी में किया जाएगा। इस विस्तार से यात्रियों के लिए इमिग्रेशन प्रक्रिया में और तेजी आएगी।

डायल ने कहा कि हवाई अड्डे के अंतरराष्ट्रीय आगमन क्षेत्र में अभी इस प्रकार के पांच कियोस्क चालू हैं और जल्द ही पांच और कियोस्क जोड़ने की योजना है। इस विस्तार से बाहर से आने वाले यात्रियों के लिए आव्रजन प्रक्रिया में तेजी आएगी। डायल ने एक बयान में कहा कि वीजा के साथ भारत आने वाले विदेशी नागरिकों के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए कियोस्क पहली बार देश के किसी हवाई अड्डे पर लगाए गए हैं। निजी हवाई अड्डा संचालक ने कहा कि इस नई प्रणाली को लागू करने से पहले, बायोमेट्रिक पंजीकरण के बिना दिल्ली आने वाले वीज़ा-धारक यात्रियों को निर्दिष्ट आव्रजन काउंटर का उपयोग करना पड़ता था, जिसके परिणामस्वरूप प्रति यात्री औसतन 4-5 मिनट का प्रतीक्षा समय लगता था। व्यस्त समय में इमिग्रेशन प्रक्रिया पूरी करने में और समय लगता था। डायल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विदेह कुमार जयपुरियार के अनुसार, इन बायोमेट्रिक (शेष पेज 9)

# कुवैत से शव भारत आए आंखें हुईं नम



कुवैत में आग से जान गंवाने वाले भारतीयों के शव लेकर कोच्ची पहुंचा भारतीय वायु सेना का विमान

कुमार चेल्लपन। कोच्चि

**कुवैत** की एक बहुमंजिला इमारत में बुधवार को लगी आग मे जान गंवाने वाले 45 भारतीयों के पार्थिव शरीर को शुक्रवार को भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से कोच्चि लाया गया। केरल के 23 लोगों के शवों को राज्य सरकार ने कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के माल टर्मिनल पर श्रद्धांजलि दी, जहां मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों ने पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह कुवैत से शवों के साथ कोच्चि पहुंचे।

केरल के 23 प्रवासियों के शवों को विशेष एंबुलेंस द्वारा उनके मूल स्थानों पर ले जाया गया। कार्गो टर्मिनल पर जब विमान उतरा तो वहां का वातावरण गमगीन हो गया था। बाकी शवों को नई दिल्ली ले जाया गया। कुल 31 शवों को भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से केरल लाया गया, जिसमें कर्नाटक के सात और तमिलनाडु का एक शव शामिल था। अन्य राज्यों के मृतकों के शवों को संबंधित राज्यों के आधिकारिक प्रतिनिधियों ने कोच्चि हवाई अड्डे पर प्राप्त किया। माकपा और कांग्रेस नेताओं ने आग की त्रासदी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र को दोषी ठहराया, जिसके परिणामस्वरूप कई लोगों की जान चली गई। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज, जिन्होंने बचाव और राहत अभियान का नेतृत्व करने के लिए कुवैत जाने की इच्छा व्यक्त की थी, को अपनी यात्रा की योजना रद्द करनी पड़ी, क्योंकि केंद्र द्वारा उन्हें राजनीतिक मंजूरी देने से इनकार कर दिया (शेष पेज 9)

# कश्मीरी पंडितों के लिए लौटा वसंत

मोहित कंडारी। जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** में आतंकियों के खौफ से पिछले 34 साल से निर्वासित कश्मीरी पंडितों में से एक अशोक कुमार ने शुक्रवार को खीर भवानी के वार्षिक मेले के अवसर पर गंदेरबल जिले के प्रसिद्ध रागन्या देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद बेहद प्रसन्नता के साथ उन्होंने अपनी भावनाओं को साझा करते हुए कहा, 'आज चमन में फिर से बहार आई है।'अशोकर कुमार के साथ हजारों अन्य लोगों ने भी इस वार्षिक अनुष्ठानों में भाग लिया और मध्य कश्मीर जिले में स्थित इस मंदिर परिसर के आसपास विशाल चिनार के पेड़ों की छाया में आध्यात्मिक वातावरण का आनंद लिया।

जम्मू क्षेत्र में आतंकवादी-संबंधी हिंसा की घटनाओं में बढ़ोतरी के बावजूद इन कश्मीरी पंडितों को सांप्रदायिक सद्भाव के प्रतीक के रूप प्रसिद्ध वार्षिक खीर भवानी मेले में जाने से नहीं रोक पाई।

हर साल कश्मीरी पंडित एक दिन अपने 'घर और चूल्हों' में लौटने की उम्मीद जताते हैं। आज तक, लगातार सरकारें घाटी में उनकी स्थायी वापसी सुनिश्चित करने में विफल रही हैं।

गंदेरबल के प्यारे लाल ने कहा,



हम 1990 से ही 'घर वापसी' के लिए तरस रहे हैं। हम इतने सालों से यहां एक पर्यटक की तरह आ रहे हैं। यहां कोई यात्री निवास नहीं है। सरकार को हमारे लिए रहने और खाने की सुविधा बढ़ाने के बारे में भी सोचना चाहिए। हम अपने घर वापस नहीं जा सकते। हमारे पुराने दोस्त हमसे मिलने आते हैं। उनमें से कुछ तो एक दिन के लिए हमारा आतिथ्य भी करते हैं, लेकिन हम अभी भी अपने वतन में स्थायी वापसी का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीरी पंडित परिवार ज्येष्ठ अष्टमी के अवसर पर प्रार्थना करने के लिए देश के विभिन्न कोनों और यहां (शेष पेज 9)

# नोएडा में 6 लाख लोगों को मिलेगा गंगाजल

- 37.50 क्यूसेक गंगाजल प्रोजेक्ट, इंटरकनेक्ट लाइन का काम जारी, 304 करोड़ होंगे खर्च

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



फाइल फोटो

नोएडा के 26 सेक्टरों के 6 लाख लोगों को से मीठा जल (गंगाजल) मिलने लगेगा। इसके लिए तीसरे फेज 37.50 क्यूसेक गंगाजल (90 एमएलडी) परियोजना का 94.50 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। ये काम उप्र जल निगम कर रही है।

परियोजना पर 304.18 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। इसमें 228.14 करोड़ रुपए प्राधिकरण खर्च कर रहा है। वर्तमान में इस लाइन को कुछ स्थानों पर इंटर कनेक्ट किया जाना है। जिसके बाद इसमें गंगाजल की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। गंगाजल प्रताप विहार प्लांट से आएगा। इसका लाभ नोएडा के 6 लाख से ज्यादा लोगों को मिलेगा। अक्टूबर 2024 में इसके पूरा होने की संभावना है। परियोजना से नोएडा को कुल 330 एमएलडी गंगाजल की सप्लाई हो जाएगी। वर्तमान में 240 एमएलडी गंगाजल की आपूर्ति की जा रही है। यह योजना 50 क्यूसेक गंगाजल की है। जिसमें नोएडा का 75 प्रतिशत 37.50 क्यूसेक गंगाजल नोएडा को मिलेगा। बाकी गाजियाबाद को सप्लाई किया जाएगा। 14 मार्च 2018 को योजना पर कार्य शुरू किया गया। 30 नवंबर 2021 तक इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था।

इस योजना को अब अक्टूबर 2024 तक पूरा किया जाएगा। प्राधिकरण ने बताया कि इस लाइन को चालू करने के लिए कई स्थानों पर इंटर कनेक्ट किया जाना है। ये कार्य किया जा रहा है। इसके बाद लाइन टेस्टिंग की जाएगी। जिसके बाद गंगाजल की सप्लाई शुरू हो सकेगी। वर्तमान में प्राइमरी ट्रीटमेंट का कार्य 100 प्रतिशत पूरा किया जा चुका हैं। 120 एमएलडी क्षमता का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य करीब पूरा हो चुका है। 1500 एमएमडाया की 7.8 किमी लंबाई में पाइप बिछाने के का काम किया जा रहा है। फिलहाल ये पैंच पूरा होने के बाद लोगों को गंगाजल मिलेगा।

### इन सेक्टरों को फायदा

परियोजना से 26 सेक्टरों के लाखों लोगों को गंगाजल की आपूर्ति की जा सकेगी। इसमें सेक्टर-122, 128, 130, 131, 133, 134, 135, 137, 143, 144, 145, 143बी, 146, 147, 151,168, शामिल है। इन सेक्टरों में करीब 6 लाख लोग रहते है। साथ ही इनमें से कुछ सेक्टर औद्योगिक विकास के है।

# नोएडा की सबसे ऊंची इमारत बनाने वाली सुपरनोवा कंपनी दिवालिया घोषित

- बैंक ऑफ महाराष्ट्र का 168 करोड़ बकाया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने सेक्टर 94 में सुपरटेक द्वारा विकसित एक लग्जरी आवासीय और वाणिज्यिक परियोजना सुपरनोवा के लिए दिवालिया प्रक्रिया को स्वीकार कर लिया है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने आरोप लगाया है कि रियाल्टर ने 8 अप्रैल 2022 तक 168.04 करोड़ रुपए के ऋण का भुगतान कंपनी की ओर से नहीं किया गया। जिसके एवज में उसने एनसीएलटी में याचिका दायर की थी। इस मामले में अंजू अग्रवाल को आईआरपी नियुक्त किया गया है।

सुपरटेक ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व वाले कंसोर्शियम से 735.58 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता मांगी थी। जिसमें से 150 करोड़ रुपए बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने अपने सुपरनोवा नामक प्रोजेक्ट में आवासीय अपार्टमैंट, कार्यालय, रिटेल और लग्जरी होटल के विकास के लिए दिए थे। ये पूरा प्रोजेक्ट 70 हजार वर्गमीटर पर करीब 2326 करो? का है। सुपरनोवा परियोजना 2012 में शुरू की गई थी और यह नोएडा में लॉन्च होने वाली शानदार परियोजनाओं में से एक है। इसके डेवलपर के अनुसार, यह भारत का सबसे बड़ी मिश्रित उपयोग वाली परियोजना है।

नोएडा के सेक्टर 94 में स्थित 50 लाख वर्ग फुट क्षेत्र में फैला है। इस परियोजना में चार टावर हैं स्पाइरा 80 मंजिल का 300 मीटर की ऊंचा। ये भारत का सबसे ऊंचा मिश्रित उपयोग वाला प्रोजेक्ट है। इसके अलावा नोवा ईस्ट, नोवा वेस्ट और एस्ट्रालिस शामिल है। परियोजना में 2000 से ज्यादा घर खरीदार हैं और इनमें से 1000 को कब्जा मिल गया है। इस परियोजना पर नोएडा प्राधिकरण का 2100 करोड़ रुपए से अधिक का बकाया है। बता दे बैंक ने 14 दिसंबर 2012 को सुपरटेक को 150 करोड़ रुपए का टर्म लोन मंजूर किया। टर्म लोन मार्च 2023 तक 10 साल और 4 महीने की समेकित तिमाही किश्तों में चुकाया जाना था।

# ग्रेनो में एसी ब्लास्ट से फ्लैट में लगी आग

- फ्लैट में चल रहा था योग सेंटर, धमाके से पूरा सामान जलकर राख

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


आग से घर में राख हुआ सामान।

ग्रेटर नोएडा में एसी के ब्लास्ट होने से घरों में आग लगने की लगातार घटनाएं हो रही हैं। इसी तरह की घटना गौर सिटी में देखने को मिली। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौर सिटी 1 के 6 एवेन्यू के टावर सी के ग्राउंड फ्लोर के फ्लैट नम्बर 18 में आग लग गई। दरसअल इस फ्लैट में कॉमर्शियल एक्टिविटी हो रही थी। यहां ऑलवेज वी फिट के नाम से रेखा सिंह का योग सेंटर और डांस क्लास है।

बताया जा रहा है कि गुरुवार को भी सुबह के समय लोग क्लास के लिए आ रहे थे और इसी दौरान एक एसी से धुआं निकलना शुरू हुआ और उसके बाद कुछ ही देर में एक में जोरदार धमाका हुआ। यह सब लोग रूम से बाहर निकल गए इसके बाद फ्लैट के अंदर आग लग गई और कुछ ही देर में सारा सामान जलकर राख हो गया। हालांकि सोसाइटी के फायर सिस्टम के स्प्रिंकलर काम कर रहे थे और सिक्योरिटी और मेंटनेंस स्टाफ ने फायर सिस्टम का उपयोग कर आग पर का काबू पा लिया। जब यह घटना हुई उस समय कोई क्लास नहीं चल नहीं रही थी इसलिए आग लगने से कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिन, पूरा सामान जलकर राख हो गया। फ्लैट के अंदर योग के लिए रबर के मैट थे उसी में आग ने और ज्यादा तेजी पक? ली। फायर एक्सपर्ट का कहना है कि बढ़ रही भीषण गर्मी के दौरान लगातार एसी का प्रयोग किया जा रहा है, जिसके कारण वे ओवर हीट हो रहे हैं। इसके साथ ही वोल्टेज फ्लक्कुएशन के साथ वोल्टेज कम होने पर एसी के कंप्रेसर पर अधिक दबाव पड़ता है। इस कारण कंप्रेसर के साथ अन्य उपकरण अधिक दबाव पड़ने पर जरूर से अधिक गर्म हो जाते हैं। इससे आग लगने की संभावना है बढ़ जाती है।

### कैसे करें बचाव

- एसी को लगातार चलाने से बचें।
- 3 से 4 घण्टे चलाने के बाद बंद कर दोबारा से शुरू करें।
- एसी के टेम्परेचर को 22 से 24 के बीच में ही रखें।
- एसी की सर्विस जरूर कराए, साथ ही जालियों को साफ करते रहें।
- बिना स्टेबलाइजर और एमएमबी के एसी का प्रयोग न करें।

# पेट्रोल डालकर पड़ोसी को जिंदा जलाया

- खुद भी जलने से आरोपी की मौत, घोड़े की पूंछ जलने पर हुआ था विवाद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के निवासी इलाके में गुरुवार देर रात सनसनीखेज वारदात हुई। एक बुजुर्ग ने चारपाई पर सो रहे अपने पड़ोसी को पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया। पड़ोसी की हालत गंभीर है। लेकिन इस वारदात के बाद घटना में आरोपी बुजुर्ग भी बुरी तरह झुलस गया। जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा कि एक घोड़े की पूंछ जलने पर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हुआ था।

गाजियाबाद पुलिस के डीसीपी (ग्रामीण) विवेक चंद यादव ने बताया, गांव पतला निवासी 55 वर्षीय नेपाल सिंह गुरुवार रात घर के बाहर सड़क पर चारपाई डालकर सो रहे थे। देर रात उनके पड़ोसी 70 वर्षीय सीताराम ने सोते हुए नेपाल सिंह पर पेट्रोल छिड़कर आग लगा दी। घर के बाहर और छतों पर सो रहे अन्य लोगों ने सीताराम को ऐसा करते हुए और फिर वहां से भागते हुए देखा था। इस घटना के तुरंत बाद पुलिस गांव में पहुंची और गंभीर रूप से झुलसे हुए नेपाल सिंह को मेरठ के सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया। उनकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने इस मामले में रात में ही मुकदमा दर्ज कर लिया और आरोपी की तलाश जारी थी। शुक्रवार सुबह सीताराम का शव जली हुई हालत में एक खेत में प?ा मिला है। माना जा रहा है कि नेपाल सिंह को जलाने के प्रयास में वो खुद भी झुलस गया और बचकर भागने के प्रयास में अपना इलाज नहीं करा पाया। इससे उसकी मौत हो गई। सीताराम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। डीसीपी विवेक चंद यादव ने बताया-सीताराम की पत्नी का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। करीब दो महीने पले सीताराम की पत्नी ने कुछ पुराने कपड़ा जलाए थे। इस दौरान वहां नेपाल सिंह का घोड़ा खड़ा हुआ था। जिससे उसकी पूंछ भी जल गई थी।

# नोएडा के सुपरटेक ऑफिस में खरीदारों से जमकर मारपीट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

बायर्स के सब्र का बांध अब टूटने लगा है। इसका नजारा सुपर टेक के सेक्टर-96 ऑफिस में देखने को मिला। यहां फ्लैट बायर्स अपनी समस्या को लेकर पहुंचे थे। जिसके बाद सुपर टेक कर्मचारियों के साथ उनकी कहा सुनी हो गई। यहां जमकर मारपीट भी हुई।

इस दौरान एक सब एक दूसरे को बचाने का प्रयास करते दिखे। इस बीच महिलाओं के साथ ही खींचतानी की गई। बताया गया कि ये वीडियो गुरुवार का है। जिसे आज सोशल मीडिया के विविध प्लेटफार्म पर वायरल किया जा रहा है। इस मामले में दोनों ही पक्षों से बातचीत की गई। जिसके बाद मामले को शांत कराया गया। ये वीडियो करीब 4 मिनट का है। जिसमें कुछ लोग फ्लैट की समस्या को लेकर स्टॉफ से बातचीत करते दिख रहे है। बताया गया कि ये वो बायर्स है जिनको फ्लैट नहीं मिले और इनका पूरा पैसा बिल्डर के पास जमा है। पहले कुछ मिनट तक काफी हॉट टॉक के बाद अचानक से मारपीट शुरू हो गई। एक ही व्यक्ति को कई लोग मिलकर पीटते है। यहां तक की कपड़े फाड़ दिए। वहां मौजूद गार्ड और महिला गार्ड भी झगड़े को शांत करने का प्रयास करते दिखे।

# कारोबारी के घर बिजली रीडिंग लेने के बहाने लूट का प्रयास

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में बिजली की रीडिंग लेने के बहाने अज्ञात बदमाशों ने एक शेयर बाजार कारोबारी के घर में घुसकर लूट को अंजाम देने प्रयास किया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, शिकायत दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। थाना बीटा-दो के प्रभारी निरीक्षक विद्युत गोयल ने बताया कि रोहित सिंह ने बृहस्पतिवार रात शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने बताया कि 11 जून को उनके घर पर दो लोग एनपीसीएल कर्मचारी बताकर मीटर रीडिंग लेने के लिए कहने लगे। आरोपियों से पहचान पत्र दिखाने जब कहा गया तो एक आरोपी ने तमंचा निकाल लिया और जान से मारने की कोशिश की। सिंह के अनुसार, उनके हाथ में एक उपकरण था, जिसे फेंक कर मारा और गेट बंद कर लिया।

# दो तस्कर 1 करोड़ की ई-सिगरेट संग गिरफ्तार

- स्कूल, कॉलेज और पीजी में पढ़ने वाले छात्र थे ग्राहक, सामान्य से कहीं ज्यादा होता है नशा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सीआरटी , स्वात टीम और थाना सेक्टर-20 पुलिस ने संयुक्त रूप ई-सिगरेट की बड़ी खेप के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक करोड़ रुपए की ई सिगरेट बरामद की गई है। ये ई सिगरेट नोएडा, दिल्ली , गुरुग्राम के स्कूल , कॉलेज, पीजी और उसके आसपास महंगे दाम पर बेचते थे। पुलिस को सूचना मिलने पर इन दोनों को नोएडा के सेक्टर-18 मल्टी लेवल कार पार्किंग के पास से गिरफ्तार किया गया है। इनकी पहचान रवि कुमार , शाहनवाज हुई है। सरगना जितेंद्र वालिया फरार है।

डीसीपी विद्या सागर मिश्र ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि इस पूरे गैंग का सरगना जितेंद्र वालिया उर्फ केडी उर्फ सोनू है। रवि कुमार और शाहनवाज उनसे बरामद किया गया गांजा और ई- सिगरेट दिल्ली एनसीआर में बेचने जा रहे थे। बरामद किए गए गांजा और ई सिगरेट का मालिक जितेंद्र वालिया है। जितेंद्र गुरुग्राम में रहता है। वहीं हम लोगों को मॉल सप्लाई करने के लिए देता है। जिसे हम दिल्ली नोएडा एनसीआर में स्कूल, कॉलेजों व यूनिवर्सिटी व पीजी के वालें छात्र- छात्राओं को फुटकर में बेचते है।

### बैटरी से ऑपरेट होती है डिवाइस

ई-सिगरेट एक तरह की इलेक्ट्रिक निकोटीन डिलीवरी सिस्टम डिवाइस है। इलेक्ट्रिक निकोटीन डिलीवरी सिस्टम डिवाइस बैटरी से ऑपरेट होने वाले डिवाइस होते हैं। शरीर में निकोटीन पहुंचाने का काम करते हैं। नॉर्मल सिगरेट की तरह ई सिगरेट में तंबाकू नहीं भरा होता है। और न ही इसे पीने के लिए कहीं से जलाने की जरूरत होती है। बहुत सी ई सिगरेट में से तो पीने पर धुआं भी नहीं निकलता है। इसमें तंबाकू की जगह एक कार्टेज में लिक्विड निकोटीन भरा रहता है। खत्म होने पर कार्टेज को दोबारा से भरा जा सकता है। सिगरेट के दूसरे छोर पर एलईडी बल्ब लगा होता है जो कश लगाने जलता है।


MAX Healthcare

**सार्वजनिक सूचना**

**मरीजों का मेडिकल रिकॉर्ड नष्ट करने हेतु**

एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है कि नीचे दिए गए मैक्स मल्टी स्पेशियलिटी सेंटर, पंचशील पार्क जनवरी, 2020 से दिसंबर, 2020 तक की अवधि में अस्पताल में अपने मरीजों के उपचार और/या निष्पादित जांच और/या मृत्यु से संबंधित मेडिकल रिकॉर्ड को नष्ट करेगा।

जो कोई भी मरीज ऊपर वर्णित अवधि से संबंधित अपने मेडिकल रिकॉर्ड की प्रमाणित सत्य प्रतिलिपि हासिल करना चाहते/चाहती हैं वे नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित संपर्क व्यक्ति से सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे (सोमवार से शनिवार) के बीच लिखित रूप में अनुरोध कर सकते/सकती हैं। ऐसे सभी अनुरोध-आवेदन नीचे तालिका में यथा-उल्लिखित संबंधित व्यक्ति को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 3 (तीन) महीने के भीतर अवश्य पहुंच जाने चाहिए। मेडिकल रिकॉर्ड के लिए अनुरोध के लिए रोगी के स्व-प्रमाणित फोटो पहचान पत्र के साथ निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। मरीज अपनी ओर से मेडिकल रिकार्ड के लिए आवेदन करने और/या इन्हें संगृहीत करने के लिए किसी अन्य व्यक्ति को भी, मरीज और अधिकृत व्यक्ति के फोटो पहचान और हस्ताक्षर सबूत की स्व-अभिप्रमाणित प्रति के सहित उसके लिए विधिमान्य प्राधिकार-पत्र/मुख्तारनामे के साथ, अधिकृत कर सकते/सकती हैं। मृत मरीजों के मामले में, मेडिकल रिकॉर्ड में दर्ज परिचर उसके लिए आवेदन कर सकते/सकती हैं/किसी और व्यक्ति को आवेदन करने के लिए अधिकृत कर सकते/सकती हैं। कृपया ध्यान दें कि ऐसे रिकॉर्ड की आपूर्ति करने के लिए मानक प्रभार लागू होंगे।

| अस्पताल का नाम और पता | संपर्क व्यक्ति के विवरण | नष्ट किये जाने वाले मेडिकल रिकॉर्ड की अवधि |
|---|---|---|
| मैक्स मल्टी स्पेशियालिटी सेंटर पंचशील पार्क, एन-110, पंचशील पार्क, नई दिल्ली-110017 | श्री राकेश कुमार शर्मा SAT: rakesh.sharma@maxhealthcare.com मोबाइल-9811298534 कार्यालय 011-46097200 | पी.एन.डी.टी. दस्तावेज़ जनवरी 2020 से दिसंबर 2020 तक ओ.पी.डी. और आई.पी.डी. दस्तावेज़ जनवरी 2020 से दिसंबर 2020 तक |
| मैक्स इंस्ट्यूट कैंसर केयर, लाजपत नगर 26A, 2nd फ्लोर, रिंग रोड लाजपत नगर, नई दिल्ली -110024 | श्री राकेश कुमार शर्मा SAT: rakesh.sharma@maxhealthcare.com मोबाइल-9811298534 कार्यालय 011-46097200 | ओ.पी.डी एवं आई.पी.डी दस्तावेज़ - जनवरी -2020 से दिसंबर - 2020 |



कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**

**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029)** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम **3** के साथ धारा **13(12)** के साथ सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, **2002** के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **मुकेश सिंह मावारी और किरण मावारी** को **14.09.2023** की सूचना में वर्णन के अनुसार कर्ज खाता नं. **HHLNOD00365412** की राशि **रू.10,13,736 /- (रुपए दस लाख तेरह हजार सात सौ छत्तीस मात्र)** और **13.09.2023** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट **60** दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।

धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतत्तद्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा **13** की उप धारा (**4**) के साथ उक्त कानून के नियम **8** के तहत सिक्योरीटी ईन्ट्रेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **12.06.2024** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है।

विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतत्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू.10,13,736 /- (रुपए दस लाख तेरह हजार सात सौ छत्तीस मात्र) 13.09.2023** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड** के आधीन होगा।

उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप - धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

**अपार्टमेंट नं.सन 5-0507, जिसका सुपर एरिया 75.72 स्के.मी.,कवर्ड एरिया 59.06 स्के.मी. और कारपेट एरिया 54.93 स्के.मी., पाँचवी मंजिल पर, मिगसन रूफ से पहचाने जाने वाले प्रोजेक्ट में, टॉवर सन 5,खसरा नं. 5/4/51 पर स्थित, राज नगर एक्सटेंशन में स्थित, गाज़ियाबाद-201004, उत्तर प्रदेश**

**दिनांक :12.06.2024**
**स्थान : गाज़ियाबाद**

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड



**कब्जा सूचना**
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**

**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029)** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **इखलाक खान और शाजिया** को **08.02.2024** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. HHLFRZ00527672** की राशि **रू. 27,16,672.41 (रूपये सत्ताईस लाख सोलह हजार छह सौ बहत्तर और इकतालीस पैसे मात्र)** और **07.02.2024** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।

धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **12.06.2024** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है।

विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू. 27,16,672.41 (रूपये सत्ताईस लाख सोलह हजार छह सौ बहत्तर और इकतालीस पैसे मात्र) 07.02.2024** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड** के आधीन होगा।

उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

संपत्ति बेअरींग मकान एमएनसी नंबर 105/2, के भाग और खंड, खसरा नंबर 685, कुल माप 1340 स्क्वे.फीट यानी 124.62 स्क्वे. मीटर, नगला विष्णु में स्थित, मौजा दतौजी लाइनपार, फिरोजाबाद-283203, उत्तर प्रदेश।

**माप:**
पूर्व : 20 फीट पश्चिम : 20 फीट उत्तर: 67 फीट दक्षिण: 67 फीट

**सीमा:**
पूर्व : राम खिलाडी का घर पश्चिम : 20 फीट चौडी सडक़
उत्तर : उषा देवी का घर दक्षिण : विक्रेता की संपत्ति

सही/-
**दिनांक : 12.06.2024** प्राधिकृत अधिकारी
**स्थान : फिरोजाबाद** इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड



कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**

**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029)** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम **3** के साथ धारा **13(12)** के साथ सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, **2002** के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **जगदीश कुमार और रेनू** को **13.10.2023** की सूचना में वर्णन के अनुसार कर्ज खाता नं. **HHLNOD00479793** की राशि **रू.7,12,828.72 /- (रुपए सात लाख बारह हजार आठ सौ अठ्ठाईस और बाहत्तर पैसे मात्र)** और **12.10.2023** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट **60** दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।

धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतत्तद्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा **13** की उप धारा (**4**) के साथ उक्त कानून के नियम **8** के तहत सिक्योरीटी ईन्ट्रेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **12.06.2024** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है।

विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतत्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू.7,12,828.72 /- (रुपए सात लाख बारह हजार आठ सौ अठ्ठाईस और बाहत्तर पैसे मात्र) 12.10.2023** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड** के आधीन होगा।

उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप - धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

**फ्लैट नं.जी-05, तल मंजिल पर (रूफ राइट्स के बिना), पीछे की ओर एलएचएस जिसका कवर्ड एरिया 750 स्के.फीट जो 69.67 स्के.मी. के बराबर, प्लॉट नं.ए-22 पर निर्मित, ब्लॉक ए, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन II, गाँव पासोना, परगना लोनी, साहिबाबाद, तहसील और जिला गाज़ियाबाद-201010, उत्तर प्रदेश और जो निम्ननुंसार परिबद्ध है।**

**पूर्व: प्लॉट नं.21-ए पश्चिम: फ्लैट नं.जी-06**
**उत्तर: कॉमन साइड और फ्लैट नं. जी-02 दक्षिण:सर्विस लेन**

सही/-
**दिनांक :12.06.2024** प्राधिकृत अधिकारी
**स्थान : गाज़ियाबाद** इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड



कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**

**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029)** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम **3** के साथ धारा **13(12)** के साथ सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, **2002** के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **उमेश शर्मा और अर्चना शर्मा** को **15.03.2024** की सूचना में वर्णन के अनुसार कर्ज खाता नं. **HHLDCP00345414** की राशि **रू.4,31,429.56 /- (रुपए चार लाख इकतीस हजार चार सौ उनतीस और छप्पन पैसे मात्र)** और **14.03.2024** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट **60** दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।

धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतत्तद्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा **13** की उप धारा (**4**) के साथ उक्त कानून के नियम **8** के तहत सिक्योरीटी ईन्ट्रेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **12.06.2024** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है।

विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतत्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू.4,31,429.56 /- (रुपए चार लाख इकतीस हजार चार सौ उनतीस और छप्पन पैसे मात्र) 14.03.2024** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड** के आधीन होगा।

उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप - धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

**फ्लैट नं.C-2306 जिसका सुपर एरिया 995 स्के.फीट बिल्ट अप एरिया 765 स्के.फीट, तेईसवीं मंजिल पर,टॉवर -सी, अंजनारा सिटी से पहचानेजाने वाले प्रोजेक्ट में, प्लॉट नं.एससी -02सी पर निर्मित, सेक्टर 27 में स्थित, गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा-201303, उत्तर प्रदेश कवर्ड कार पार्किंग जगह के साथ।**

दिनांक:**12.06.2024**
स्थान : ग्रेटर नोएडा

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड



**कब्जा सूचना**
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**

**एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड ("ईएआरसी")** ने **(CIN:U67100MH2007PLC174759)** सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 (2002 का 54) ("उक्त एक्ट") और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 (उक्त रूल्स) के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार, गारंटर और गिरवीकर्ता **पिंकी छाबडा, जगदीश छाबडा और मनीष छाबडा** को कर्ज खाता नं. **HHLLAJ00263244** के तहत दिनांक **28.02.2022** की सूचना में **02.02.2022** तक उल्लिखित राशि जो **रू.46,06,065.52 (रूपए छियालीस लाख छह हजार पैंसठ और बावन पैसे मात्र)** है को उक्त सुविधा के संबंध में **03.02.2022** से भुगतान / वसूली तक अतिरिक्त ब्याज और दंडात्मक ब्याज के साथ, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।

और जब कि बाद में, **एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड ने ईएआरसी ट्रस्ट - एससी 439** के ट्रस्टी के रूप में दिनांक **02.11.2023** के असाइनमेंट एग्रीमेंट के माध्यम से **आईएचएफएल** द्वारा कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता को दी गई सुविधाओं से उत्पन्न कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता द्वारा देय और देय ऋणों के संबंध में सिक्योरिटी रिसिप्ट धारको के लाभ के लिए **एआरसीआईएल-सीपीएस-IV, ट्रस्ट ("एआरसीआईएल")** के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्य करते हुए अपने सभी अधिकार, शीर्षक, ब्याज और लाभ अंतर्निहित प्रतिभूतियों के साथ **एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड** को सौंप दिए है।

इसलिए, उक्त असाइनमेंट को ध्यान में रखते हुए, **एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** के स्थान पर अब **एआरसीआईएल** को रखा गया है और **एआरसीआईएल** कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता के खिलाफ सभी और किसी भी कार्यवाही को शुरू करने / जारी रखने और वित्तीय दस्तावेजों के तहत अधिकारों और लाभों को लागू करने की हकदार होगी, जिसमें कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता द्वारा प्राप्त की गई उक्त सुविधाओं के लिए निष्पादित और बनाए गए सुरक्षा हित को लागू करना भी शामिल है।

**एआरसीआईएल** को उक्त धनराशि चुकता करने में कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता के विफल रहने पर एतद्द्वारा विशेषत: कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, **एआरसीआईएल** के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **12.06.2024** पर, नीचे वर्णित सुरक्षित संपत्तियों पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है।

विशेषत: कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता और सर्व सामान्य जनता को निचे उल्लेखित सुरक्षित संपत्तियों के साथ लेनदेन न करने के लिए आगाह किया जाता है और सुरक्षित संपत्तियों के साथ कोई भी लेनदेन **05.06.2024** तक **रू.44,52,961.26 (रूपए चौवालीस लाख बावन हजार नौ सौ इकसठ और छब्बीस पैसे मात्र)** की राशि के उक्त सुविधा के संबंध में **06.06.2024** से भुगतान / वसूली तक सभी आकस्मिक लागतों, शुल्कों और खर्चों के साथ संविदात्मक दर पर अतिरिक्त ब्याज के साथ **एआरसीआईएल** के शुल्क के अधीन होगा।

नीचे उल्लिखित सुरक्षित संपत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर दिलाया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

**संपत्ति का स्वामित्व : पिंकी छाबडा और जगदीश छाबडा (आवंटी)**

फ्लैट नंबर 2301, टावर सी 15, सुपर कवर्ड एरिया 1795 स्क्वे. फीट (निर्मित एरिया 1428 स्क्वे.फीट) प्रतीक ग्रैंड सिटी (कार्नेसिया), प्लॉट नंबर 4/बीएस-01 और 4/बीएस-05, सिद्धार्थ विहार एनएच-24, गाज़ियाबाद-201010, उत्तर प्रदेश।

**प्राधिकृत अधिकारी**
**दिनांक : 12.06.2024** **एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड**
**स्थान : गाज़ियाबाद** **(एआरसीआईएल-सीपीएस-IV ट्रस्ट के ट्रस्टी)**



**न्यायालय श्रीमान् द्वितीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,गौतमबुद्धनगर**
**मूलवाद संख्या.–148 सन 2021**

1.सौरभ गर्ग आयु 34 वर्ष, पुत्र स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार, 2.श्रीमती सत्यवती गर्ग पत्नी स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार निवासीगण मौहल्ला ब्रहमपुरी, कस्बा दादरी, जिला गौतमबुद्धनगर
**.....वादीगण**

**बनाम**

नासिर पुत्र उमरदराज़ खाँ, निवासी मकान संख्या–322, हजरत नगर गढी, जिला सम्भल उत्तर प्रदेश 244301 मो.नं.– 8864853595
**....प्रतिवादीगण**

हरगाह याची ने आपके नाम एक नालिश बावत स्थाई निषेधाज्ञा एवं घोषणात्म डिक्री हेतु मूलवाद संख्या– 148 सन 2021 सौरभ गर्ग आदि बनाम नासिर योजित किया है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख **19.072024** बावक्त 10:00 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकिफ किया गया हो और कुल उमूरात अहम मुतल्लिका मुकदमा का जबाव दे सके जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो ऐसे सवालात का जबाव दे सके हाजिर हो, हाजिर और जबाबदेही की करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जबाबदेही के इस्तदमाल करना चाहते हो। अतः आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आप मसमुअ और फैसला होगा। बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 31 माह 05 सन 2024 को जारी किया गया।

**आदेशानुसार /मुंसरिम**
**न्यायालय श्रीमान द्वितीय न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय**
**जनपद–गौतमबुद्धनगर**



**Before the Estate Officer, HUDA**
**Name of Urban Estate: Gurgaon-1**
**PUBLIC NOTICE**

**Subject:** Transfer of ownership in respect of constructed plot no 29, sector 23-23A, Urban estate, Gurgaon, Haryana consequent upon the intestate death of Sh S C Gupta s/o Sh J K Gupta

Sh S C Gupta who was the allottee of the subject cited property as per record has died on 21st February, 2024 and has no registered or unregistered will, leaving behind following legal heirs.

**1. Sharda Gupta 2. Sisir Gupta**
**3. Sidharth Gupta**

Smt Sharda Gupta wife of Sh S C Gupta R/o T115, G/f , Kh No 892, WAD6, Aam Bagh, Mehrauli, New Delhi-110030 intends to apply for the transfer of the said property in her favor being the legal heir and request for re-allotment in her name i.e Sharda Gupta

If any person is having any objection against the transfer of the subject cited property he/ she can submit objection in writing to the Estate Officer, HUDA, Gurgaon-1 along with supporting documents within 30 days from the date of publication in this notice, otherwise the Estate Officer may accord permission to transfer/ re-allotment of the said property as per the HUDA policy and will not entertain any subsequent

**Smt Sharda Gupta**
**Legal Heir**
**On behalf of Estate Officer**

## बूंद-बूंद जल के लिए हाहाकार



# पानी का उत्पादन लगातार घट रहाः आतिशी

## सामान्य परिस्थिति में 1005 एमजीडी उत्पादन होता है लेकिन 13 जून को घट कर 939 एमजीडी रह गया

- जल मंत्री ने सभी से पानी का प्रयोग बहुत किफायती तरीके से करने का किया अनुरोध



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

जल मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि यमुना का पानी कम पहुंचने से दिल्ली में लगातार पानी का उत्पादन घट रहा है। सामान्य परिस्थिति में राष्ट्रीय राजधानी में 1005 एमजीडी (दस लाख गैलन प्रति दिन) पानी का उत्पादन होता है लेकिन पिछले एक हफ्ते से यह लगातार घट रहा है।

बृहस्पतिवार को यह घटकर 939 एमजीडी रह गया। जल मंत्री ने सभी से पानी का इस्तेमाल बहुत किफायती तरीके से करने का अनुरोध किया है। आम आदमी पार्टी हरियाणा पर दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं छोड़ने का आरोप लगा रही है।

आतिशी ने शुक्रवार को एक्स पर एक कहा, यमुना का पानी कम पहुंचने से दिल्ली में लगातार पानी का उत्पादन घट रहा है। सामान्य परिस्थिति में दिल्ली में 1005 एमजीडी (दस लाख गैलन प्रति दिन) पानी का उत्पादन होता है लेकिन पिछले एक हफ्ते से यह लगातार घट रहा है। उत्पादन कम होने से, दिल्ली के कई हिस्सों में पानी की कमी है। सभी से अनुरोध है कि पानी का प्रयोग बहुत किफायती तरीके से करें। जलमंत्री ने आंकड़े साझा करते हुए कहा कि छह जून को पानी का उत्पादन 1002 एमजीडी था, जो अगले दिन यानी सात जून को 993 एमजीडी और आठ जून को 990, नौ जून को 978 एमजीडी, 10 जून को 958 एमजीडी, 11 जून को 919, 12 जून को 951 और 13 जून को 939 एमजीडी रह गया। दिल्ली जल संकट से जूझ रही है। दिल्ली के कई इलाकों में पानी का संकट है।

## मुनक नहर से पानी चोरी करने के आरोप में दो टैंकर जब्त

**नई दिल्ली।** मुनक नहर से कथित तौर पर पानी चोरी करने के आरोप में दिल्ली पुलिस ने दो टैंकर जब्त किए गए हैं। दिल्ली में जल संकट बढ़ने के बाद टैंकर माफिया की गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए मुनक नहर क्षेत्र में पुलिस ने गश्त शुरू की थी, जिसके एक दिन बाद यह कार्रवाई हुई है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, नहर से पानी चोरी करने के आरोप में दो टैंकर जब्त किए हैं। एक टैंकर को खेत के पास कच्ची सदर से और दूसरे को डीएसआईआईडीसी डी-ब्लॉक से जब्त किया गया। बवाना और नरेला औद्योगिक क्षेत्र (एनआईए) थाने में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत दो मुकदमे दर्ज किए हैं।

अधिकारी ने बताया कि 56 पुलिसकर्मी चरणों में नहर की सुरक्षा कर रहे हैं। पुलिस टीमों ने चौकियां बनाई हैं और हरियाणा की सीमा पर नहर के 15 किलोमीटर के हिस्से पर गश्त कर रही हैं। मुनक नहर बवाना से दिल्ली में प्रवेश करती है और हैदरपुर जल उपचार संयंत्र तक पहुंचती है। बवाना, नरेला औद्योगिक क्षेत्र, शाहबाद डेयरी और समयपुर बादली थानों की टीमों को नहर और आस-पास के इलाकों में गश्त करने का काम सौंपा गया है।

# एमसीडी मनोरंजक गतिविधियों के लिए जारी करेगा अलग से लाइसेंस

- पंजीकरण शुल्क 15,000 रुपए व वार्षिक शुल्क 10 हजार रुपए किया निर्धारित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

एमसीडी व्यापारिक प्रतिष्ठानों को व्यापार के लिए उत्कृष्ट माहौल प्रदान करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में कार्य करते हुए दिल्ली नगर निगम ने हेल्थ ट्रेड लाइसेंस के अंतर्गत अन्य व्यापारिक गतिविधियों के अंतर्गत स्थाई प्रतिष्ठानों जैसे बैंक्वेट हॉल, खाना खाने के प्रतिष्ठान, लॉजिंग, बोर्डिंग स्थलों एवं अस्थाई जगहों जैसे टैंट ,कैनोपी, खुले स्थानों पर मनोरंजक गतिविधियां आयोजित करने संबंधी लाइसेंस देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इस लाइसेंस के अंतर्गत मनोरंजक गतिविधियां जैसे संगीत, गायन, नृत्य, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल, लेजर शो, होलोग्राफिक प्रोजेक्शन, वर्चुअल प्रदर्शन आयोजित किए जा सकेंगे। मनोरंजक गतिविधियों के संचालन के इच्छुक प्रतिष्ठान मनोरंजक गतिविधियों के संचालन स्थल को चिन्हित कर इसका साइट प्लान निगम के पास जमा कराएंगे। लाइसेंस लेने के इच्छुक प्रतिष्ठान निगम को एक शपथ पत्र देंगे कि निगम द्वारा अनुमोदित क्षमता से अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था नहीं करेंगे। एमसीडी आवेदन के आधार पर तीन वर्ष या उससे कम अवधि के लिए लाइसेंस जारी करेगा।

अस्थाई स्थलों पर लाइसेंस लेने के इच्छुक प्रतिष्ठानों को अस्थाई अथवा खुली जगह का साइट प्लान जिसमें कि मनोरंजक गतिविधियों के लिए स्थल चिन्हित किया गया हो निगम के पास जमा कराना होगा। इसके अतिरिक्त प्रतिष्ठानों को लोगों की संख्या के अनुपात में पीने के पानी, शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी, इसके साथ ही आयोजनकर्ताओं को मान्यता प्राप्त एजेंसी के द्वारा कीटनाशक रोकथाम उपाय के संदर्भ में प्रमाणपत्र जमा कराना होगा, प्रतिष्ठानों को ठोस एवं तरल कचरे के उचित निष्पादन के लिए कूड़ेदानों एवं अन्य उपकरणों की व्यवस्था करनी होगी। अस्थाई प्रतिष्ठान एक वर्ष या उससे कम अवधि के लिए लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं। सभागार जिनके पास डीएमसी एक्ट 1957 की धारा 422 के अंतर्गत हेल्थ ट्रेड लाइसेंस है उन्हें मनोरंजक गतिविधियों के लिए अलग से लाइसेंस लेने की आवश्यकता नहीं होगी। दिल्ली नगर निगम द्वारा प्रतिष्ठानों को मनोरंजक गतिविधियों के लिए लाइसेंस देने की पहल के चलते प्रतिष्ठान अधिक से अधिक ग्राहक आकर्षित करने में सफल होंगे, जिसके चलते उनकी आय एवं व्यापार में वृद्धि होगी। दिल्ली नगर निगम को अपने राजस्व का संवर्धन करने में मदद मिलेगी।

# चांदनी चौक में 50 दुकानें जलकर खाक

- पुराना कटरा मारवाड़ी बाजार में देर रात तक दहकती रही आग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



आग बुझाने के बाद जले हुए सामान को देखता दमकलकर्मी।

चांदनी चौक इलाके में बृहस्पतिवार शाम लगी आग में 50 से अधिक दुकानें जलकर खाक हो गईं और दमकल कर्मी रातभर आग पर काबू पाने की कोशिश करते रहे। चांदनी चौक के पुराने कटरा मारवाड़ी मार्केट में बृहस्पतिवार शाम करीब पांच बजे आग लग गई। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि आग पर शुक्रवार सुबह साढे चार बजे काबू पा लिया गया।

दमकल विभाग के अनुसार, पचास से अधिक दमकल की गाड़ियों और 200 कर्मचारियों ने रात भर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग में 50 से ज़्यादा छोटी-बड़ी दुकानें जलकर खाक हो गईं। आग लगने से दो इमारतें ढह गईं, जिनमें कई दुकानें थीं। गर्ग ने बताया कि मलबे के नीचे ज्वलनशील वस्तुओं में आग सुलग रही थी।

अधिकारियों ने बताया कि ये दुकानें साड़ियों, दुपट्टे तथा ऐसे ही अन्य तेजी से आग पकड़ने वाले सामान की थीं। पुलिस उपायुक्त एम के मीणा ने कहा कि प्रशीतन अभियान पूरा होने के बाद फॉरेंसिक और बिजली विभाग निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि आग एक इमारत की दूसरी मंजिल पर स्थित एक दुकान में एयर कंडीशनर में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी और इसने अन्य दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। पुराने कटरा मारवाड़ी बाजार की गलियां संकरी हैं और दुकानें आपस में सटी हुईं है, इससे अग्निशमन कर्मियों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।

नई सड़क व्यापारी कल्याण संघ के अध्यक्ष दीपल महेंद्रू ने कहा कि क्षतिग्रस्त दुकानों की संख्या 100 तक हो सकती है। उन्होंने कहा कि गर्मी के कारण दुकानदार दुकानों के भीतर जाने में डर रहे हैं।उन्होंने कहा, प्रशीतन अभियान पूरा होने पर नुकसान का आकलन हो सकेगा। यह नुकसान करोड़ों में हो सकता है।

# स्वाति मालीवाल मामलाः बिभव जमानत के लिए पहुंचे हाई कोर्ट

- उच्च न्यायालय ने दिल्ली पुलिस से मांगा जवाब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) से राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर कथित हमले से जुड़े मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की जमानत याचिका पर शुक्रवार को दिल्ली पुलिस से जबाव मांगा। न्यायमूर्ति अमित शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने जमानत याचिका पर नोटिस जारी किया और दिल्ली पुलिस से स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। कुमार अभी न्यायिक हिरासत में हैं और आरोप है कि उन्होंने 13 मई को मुख्यमंत्री केजरीवाल के सरकारी आवास पर मालीवाल पर हमला किया था। मामले में कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था।

बिभव कुमार के वकील ने दलील दी कि उन्हें हिरासत में रखे रहने का कोई कारण नहीं है और अदालत से जून में ही मामले पर अगली सुनवाई करने का अनुरोध किया, क्योंकि यह उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़ा हुआ है। उन्होंने दलील दी, वह एक ऐसे अपराध को लेकर एक महीने से हिरासत में हैं जिसमें पीड़िता को कोई चोट नहीं लगी है। वहीं, दिल्ली पुलिस की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि मामले में जांच अब भी जारी है। अदालत को बताया गया कि डीवीआर और मोबाइल के संबंध में फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला जांच लंबित है।

अदालत ने मामले की अगली सुनवाई जुलाई के पहले सप्ताह में निर्धारित की और पुलिस से जांच की स्थिति बताने को कहा। इससे पहले, तीस हजारी अदालत ने कुमार को सात जून को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा था कि उन पर लगाए गए आरोप गंभीर हैं।

# केजरीवाल की जमानत पर सुनवाई 19 को

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई 19 जून को होगी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मुकेश कुमार ने मामले में जवाब दाखिल करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय द्वारा और समय दिए जाने के अनुरोध के बाद सुनवाई को स्थगित कर दिया।

इस बीच न्यायाधीश ने केजरीवाल की ओर से दाखिल एक अर्जी पर सुनवाई शनिवार के लिए निर्धारित कर दी। अर्जी में केजरीवाल की स्वास्थ्य स्थिति और उपचार का निर्धारण करने के लिए गठित मेडिकल बोर्ड की कार्यवाही में उनकी पत्नी को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल होने की अनुमति देने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। न्यायाधीश ने संबंधित जेल अधिकारियों को मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने कहा, आरोपी की ओर से उनकी पत्नी को चिकित्सा बोर्ड में शामिल करने का निर्देश देने के लिए अर्जी दाखिल की गई है।

किसी भी तरह का आदेश पारित करने से पहले मैं संबंधित जेल अधीक्षक से जवाब मांगना उचित समझते है। अर्जी पर शनिवार सुनवाई होगी। ईडी ने कार्यवाही के दौरान अदालत से सुनवाई 25 जून तक स्थगित करने का अनुरोध किया। न्यायाधीश ने हालांकि कहा कि वह आरोपी की सुविधा के अनुसार अगली सुनवाई की तारीख तय करेंगे न कि जांच एजेंसी की सुविधा के हिसाब से। आरोपी न्यायिक हिरासत में है न कि ईडी की हिरासत में।

# दिल्ली के कई अस्पतालों में रक्तदान शिविर आज

- सर्जन एसोसिएशन की तरफ से 15 जून को हो रहा आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



जीवनदान की भावना के साथ राष्ट्रीय राजधानी के कई अस्पतालों में आज (शनिवार, 15 जून) को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

यह जानकारी वरिष्ठ सर्जन व एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया दिल्ली स्टेट चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. पीएस सारंगी ने दी। डॉ. सारंगी ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान जीवन बचाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण उपहारों में से एक है। उन्होंने बताया कि अगर समय पर मरीज को रक्त मिल जाए तो बड़ी संख्या में लोगों की जान बचाई जा सकती है। इसी भावना को बढ़ाने के लिए शनिवार 15 जून को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक राजधानी के कई अस्पतालों में रक्तदान शिविर का आयोजन होगा।

डॉ. सारंगी ने कहा कि सर्जरी के दौरान हमेशा रक्त की आवश्यकता होती है और दुर्घटना और बड़ी सर्जरी में इसका महत्व और बढ़ जाता है। रक्तदान जीवनदान का दूसरा रूप है। इस मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया, दिल्ली स्टेट चैप्टर की तरफ से राजधानी के कई अस्पतालों में 15 जून को व्यापक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जो राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा है। उन्होंने बताया 1. लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, 2. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, 3. सहगल नियो अस्पताल, 4. जीवन अस्पताल, दक्षिण दिल्ली, 5. वीएमएमसी और सफदरजंग अस्पताल, 6. उत्तरी रेलवे केंद्रीय अस्पताल, 7. एमएएमसी और एलएनजेपी अस्पताल, 8. डीडीयू अस्पताल, 9. हिंदू राव अस्पताल, 10. ईएसआई अस्पताल, बसईधरपुर में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा।

# जयंतीः चौधरी ब्रह्म प्रकाश को याद कर लोगों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने विधानसभा में आयोजित एक समारोह में वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी और दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी ब्रह्म प्रकाश की 106वीं जयती पर उन्हें याद की श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर स्वर्गीय चौधरी ब्रह्म प्रकाश के बड़े बेटे सुरेश चौधरी,



स्वतंत्रता सेनानियों और दिवंगत नेता के अनुयायियों ने भी चौ. ब्रह्म प्रकाश को श्रद्धांजलि अर्पित की। दिल्ली के समग्र विकास के लिए चौ. ब्रह्म प्रकाश की भूमिका को याद करते हुए, गोयल ने कहा कि चौ. ब्रह्म प्रकाश ने दिल्ली के उत्थान और विकास के लिए प्रयास और संघर्ष किया। वर्ष 1945 में उन्होंने गांव और कृषि सहकारी समितियों का गठन शुरू कर दिया था। वे पंचायती राज संस्थाओं के भी समर्थक थे।

# एनडीएमसी का योग बिल्ड अप कार्यक्रम 18 से

- नई दिल्ली नगरपालिका परिषद नेहरू पार्क, तालकटोरा गार्डन और लोधी गार्डन में होगा आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




नई दिल्ली नगरपालिका परिषद आठ स्थानों पर 21 जून, को महिला सशक्तिकरण के लिए योग विषय पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के उद्देश्य से 8 से 20 जून तक तीन प्रमुख स्थानों पर प्रतिदिन सुबह साढ़े 6 बजे से साढ़े 8 बजे तक योग दिवस के बिल्ड अप कार्यक्रम के एक भाग के रूप में तीन योग शिविरों का आयोजन करेगा।

पालिका परिषद, आयुष मंत्रालय और आर्ट ऑफ लिविंग, पतंजलि योग समिति और गायत्री परिवार जैसे सहयोगी योग संस्थानों के साथ नेहरू पार्क, लोधी गार्डन और तालकटोरा गार्डन जैसे अपने तीन प्रमुख उद्यानों में आम जनता के बीच योग दिवस के लिए जागरूकता पैदा करने के लिए इन बिल्ड-अप कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। इन योग बिल्ड अप कैंपों में, एनडीएमसी सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार प्रतिदिन प्रात योग सत्र आयोजित करेगी। एनडीएमसी ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को तीन स्थानों के लिए नोडल अधिकारी और सहायक नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया है, जो सभी व्यवस्थाओं की देख रेख करेंगे। ये नोडल अधिकारी, योग प्रशिक्षकों की व्यवस्था और आम जनता को भाग लेने के लिए प्रेरित करने के लिए योग संस्थानों के साथ समन्वय भी करेंगे। ठ्पालिका परिषद अपने अधिकार क्षेत्र में 8 स्थानों पर इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को आयोजित करेगी। इन स्थानों में नेहरू पार्क, लोधी गार्डन, तालकटोरा गार्डन, कर्तव्य पथ, न्यू मोती बाग - आईएएस निवास क्षेत्र, संजय झील, सिंगापुर पार्क और सेंट्रल पार्क - कनॉट प्लेस पर आर्ट ऑफ लिविंग, पतंजलि योग समिति, गायत्री परिवार, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, ईशा योग केंद्र, योग संस्थान, अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ और भारतीय योग संस्थान के साथ सहयोगी के रूप में शामिल होगी।

एनडीएमसी ने सभी नागरिकों, सामुदायिक समूहों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों, मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशनों, मॉर्निंग वॉकर्स, जॉगर्स से 21 जून को नई दिल्ली क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए योग बिल्ड-अप कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील भी की है।

# रेहड़ी-पटरी वालों की आय में आई भारी कमी

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी में दिल्ली के रेहड़ी-पटरी वालों की आय में भारी कमी दर्ज की गई है। राष्ट्रीय राजधानी के 80 प्रतिशत से अधिक रेहड़ी-पटरी वालों का कहना है कि इस साल अप्रैल और मई में भीषण गर्मी के दिनों में उनके ग्राहकों की संख्या में गिरावट आई है। ग्रीनपीस इंडिया और नेशनल हॉकर फेडरेशन की नई रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है।

रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रीय-राजधानी के करीब 50 प्रतिशत रेहड़ी-पटरी वालों ने बताया कि अप्रैल और मई के महीने में भीषण गर्मी के दिनों में उनकी आय में भारी कमी आई। इस रिपोर्ट में 721 रेहड़ी-पटरी वाले शामिल हुए। यह अध्ययन अप्रैल और मई में दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर किया गया, जिसमें मीना बाजार, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन क्षेत्र, लाल किला क्षेत्र, नेहरू प्लेस, गुरु तेग बहादुर नगर, करोल बाग, इंडिया गेट, जनपथ, चांदनी चौक, सदर बाजार रोड, साकेत, सरोजिनी मार्केट आदि शामिल थे। राष्ट्रीय हॉकर फेडरेशन दिल्ली के संयोजक संदीप वर्मा ने कहा, इस अध्ययन में शामिल हुए 700 से अधिक रेहड़ी-पटरी वालों से प्राप्त सूचनाओं और आंकड़ों के आधार पर यह जानकारी सामने आई है।

**PUBLIC NOTICE**

**CMYK PRINTECH LTD.**

the pioneer

**APPLICATIONS INVITED FOR FRANCHISEE**

CMYK Printech Ltd, Printer & Publisher of Leading National English daily The Pioneer, invites applications for Franchisee at Bhopal.

**Please Send Proposal/Contact at**
CMYK Printech Ltd
2nd Floor, 5 Pratap Bhawan
B.S.Z. Marg, New Delhi-110002
Tel No. - 011-69342500, Mobile No. : 9871379898
Email-corporatecommunications@dailypioneer.com

# दो शिफ्ट में होगी यूपीएससी की परीक्षा

## 16 जून को आयोजित होने वाली परीक्षा में 20061 अभ्यर्थी बैठेंगे, 57 स्थानों पर बनाए गए 58 केंद्र

● परीक्षा शांतिपूर्ण कराने को लेकर एसडीएम सोनू भट्ट ने की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



यूपीएससी की परीक्षा को लेकर बैठक लेते सोहना के एसडीएम सोनू भट्ट।

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की 16 जून को होने वाली सिविल सर्विसिज परीक्षा (प्रारंभिक) में 20061 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इस परीक्षा के लिए 57 स्थानों पर 58 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा को शांतिपूर्वक कराने के लिए एसडीएम (सोहना) सोनू भट्ट ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में सभी ड्यूटी मजिस्ट्रेट, परीक्षा केंद्रों के स्कूल प्रबंधक, केंद्र के अधीक्षक और सुपरवाइजर मौजूद रहे। इस दौरान बैठक में संघ लोक सेवा आयोग से आए ऑबजर्वर अशोक कुमार रामचंदानी व सुधीर कुमार भी उपस्थित रहे। एसडीएम सोनू भट्ट ने सभी परीक्षा केंद्रों की गहनता से जांच जांच करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि यह काफी संवेदनशील कार्य है जिसे सभी अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ करना है। अधिकारी सुनिश्चित करें कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश ना हो। परीक्षा के लिए संघ लोक सेवा आयोग ने जो नियम निर्धारित किए हैं, उनका दृढ़ता से पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी को कोई शंका हो तो उसे समय रहते दूर कर ले।

उन्होंने बताया कि 16 जून को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा 2 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिला में 58 केंद्र बनाए गए हैं। पहला चरण प्रातः 09.30 बजे से 11.30 बजे तक तथा दूसरा चरण दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे तक होगा। ऐसे में समय रहते सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। उन्होंने बैठक में बताया कि परीक्षा के संदर्भ में जिलाधीश ने 16 जून को सभी परीक्षा केंद्रों की दो सौ मीटर की परिधि में धारा 144 लागू की है। ऐसे में पुलिस विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी केंद्रों पर जिलाधीश के आदेशों की सख्ती से पालना हो।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदु बोकन ने बताया कि 16 जून को होने वाली लिखित परीक्षा के लिए 40 ड्यूटी मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं 10 ड्यूटी मजिस्ट्रेट को रिजर्व रखा गया है।

# खिलाड़ियों को ग्राम स्तर तक खेल सुविधाएं उपलब्ध करा रही राज्य सरकार: संजय सिंह

● खेल मंत्री ने किया ताऊ देवीलाल स्टेडियम का निरीक्षण, बोले- हरियाणा का गौरव बढ़ा रहे खिलाड़ी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में निरीक्षण करते खेल मंत्री संजय सिंह।

खेल तथा वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय सिंह ने कहा कि गुरुग्राम में खिलाड़ियों को अत्याधुनिक खेल सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। हरियाणा सरकार ने खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं। यह बात उन्होंने स्थानीय ताऊ देवीलाल स्टेडियम का निरीक्षण करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश के खिलाड़ियों ने अंतराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का गौरव बढ़ाया है। सरकार का भी प्रयास है कि ग्रामस्तर तक खिलाड़ियों को खेल सुविधाएं मिलनी चाहिए। इसके लिए व्यायामशाला, ग्रामीण क्षेत्रों में स्टेडियम का निर्माण करने के साथ-साथ खेल नर्सरियों की स्थापना करना, गांवों में खेल प्रशिक्षक नियुक्त करना, खिलाड़ियों को खेल किट बांटना आदि कार्य किए जा रहे हैं। खेल मंत्री ने निरीक्षण के दौरान स्टेडियम में मौजूद खिलाड़ियों से बातचीत की और उनकी आवश्यकताओं के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि ताऊ देवीलाल स्टेडियम गुरुग्राम का सबसे बड़ा खेल परिसर है। जल्दी ही यहां खिलाड़ियों को अत्याधुनिक सुविधाएं देखने को मिलेंगी। इस अवसर पर कबड्डी का एक फ्रेंडली मैच करवाया गया। मंत्री संजय सिंह ने सभी कबड्डी खिलाड़ियों को अपनी ओर से ट्रैक सूट व जूते देने की घोषणा की। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी रामनिवास सहित अनेक खेल कोच व खिलाड़ी उपस्थित थे।

# 'जीवन बचा सकता है आपका दिया हुआ रक्त'

● भाजपा जिला अध्यक्ष ने स्वयं रक्तदान कर युवाओं को किया प्रेरित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव।

भारतीय जनता पार्टी एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ भाजपा गुरुग्राम तथा रोटरी क्लब ऑफ गुरुग्राम साउथ सिटी के सहयोग से शुक्रवार को विश्व रक्तदाता दिवस पर पार्टी कार्यालय गुरुकमल में रक्तदान शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष कमल यादव ने रीबन काट कर शिविर का उद्घाटन किया। जिला अध्यक्ष ने स्वयं भी रक्तदान किया और लोगों से रक्तदान करने का आह्वान किया।

कमल यादव ने कहा कि आपका रक्तदान किसी को जीवनदान दे सकता है, इसलिए इस महान कार्य के लिए सभी कार्यकर्ता संकल्प लें और दूसरों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करें। जिला अध्यक्ष ने शिविर में आए रक्तदाताओं का रक्तदान करने के लिए आभार भी जताया। भाजपा जिला मीडिया प्रमुख एवं रोटरी क्लब के असिस्टेंट गवर्नर डा. गजेंद्र गुप्ता ने बताया कि रक्तदान शिविर में भाजपा के पदाधिकारियों और काफी युवाओं ने 120 यूनिट रक्तदान किया है। कमल गुप्ता ने बताया कि जिला अध्यक्ष कमल यादव ने रक्तदान के उपरांत युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान जैसे परोपकार से अनगिनत लोगों की जान बचाई जा सकती है।

# रक्तदान से जीवन बचाना हो हमारा मकसद: विकास कुमार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदाताओं को सम्मानित करती रेड क्रॉस की टीम।

वर्ल्ड ब्लड डोनर-डे के अवसर पर शुक्रवार को शहर में कई स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के साथ मिलकर ये शिविर लगाए गए। पहला शिविर डीएलएफ क्लब-5 सेक्टर-53 में लगाया गया, वहीं दूसरा शिविर लायंस क्लब दिल्ली दर्पण के साथ मिलकर सेक्टर-32 स्थित वीई कमर्शियल लिमिटेड में लगा गया। महिलाओं ने रक्तदान करके शिविर की शुरुआत की। वीई कमर्शियल लिमिटेड की ओर से रक्तदाताओं को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधे भेंट किए गए।

विश्व रक्तदाता दिवस पर जिलाभर में आयोजित रक्तदान शिविरों के आयोजकों को जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि रक्तदान के लिए निजी कंपनियां, सामाजिक संस्थाएं, कालेज, यूनिवर्सिटी सभी का वे आभार जताते हैं, जो समय-समय पर रक्तदान की पूर्ति के लिए शिविर आयोजित करते हैं।

# एयर फोर्स स्टेशन के पास वाले घरों की मरम्मत के लिए करें आवेदन: डीसी

**फरीदाबाद।** एयरफोर्स स्टेशन डबुआ की सौ मीटर की परिधि में आने वाले जर्जर हो चुके मकानों की मरम्मत के लिए नगर निगम के संयुक्त आयुक्त के पास आवेदन करना होगा। आवेदन प्राप्ति के उपरांत नगर निगम प्रावधान के तहत सर्वे करवायेगा, जिसके उपरांत एयरफोर्स से एनओसी लेनी होगी। एयरफोर्स स्टेशन की 100 मीटर की परिधि में निर्माण को लेकर समीक्षा करने के उद्देश्य से शुक्रवार को लघु सचिवालय में विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त विक्रम सिंह कर रहे थे। बैठक में विधायक नीरज शर्मा की विशेष उपस्थिति रही। गंभीरता से मंथन के उपरांत निर्णय लिया गया कि जो मकान अत्यधिक क्षतिग्रस्त हैं उनकी मरम्मत करवाने के लिए अनुमति दी जाएगी। इसके लिए उन लोगों को निगम के संयुक्त आयुक्त के पास आवेदन करना होगा जिनके मकान जर्जर हो चुके हैं। उपायुक्त ने कहा कि आवेदन करने वाले लोगों के घरों का सर्वे करवाया जाएगा।

# अफगानिस्तान के आठ लोगों को मिली भारत की नागरिकता

● संविधान अनुपालना की शपथ दिलाते हुए डीसी ने दी शुभकामनाएं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



भारत की नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले अफगानिस्तान के आठ नागरिकों को उपायुक्त विक्रम सिंह ने भारतीय नागरिकता प्रदान की। उन्होंने सभी नागरिकों को भारतीय संविधान की अनुपालना की शपथ दिलाते हुए भारत की नागरिकता मिलने की बधाई देते हुए सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

उपायुक्त विक्रम सिंह ने अपने कार्यालय में अफगान के आठ महिला-पुरूष नागरिकों को शपथ दिलाई। इनमें बजन सिंह, नरिंदेस, अनू, शांति, निर्मल देवी, गोबन सिंह, शेमरन और मुस्कान शामिल रही। सभी ने हिंदी में भारतीय संविधान की अनुपालना की शपथ ली। उपायुक्त ने नागरिकता मिलने पर सबको बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत का नागरिक होना अत्यधिक गर्व और सम्मान की बात है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र है।

उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि भारत में सबको समान रूप से अधिकार प्राप्त हैं। सबको देश की मजबूती व अखंडता के लिए एकजुटता के साथ सक्रिय योगदान देना चाहिए। यहां के मूल नागरिकों के साथ अन्य देशों से आने वाले लोगों को भी भारतीय नागरिकता लेने के साथ परंपराओं व संस्कृति को अपनाते हुए आगे बढ़ना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने संबंधित नागरिकों के साथ अन्य मामलों पर भी चर्चा करते हुए शुभकामनाएं दी।

## संक्षिप्त समाचार

### एमडीयू रीजनल सेंटर में प्रवेश की प्रक्रिया आरंभ

**गुरुग्राम।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेक्टर 40 स्थित एमडीयू-सीपीएएस में सत्र 2024-2025 के लिए स्नातकोत्तर एवं एलएलबी आनर्स तीन वर्षीय पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। एमडीयू रीजनल सेंटर संस्थान के प्राचार्य कैलाश कुमार ने बताया कि एमबीए के दो वर्षीय कोर्स में 180 सीटें, एमबीए एग्जीक्यूटिव इवनिंग कोर्स में 30 सीटें, एलएलएम मॉर्निंग में 45 सीटें, एलएलएम इवनिंग में 45 सीटें और एलएलबी 3 वर्षीय ऑनर्स कोर्स की 120 सीटें उपलब्ध हैं। इन कोर्स में दाखिले के लिए 25 जून तक यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। सभी पाठ्यकमों में दाखिला प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर दिया जाएगा। एमबीए पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा 14 जुलाई को, जबकि एलएलबी और एलएलएम के लिए प्रवेश परीक्षा 16 जुलाई को आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि मेरिट सूची 26 जुलाई को प्रकाशित की जाएगी। पहली काउंसलिंग 29 जुलाई को होगी और 2 व 7 अगस्त को दूसरी तथा तीसरी काउंसलिंग होगी।

### पालम विहार सड़क 15 जून की रात को रहेगी बंद

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम द्वारा एनजीटी आदेशों के तहत पालम विहार रोड पर गहरे सीवर का निर्माण कार्य किया जाएगा। इसके तहत शनिवार 15 जून शाम 7 बजे से 23 जून सुबह 7 बजे तक सेक्टर-5 चौक से कृष्णा चौक वाहनों के लिए बंद किया जाएगा। नगर निगम गुरुग्राम के कनिष्ठ अभियंता निशुपाल गुलिया ने बताया कि पालम विहार रोड़ पर सीवर कार्य करने के चलते सड़क को एक सप्ताह के लिए बंद किया जाएगा। इस दौरान सेक्टर-5 से कृष्णा चौक तक पालम विहार रोड की दोनों साईड पर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम से नजफगढ़ की ओर जाने वाले वाहन सेक्टर-5 चौक से दौलताबाद फ्लाईओवर की ओर जाने वाले वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल करें। इसी प्रकार, नजफगढ़ से गुरुग्राम आने वाले वाहन कृष्णा चौक से रेजांगला चौक की ओर जाने वाले वैकल्पिक रास्ते को अपनाएं।

### महेश नवमी के उपलक्ष्य में खेल प्रतियोगिता आयोजित


विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि।

**गुरुग्राम।** माहेश्वरी समाज, गुरुग्राम द्वारा महेश नवमी के उपलक्ष्य पर खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक प्रतिभागियों ने बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम और शतरंज में भाग लिया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि मनित जाजू (समाजसेवी व व्यवसायी), माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष शरद शारदा, सचिव महेश जाखेठिया, युवा संगठन के अध्यक्ष मनीष मोहता, सचिव दिनेश बाहेती, उपाध्यक्ष शरद बिहानी और सांस्कृतिक मंत्री सुमंत बंग रहे। माहेश्वरी युवा संगठन के खेल मंत्री शिव रतन माहेश्वरी ने बताया कि महेश नवमी (15 जून) के उपलक्ष्य पर खेल महोत्सव में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम, और शतरंज प्रतियोगिताएं हुई। इसमें 100 से अधिक प्रतिभागी रहे।

### हेरोइन सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत कार्यवाही करते हुए पुलिस ने अवैध हेरोइन सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 12 जून से 26 जून के बीच चलाए अभियान के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। अपराध शाखा फर्रूखनगर उप-निरीक्षक अमित कुमार की पुलिस टीम ने सियात हॉउस कम्पनी सेक्टर-76 गुरुग्राम से एक स्कॉर्पियों गाड़ी में सवार 2 युवकों को अवैध हेरोईन सहित काबू किया। आरोपियों की पहचान विकास कुमार उर्फ विक्की व राहुल दोनों निवासी गांव टोडापुर जिला गुरुग्राम के रूप में हुई। पुलिस टीम द्वारा काबू किए गए उपरोक्त युवकों के कब्जा से 17.50 ग्राम हेरोइन बरामद किए जाने पर इनके खिलाफ पुलिस थाना खेड़की दौला गुरुग्राम में एनडीपीएस अधिनियम की सम्बन्धित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

# हल्की बूंदा-बांदी ने भीषण गर्मी से दिलाई राहत, मौसम हुआ खुशगवार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

शुक्रवार दोपहर बाद अचानक मौसम में बदलाव आया। दिन भर तपती दुपहरी और लू के थपेड़ों से लोग बेहाल रहे, हालांकि दोपहर बाद अचानक मौसम में बदलाव आया, आसमान में बादल छा गए। धूलभरी आंधी से लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। हालांकि कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी की फुहार हुई, इससे तापमान में गिरावट होने से गर्म हवाओं के थपेड़े से राहत मिली, देर शाम तक मौसम खुशनुमा बन गया।

जून के महीने में गर्मी का सितम बढ़ता जा रहा है। मई महीने के शुरुआत में ही मौसम ने हरियाणा के लोगों के जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। दिन के समय चलने वाली लू और गर्मी से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। वहीं गर्मी के सितम का आलम ये है कि प्रदेश के कई शहरों का तापमान 45 डिग्री पार तक पहुंच चुका है। दिन के समय चल रही गर्म हवाओं का सिलसिला हीट वेव में बदला है, लेकिन प्रदेश के कुछ स्थानों पर आज से मौसम में बदलाव दिखाई देखा जा रहा है।

बता दें कि कमजोर पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता के कारण कई इलाकों के मौसम में बदलाव आ सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक तापमान में होने वाली बढ़ोतरी के कारण कई स्थानों पर हल्के बादल भी देखने को मिलेगा। कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी और हल्की बारिश होने के आसार बने हुए है।


गुरुग्राम में गंदगी के मुद्दे पर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपते वरिष्ठ कांग्रेस नेता राज बब्बर व अन्य।

# मेट्रो निर्माण से पहले लिए जा रहे मिट्टी के नमूने

● जांच के लिए नोएडा लैब भेजे जाएंगे नमूने

● हर 30 मीटर की दूरी पर चेक की जा रही मिट्टी

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम


सेक्टर-9 रोड पर मेट्रो रूट से मिट्टी के सैंपल लेते कंपनी के कर्मचारी।


पुराने गुरुग्राम में मेट्रो का प्रस्तावित रूट।

पुराने गुरुग्राम में बहुप्रतिक्षित मेट्रो के निर्माण के लिए जमीनी काम युद्ध स्तर पर जारी है। मिलेनियम सिटी सेंटर और साइबर सिटी के बीच बनने वाली मेट्रो लाइन के लिए पूरे रूट से मिट्टी के सेंपल का काम अंतिम चरण में है। इसके बाद इन सेंपल को जांच के लिए नोएडा स्थित सेंगर्स जियोटेक्निका प्राइवेट लिमिटेड में भेजा जाएगा। कंपनी की टीम सेंपल एकत्रित कर रही है। सेंपल की रिपोर्ट आने के बाद मेट्रो रूट निर्माण का काम शुरू हो जाएगा।

नए से पुराने गुरुग्राम होते हुए वापस नए गुरुग्राम में मेट्रो की कनेक्टिविटी होगी। केंद्र ने वर्ष 2023 में इस परियोजना को मंजूरी दी थी। गुरुग्राम में मेट्रो के लिए शुक्रवार 16 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आधारशिला रखी थी। केंद्र सरकार के सहयोग से हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचएमआरटीसी) की ओर से पुराने गुरुग्राम में मेट्रो रेल का निर्माण किया जाना है। इसके लिए मिट्टी के सेंपल लिए जा रहे हैं। पूरे रूट से सेंपल लेने का काम भी अंतिम चरण में है। सिर्फ हीरो होंडा चौक के पास सेंपल लिए जाने बाकी हैं। यहां सेक्टर-9 में सेंपल ले रही सेंजर्स जियोटेक्निका प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की टीम के सदस्य सुधीर दास ने बताया कि जमीन में 100 फुट तक गहराई में मिट्टी के सेंपल निकाले जा रहे हैं। इसमें हर डेढ़ मीटर गहराई पर मिट्टी के सेंपल लिये जा रहे हैं। दूरी के हिसाब से हर 30 मीटर पर सेंपल लिए गए हैं। सभी जगहों पर सेंपल को एकत्रित करके अब नोएडा स्थित लैब में जांच के लिए भेजा जाएगा।

### परियोजना की कुल लागत 5452.72 करोड़

गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड (जीएमआरएल) के नाम से इस प्रोजेक्ट डीपीआर के अनुसार परियोजना के पूरा होने की कुल लागत 5452.72 करोड़ रुपये है। परियोजना को प्रदेश और भारत सरकार द्वारा तथा बहुपक्षीय वित्तपोषण एजेंसियों से ऋण के माध्यम से वित्तपोषित किया जाना प्रस्तावित है। मिलेनियम सिटी सेंटर और साइबर सिटी के बीच मेट्रो लाइन के लिए जीएमआरएल के लिए टेंडर भी जारी हो चुके हैं। बीती 8 मई 2024 को ई-टेंडर निकाले गए हैं, जिसके पंजीकरण इसी माह 24 जून को बंद हो जाएंगे। इसके बाद टेंडर प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा।

### इस मेट्रो रूट पर बनेंगे 27 स्टेशन

पुराने गुरुग्राम की इस मेट्रो लाइन में 27 स्टेशन शामिल होंगे, जिनमें हुडा सिटी सेंटर से चलकर पहला स्टेशन सेक्टर-45, साइबर पार्क, फिर सेक्टर-47, सुभाष चौक, सेक्टर-48, हीरो होंडा चौक, सेक्टर-72ए, हीरो होंडा चौक, उद्योग विहार फेज-6, सेक्टर-10, सेक्टर-37, बसई गांव, सेक्टर-9, सेक्टर-7, सेक्टर-4, सेक्टर-5, अशोक विहार, सेक्टर-3, बजघेड़ा रोड, पालम विहार एक्सटेंशन, पालम विहार, सेक्टर-23ए, सेक्टर-22, उद्योग विहार फेज-4, उद्योग विहार फेज-5 और साइबर सिटी शामिल हैं। बसई गांव के पास से द्वारका एक्सप्रेस-वे से जुड़ाव का भी एक स्टेशन बनेगा।

### वर्ष 2012 में गुरुग्राम पहुंची थी दिल्ली मेट्रो

लंबे समय से पुराने गुरुग्राम में मेट्रो के संचालन की मांग हो रही थी। मई 2012 में दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन की मेट्रो ने गुरुग्राम में दस्तक दी, लेकिन पुराने गुरुग्राम से दूर ही रही। नए गुरुग्राम में सेक्टर-29 तक हुडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन तक ही मेट्रो पहुंची। पुराने गुरुग्राम के लोगों को दिल्ली जाने के लिए हुडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन, इफको चौक मेट्रो स्टेशन या फिर एमजी रोड मेट्रो स्टेशन जाना पड़ता है।

फिर गुरुग्राम सिटी में ही 1088 करोड़ रुपये की लागत से रैपिड मेट्रो का निर्माण किया गया। दिसम्बर 2013 में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने इसका उद्घाटन किया था। यह मेट्रो भी नए गुरुग्राम तक ही सीमित रही। हालांकि रैपिड मेट्रो का निर्माण करने वाली कंपनी घाटे के चलते संचालन नहीं कर पाई और हरियाणा सरकार ने मेट्रो का अधिग्रहण कर लिया। अभी रैपिड मेट्रो को हरियाणा सरकार ही संचालित कर रही है।

### 28.5 किलोमीटर लंबा होगा यह रूट

मिलेनियम सिटी सेंटर और साइबर सिटी के बीच इस मेट्रो लाइन की कुल लंबाई 28.5 किलोमीटर होगी। यह मिलेनियम सिटी सेंटर को उद्योग विहार फेज-5 से जोड़ेगी। साइबर सिटी के पास मौलसरी एवेन्यू स्टेशन पर रैपिड मेट्रो रेल गुरुग्राम के मौजूदा मेट्रो नेटवर्क के साथ इसका जुड़ाव होगा। साथ ही बीच में द्वारका एक्सप्रेस-वे से भी यह मेट्रो जुड़ेगी।

# गुरुग्राम की पहचान बने गंदगी के ढेर: राज बब्बर

● निगमायुक्त को ज्ञापन देकर कांग्रेस ने की सफाई की मांग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गंदगी के मुद्दे पर शुक्रवार को गुरुग्राम से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी रहे पूर्व सांसद राज बब्बर के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने निगमायुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ को ज्ञापन सौंपा।

राज बब्बर ने कहा कि विश्व के मानचित्र पर भले ही गुरुग्राम ने अपना नाम बना लिया हो, लेकिन इस मिलेनियम सिटी की पहचान अब गंदगी के ढेर बन गए हैं। इसको साफ करने में निगम विफल हो रहा है। यही कारण है कि अब इस मिलेनियम सिटी की पहचान गंदगी के ढेर बन गए हैं। उन्होंने शहर और सीवरेज की सफाई कराने को लेकर ज्ञापन सौंपा।

नूंह विधायक आफताब अहमद ने कहा कि शहर में गदंगी भरी पड़ी है। लोगों को पीने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है। पूरे शहर के मकानों की प्रॉपर्टी आईडी में गड़बड़ी हुई है जिसके कारण न तो लोग मकान बेच पा रहे हैं और न ही इस खामी को दुरुस्त करा पा रहे हैं। विधायक मामन खान ने कहा कि शहर में फैली गंदगी और मानसून में डूबता गुड़गांव की पहचान पर धब्बा लगा रहे हैं।

# पार्टी के कुछ लोगों की वजह से हारे फरीदाबाद सीट: कांग्रेस नेता

● बेहतर प्रदर्शन पर दी वरिष्ठ नेताओं को बधाई

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

लोकसभा चुनावों में कांग्रेस द्वारा देशभर में किए गए बेहतर प्रदर्शन पर जिले के कांग्रेसी नेताओं ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी सहित केंद्रीय नेतृत्व का धन्यवाद जताया है।

शुक्रवार को मैगपाई होटल में कांग्रेसी नेताओं में मुख्य रुप से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुमित गौड़, पूर्व पार्षद प्रवेश मेहता, पूर्व पार्षद जगन डागर, युवा कांग्रेस लोकसभा अध्यक्ष रिंकू चंदीला, प्रदेश प्रवक्ता जितेंद्र चंदेलिया, बीरपाल गुर्जर, वेदप्रकाश यादव, पूर्व पार्षद दीपक चौधरी, पूर्व पार्षद अनिल शर्मा, पूर्व पार्षद रोहित सिंगला, वरिष्ठ नेता ललित बंसल, राजकुमार शर्मा, संजय सोलंकी, अशोक रावल आदि नेताओं ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता करके हरियाणा में पांच सीटें जीतने पर प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया, प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान सहित प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं को बधाई दी। उन्होंने फरीदाबाद से कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप की हार का ठीकरा कई विधानसभाओं के कुछ ठेकेदारों के सिर पर फोड़ते हुए कहा कि उनकी वजह से फरीदाबाद सीट पार्टी को गंवानी पड़ी, अगर यह ठेकेदार समर्पित भावना से काम करते तो कांग्रेस को बड़ी जीत हासिल होती।

# पंजाब में बढ़े बिजली के दाम

## घरेलू तथा औद्योगिक क्षेत्रों में दरें बढ़ाने को सरकार ने दी मंजूरी

- 16 जून से लागू हो जाएंगी नई दरें, जारी रहेगी मुफ्त योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



पंजाब में मुफ्त बिजली के नाम पर चुनाव लड़कर सत्ता में आई आम आदमी पार्टी की सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान बिजली की दरों को बढ़ा दिया गया है। पंजाब स्टेट इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के नए टैरिफ चार्ज निर्धारित कर दिए हैं। पीएसईआरसी द्वारा शुक्रवार को जारी की गई नई दरें 16 जून से लागू हो जाएंगी।

सरकार ने घरेलू तथा औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली की दरों को बढ़ाने की मंजूरी प्रदान की है।

नई दरों के अनुसार घरेलू बिजली के प्रति यूनिट 10 से 12 पैसे और इंडस्ट्रियल के 15 पैसे तक रेट बढ़ाए गए हैं। वहीं ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए बिजली की दर में 15 पैसे बढ़ोतरी की गई है। पंजाब में हर परिवार को एक महीने 300 यूनिट और दो महीने में 600 यूनिट बिजली फ्री मिलती है। अगर कोई परिवार 600 यूनिट से ज्यादा बिजली खर्च कर लेता है तो उससे पूरा बिल वसूला जाता है। अगर ऐसे हुआ तो उपभोक्ता को बढ़ी हुई दर का बिजली बिल देना होगा।

प्रदेश में दो किलोवाट कनेक्शन के पहले जहां सौ यूनिट तक 4.19 पैसे प्रति यूनिट दिए जाते थे अब यह 4.29 पैसे प्रति यूनिट होंगे। 101 से 300 यूनिट तक 6.64 पैसे से बढ़ाकर 6.76 पैसे कर दिए गए हैं। उद्योगों में 20 किलोवाट तक स्मॉल पावर में सभी तरह के यूनिट की दर 5.67 पैसे से बढ़ाकर 5.82 पैसे कर दी गई है। मीडियम सप्लाई में 20 किलोवाट से लेकर 100 किलोवाट तक 6.10 रुपये प्रति यूनिट से बढ़ाकर 6.25 पैसे प्रति यूनिट कर दिया गया है। सौ से एक हजार किलोवाट तक बिजली का प्रति यूनिट 6.45 से बढ़ाकर 6.60 कर दिया गया है।

# लोकसभा प्रत्याशियों के चयन पर कांग्रेस में मचा घमासान

- जीत के श्रेय की बजाए हार का ठीकरा फोड़ने में जुटे दिग्गज
- रणदीप व किरण ने साधी चुप्पी, कुमारी सैलजा हुईं मुखर

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

हरियाणा में लोकसभा चुनाव के माध्यम से मजबूत हुई कांग्रेस में चुनाव परिणाम के बाद टिकट आबंटन को लेकर घमासान छिड़ गया है। चुनाव के बाद से जहां एसआरके गुट में रणदीप सुरजेवाला तथा किरण चौधरी शांत हो गए हैं, वहीं कुमारी सैलजा आए दिन नए-नए बयान देकर हुड्डा खेमे को असहज कर रही हैं। सिरसा से सांसद बनने के बाद सैलजा ने जिला स्तर पर अपने समर्थकों को लामबंद करना शुरू कर दिया है। समर्थकों के साथ बैठकों के दौरान सैलजा द्वारा लगातार लोकसभा चुनाव में टिकट आबंटन को लेकर बयान दिए जा रहे हैं।

सैलजा ने अंबाला में वरूण मुलाना को उनकी सिफारिश पर टिकट दिए जाने का बयान देकर सभी को चौंका दिया। इसके बाद उन्होंने गुरुग्राम तथा भिवानी-महेंद्रगढ़ में गलत टिकट आबंटन को लेकर सवाल खड़े किए हैं। चुनाव के बाद जीतने वाले चार सांसद जहां भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में एकजुटता दिखा रहे हैं वहीं कुमारी सैलजा अलग होकर चल रही हैं। सैलजा द्वारा आए दिन भूपेंद्र सिंह हुड्डा के फैसलों पर सवालिया निशान लगाया जा रहा है।

# कुवि के एलुमनी शैक्षणिक संस्थान की अमूल्य धरोहर: प्रो. सोमनाथ

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि एलुमनी शैक्षणिक संस्थान की अमूल्य धरोहर होते हैं जो संस्थान के चहुंमुखी विकास में निरन्तर योगदान देते हैं। वे शुक्रवार को सेवानिवृत्त प्रो. सुषमा शर्मा द्वारा केयू एलुमनी एसोसिएशन को दी गई 3 लाख रूपये की अनुदान राशि पर उनका आभार व्यक्त करते हुए बोल रहे थे। कुलपति ने कहा कि सेवानिवृत्त प्रो. सुषमा शर्मा समाज कल्याण के कार्यो में हमेशा से ही अग्रणी रही हैं। उनके द्वारा केयू एलुमनी फंड में दी गई अनुदान राशि से शिक्षा विभाग के स्पेशल एजुकेशन प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए केशोराज वार्षिक छात्रवृत्ति शुरू की जाएगी जिससे वे लाभान्वित होंगे। प्रो. सुषमा ने कहा कि उनके माता-पिता भी सामाजिक एवं मानवता के कल्याण में राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करते रहे।

# धार्मिक भावनाएं आहत मामले में गायक गुरदास मान को राहत

- पंजाबी सिंगर के खिलाफ अब दर्ज नहीं होगी एफआईआर

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने धार्मिक भावनाएं आहत करने के मामले में पंजाबी कलाकार गुरदास मान को राहत प्रदान की है। मान के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की जाएगी।

साल 2021 में गुरदास मान ने नकोदर स्थित दरगाह के गद्दीनशीन रहे लाडी साईं जी को श्री गुरु अमरदास जी महाराज के वंशज बताए जाने के मामले में सिख समुदाय ने एक एफआईआर दर्ज करवाई थी। बीती 27 मई को केस दर्ज करवाने वाले व्यक्ति ने नकोदर कोर्ट द्वारा सुनाए गए फैसले पर हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। जिस पर कोर्ट ने गुरदास मान के पक्ष में फैसला सुनाया है। नकोदर कोर्ट ने गुरदास मान के खिलाफ दर्ज केस को रद्द करने के आदेश दिए थे। हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले के बरकरार रखा है।

गुरदास मान ने साल 2021 में नकोदर डेरा बाबा मुराद शाह मेले में कहा था कि डेरे के गद्दीनशीन रहे लाडी शाह तीसरी पातशाही गुरु अमरदास जी के वंशज थे। इसकी वीडियो सामने आई तो सिख संगठन भड़क उठे। जब ये मामला ज्यादा गरमाया तो गुरदास मान ने लाइव होकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर माफी मांगी थी। जिसमें गुरदास मान ने कहा था कि मुझे सिख संगत माफ कर दे। वह गुरु के अपमान के बारे में कभी सोच भी नहीं सकते।

# मुख्यमंत्री सैनी ने पद्मश्री पाने वालों को किया सम्मानित

- नायब सिंह बोले, यह प्रदेश के लिए गर्व की बात

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने शुक्रवार को अपने चंडीगढ़ निवास पर पहुंचे हरियाणा के पद्मश्री अवार्डियों को सम्मानित किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रदेश के लिए बड़े गर्व की बात है कि विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वालों को मान्यता देते हुए केंद्र सरकार द्वारा पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित किया गया है। युवा पीढ़ी को सर्वोच्च नागरिक अवार्ड के बारे जानकारी होनी चाहिए और ऐसे अवार्डियों से प्रेरणा लेनी चाहिए। केंद्र ने महावीर गुड्डू को लोक संस्कृति को बढ़ावा देने, प्रो. रामचंद्र सिहाग द्वारा मधुमक्खी पालन को बड़े स्तर पर अपनाने, डॉ.हरि ओम द्वारा जैविक खेती को प्रोत्साहित करने तथा गुरविंदर सिंह द्वारा समाज कल्याण में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए उन्हें सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किया गया है।

# स्टाफ की कमी के चलते खड़ी बसों को दूसरे डिपो में भेजा, जींद से गई 30 बसें

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

हरियाणा रोडवेज के बेड़े में बसों के साथ कर्मियों की संख्या भी लगातार घट रही है। कर्मियों की कमी के चलते वर्कशाप में बसों के ब्रेकडाउन होने के चलते परिवहन विभाग ने दूसरे डिपो में बसों की अदला-बदली करने का फैसला लिया है। इसके साथ ही, इनमें उन बसों को बदला किया गया है, जोकि एनसीआर में नहीं चल पा रही थी।

प्रदेश के 17 डिपो में 151 बसों की अदला-बदली की गई है। इनमें सबसे ज्यादा जींद जिले से 30 बसों को बदला गया है, वहीं सोनीपत जिले से भी 27 बसों को दूसरे डिपो में भेजा गया है। बसों की अदला-बदली करने के साथ तकनीकी कर्मियों का भी स्थानातंरण किया गया है।

राज्य परिवहन निदेशक की ओर से 17 डिपो महाप्रबंधकों को पत्र लिखकर स्टाफ की कमी से नहीं चल रही बसों को दूसरे डिपो में भेजने के निर्देश दिए हैं। पत्र में उल्लेख किया गया है कि 3 मई 2024 को राज्य परिवहन अतिरिक्त निदेशक की अध्यक्षता में आयोजित संयुक्त राज्य परिवहन नियंत्रक तकनीकी की ओरसे बसों के बेड़े के अनुसार संचालन करने का फैसला लिया गया था।


**Public Notice**

This is to inform the general public that **Mr. Amit Choudhary** is the GPA Holder of Second Floor without roof rights area measuring 47.50 sq. yds. out built on property no. 21 out of Khasra No. 39/9 situated in village Nangloi Jat Colony Abadi known as Friends Enclave Part-II Nangloi Delhi 110041. He is in Possession of Said Floor through a GPA, ATS, WILL dated 21.12.2023 executed by **Sh. Suresh Kumar** in favour of **Sh. Amit Choudhary** in respect of the said floor.

**Mr. Amit Choudhary** intends to transfer the ownership by way of Sale Deed of aforementioned floor to **Sh. Bharat & Smt. Maya.** Subsequently, **Sh. Bharat & Smt. Mayaare in** the process of mortgaging the said **SMFG India Home Finance Co. Ltd.** (Formerly Fullerton India Home Finance Co. Ltd.) Any objections or concerns regarding this transaction should be raised within a period of 07 days from the date of this public notice. Any objections submitted after the completion of this 07-day period will not be considered binding with respect to the said property or the interests of our client.

If anyone wishes to raise an objection, please do so within the stipulated 07-day period by contacting **Law Veritas: North (Advocates & Legal Consultants) at Office No. 11, 1st Floor, Building No. A-44/A, Sector-16, Noida, Uttar Pradesh-201301; Landline(s): +910120-3101683; e-mail: accounts@lvnorth.in**

**Public Notice**

I, Army No.15432522K, HAV, Ravikant Kumar R/o Village-Sewa, Post-Sewa, P.S-Gidhaur, District-Jamui, State-Bihar, Pin-811305 hereby inform that my mother Sunayna Devi has changed her name as Sunaina Devi & her correct date of birth is 01-01-1955 instead of 01-01-1974 as wrongly mentioned in my records and the same has been sworned on an affidavit before Notary Public, Jamui (Bihar) bearing affidavit No. 2699, dated 03-06-2024. Similarly my father Surendra Prasad Roy has also changed his name to Surendra Rawat & his correct date of birth is 01-01- 1952 in place of 01-01-1954 as wrongly mentioned in my records and same has been sworned on an affidavit No. 2700, dated 03-06-2024 showered before Notary Public, Jamui (Bihar).

**PUBLIC NOTICE**

The general public is hereby informed that I Ameeta Janak Shroff D/o Janak Shroff R/o Flat No.F1-1207, Designarch E-Homes, Surajpur Site-C, Zeta II, Greater Noida, UP-201306 have lost my **original allotment letter** of my above said property. If anybody found pls cont.: **9540102995, 8879361855.** The use of these documents by any person or entity shall be illegal & unauthorized & notice is hereby given to general public to refrain from dealing with any such person.

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mrs. Suman W/o Mr. Rakesh Singh** is the recorded owners of LAND AREA MEASURING 72 SQ. YDS., OUT OF KHATA NO. 90, KHET NO. 31, SITUATED AT VILLAGE SURAJPUR PARGANA DADRI, TEHSIL & DISST., GAUTAM BUDH, NAGER, U.P. from **Sale deed dated 15.04.2013** Executed by Mr. Amit Kumar Garg S/o Mr. Prakash Garg in favour of Mrs. Suman W/o Mr. Rakesh Singh in respect of Said Property. Vide doc No. 8568, book no. 1, vol no. 12991, pages 159-176, dated 15.04.2013, SR-Sadar-GautamBudh, Nager. **is taking the financial assistance from Utkarsh Small Finance Bank Ltd., 1.** That Photocopy ofSale deed executed by Good will Traders through (1) Vijay Kumar (2) Mrs. Asha Bhatia & (3) Mrs. Vijaya Bhatia in favour of Mr. Adesh Yadav. **2.** Photocopy of Death certificate of Late Mr. Adesh Yadav **3.** Photocopy of SMC of Late Mr. Adesh Yadav, 4. Photocopy ofCourt permission regarding sell of minor share in favour of Bhawna Yadav Wd/o Late Mr. Adesh & 5. Photocopy of Sale deed executed by Bhawna Yadav Wd/o Late Mr. Adesh in favour of Mr. Amit Kumar Garg & (2) Manoj Kumar & (3) Mr. Surender in respect of entire land., has been lost, mispalce/or not available. If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below within a week, about his objections, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc. **LUCEM LEGAL LLP**
**Office No. B-93B, Second Floor, Opposite SBI Bank Sector-2, Noida, UP-201301, Contact# 0120-4269379**

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the general public that HDFC Bank Ltd., intends to accept the undermentioned property standing in the name of **M/s NAS Buildcon Private Limited R/o Property Bearing Mustatil No. 5, Killa No. 24/2 (3-16), 25/1 (4-00), Revenue Estate Of Village Sarhaul, Tehsil Gurgaon, Haryana-122015** as a security for a loan/ credit facility by M/s NAS Buildcon Private Limited.

That the under mentioned original documents has been lost and in respect of the same an FIR has been lodged.

**01.** Original Sale deed document no. 16526 dated 10.01.1996 executed and registered by M/s Orient Craft Ltd. in favour of M/s Millennium Industries Pvt. Ltd.
**02.** Original Sale deed document no. 16317 dated 08.01.1996 executed and registered by M/s Orient Craft Ltd. in favour of M/s Millennium Industries Pvt. Ltd.
**03.** Original Sale deed document no. 16171 dated 05.01.1996 executed and registered by M/s Orient Craft Ltd. in favour of M/s Millennium Industries Pvt. Ltd.
**04.** Original Sale deed document no. 15624 dated 27.12.1995 executed and registered by M/s Orient Craft Ltd. in favour of M/s Millennium Industries Pvt. Ltd.
**05.** Original Sale deed document no. 15614 dated 27.12 1995 executed and registered by M/s Orient Craft Ltd. in favour of M/s Millennium Industries Pvt. Ltd.
**06.** Original Sale deed document no. 15617 dated 27.12.1995 executed and registered by M/s Orient Craft Ltd. in favour of M/s Millennium Industries Pvt. Ltd.
**07.** Original Sale deed document no. 15620 dated 27.12 1995 executed and registered by M/s Orient Craft Ltd. in favour of M/s Millennium Industries Pvt. Ltd.
**08.** Original Sale deed document no. 4379 dated 08.07.1994 executed and registered by M/s Satani Finanace and Leasing Co. Ltd. in favour of M/s Orient Craft Ltd.
**09.** Original Sale deed document no. 4297 dated 06.07.1994 executed and registered by M/s Satani Finanace and Leasing Co. Ltd. in favour of M/s Orient Craft Ltd.
**10.** Original Sale deed document no. 4378 dated 08.07.1994 executed and registered by M/s Satani Finanace and Leasing Co. Ltd. in favour of M/s Orient Craft Ltd.
**11.** Original Sale deed document no. 3710 dated 23.06.1994 executed and registered by M/s Trinity International Ltd. in favour of M/s Orient Craft Ltd.
**12.** Original Sale deed document no. 3074 dated 10.06.1994 executed and registered by M/s Trinity International Ltd. in favour of M/s Orient Craft Ltd.
**13.** Original Sale deed document no. 4296 dated 06.07.1994 executed and registered by M/s Trinity International Ltd. in favour of M/s Orient Craft Ltd.
**14.** Original Sale deed document no. 3077 dated 13.06.1994 executed and registered by M/s Sagar Merchants Pvt. Ltd. in favour of M/s Orient Craft Ltd.
**15.** Original Sale deed document no. 3075 dated 10.06.1994 executed and registered by M/s Sagar Merchants Pvt. Ltd. in favour of M/s Orient Craft Ltd.
**16.** Original Sale deed document no. 4381 dated 08.07.1994 executed and registered by M/s Sagar Merchants Pvt. Ltd. in favour of M/s Orient Craft Ltd.
**17.** Original Sale deed document no. 4295 dated 06.07.1994 executed and registered by M/s Sagar Merchants Pvt. Ltd. in favour of M/s Orient Craft Ltd.
**18.** Original Sale deed document no. 3711 dated 23.06.1994 executed and registered by M/s Sagar Merchants Pvt. Ltd. in favour of M/s Orient Craft Ltd.
**19.** Original Sale deed document no. 3073 dated 10.06.1994 executed and registered by Sh. Uma Shankar Satani in favour of M/s Orient Craft Ltd.
**20.** Original Sale deed document no. 3078 dated 13.06.1994 executed and registered by Sh. Uma Shankar Satani in favour of M/s Orient Craft Ltd.
**21.** Original Sale deed document no. 3708 dated 23.06.1994 executed and registered by Sh. Uma Shankar Satani in favour of M/s Orient Craft Ltd.
**22.** Original Sale deed document no. 4294 dated 06.07.1994 executed and registered by Sh. Uma Shankar Satani in favour of M/s Orient Craft Ltd.
**23.** Original Sale deed document no. 3713 dated 23.06.1994 executed and registered by Sh. Uma Shankar Satani in favour of M/s Orient Craft Ltd.

In case anyone has got any right/title/interest/claims over the undermentioned properties, they are advised to approach Advocate Vikas Gandass OR Advocate Abhishek Rao within **15 days** along with necessary proof to substantiate their claim.

If no response is received within 15 days, it will be presumed that the property is free from any charge/claim/encumbrance and Bank shall proceed with the mortgage. Please give information to Address or Persons:-

1-**Abhishek Rao**, Advocate and **Vikas Gandass**, Advocate **Cont. No.7838935772** Office Address: First floor, 510/3, Opposite Raj Cinema, Old Delhi Road Gurgaon.
2-**HDFC Bank Ltd.**, 2nd Floor, Tower-A, AMP Building, Plot No. 31, Shivaji Marg, New Delhi-110015

**कब्जा सूचना**
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**

**एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड ("ईएआरसी")** ने **(CIN:U67100MH2007PLC174759)** सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 (2002 का 54) ("उक्त एक्ट") और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 (उक्त रूल्स) के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार, गारंटर और गिरवीकर्ता **कपिल काजला और पूर्णिमा काजला** को कर्ज खाता नं. **HHLNOI00341444** के तहत दिनांक **22.12.2021** की सूचना में **20.12.2021** तक उल्लिखित राशि जो **रू.40,63,121.96 (रूपए चालीस लाख तिरसठ हजार एक सौ इक्कीस और छियानवे पैसे मात्र)** है को उक्त सुविधा के संबंध में **21.12.2021** से भुगतान / वसूली तक अतिरिक्त ब्याज और दंडात्मक ब्याज के साथ, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।

और जब कि बाद में, **एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड ने ईएआरसी ट्रस्ट - एससी 439** के ट्रस्टी के रूप में दिनांक **02.11.2023** के असाइनमेंट एग्रीमेंट के माध्यम से **आईएचएफएल** द्वारा कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता को दी गई सुविधाओं से उत्पन्न कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता द्वारा देय और देय ऋणों के संबंध में सिक्योरिटी रिसिप्ट धारको के लाभ के लिए **एआरसीआईएल-सीपीएस-IV, ट्रस्ट ("एआरसीआईएल")** के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्य करते हुए अपने सभी अधिकार, शीर्षक, ब्याज और लाभ अंतर्निहित प्रतिभूतियों के साथ **एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड** को सौंप दिए हैं। इसलिए, उक्त असाइनमेंट को ध्यान में रखते हुए, **एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** के स्थान पर अब **एआरसीआईएल** को रखा गया है और **एआरसीआईएल** कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता के खिलाफ सभी और किसी भी कार्यवाही को शुरू करने / जारी रखने और वित्तीय दस्तावेजों के तहत अधिकारों और लाभों को लागू करने की हकदार होगी, जिसमें कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता द्वारा प्राप्त की गई उक्त सुविधाओं के लिए निष्पादित और बनाए गए सुरक्षा हित को लागू करना भी शामिल है।

**एआरसीआईएल** को उक्त धनराशि चुकता करने में कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता के विफल रहने पर एतद्द्वारा विशेषत: कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, **एआरसीआईएल** के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **11.06.2024** पर, नीचे वर्णित सुरक्षित संपत्तियों पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है।

विशेषत: कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता और सर्व सामान्य जनता को निचे उल्लेखित सुरक्षित संपत्तियों के साथ लेनदेन न करने के लिए आगाह किया जाता है और सुरक्षित संपत्तियों के साथ कोई भी लेनदेन **25.04.2024** तक **रू.53,25,912.28 (रूपए तिरपन लाख पच्चीस हजार नौ सौ बारह और अट्ठाईस पैसे मात्र)** की राशि के उक्त सुविधा के संबंध में **26.04.2024** से भुगतान / वसूली तक सभी आकस्मिक लागतों, शुल्कों और खर्चों के साथ संविदात्मक दर पर अतिरिक्त ब्याज के साथ **एआरसीआईएल** के शुल्क के अधीन होगा।

नीचे उल्लिखित सुरक्षित संपत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर दिलाया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

**संपत्ति का स्वामित्व: पूर्णिमा काजला**

यूनिट नं. 1503, जिसका सुपर एरिया 950 स्क्वे. फीट, पंद्रहवीं मंजिल, टावर जॉली, सिक्का कामना ग्रीन्स, जीएच-03/बी सेक्टर 143बी, नोएडा, उत्तर प्रदेश - 201301.

**प्राधिकृत अधिकारी**
**दिनांक : 11.06.2024** **एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड**
**स्थान : नोएडा** **(एआरसीआईएल-सीपीएस-IV ट्रस्ट के ट्रस्टी)**

**JM FINANCIAL**

**जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड**
कॉर्पोरेट पहचान सं. U67190MH2007PLC74287
पंजीकृत कार्यालय का पता: 7वीं मंजिल, सेनर्जी, अप्पासाहेब मराठे मार्ग, प्रभादेवी, मुंबई 400025
फोन: + 91 22 6630 3030 फैक्स: +911 22 6630 3223, www.jmfinancialarc.com

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) पठित, पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पहले दीवान हाउसिंग एंड फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) ने सभी अधिकारों, टाईटल और उस पर ब्याज के साथ अंतर्निहित सुरक्षा ब्याज के साथ ऋण का एक पूल (नीचे उल्लिखित ऋण सहित) सौंपा है, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 ("सरफेसी अधिनियम") की धारा 5(1)(बी) के तहत दिनांक 29 मार्च, 2023 ("असाइनमेंट एग्रीमेंट") के पक्ष में एक असाइनमेंट समझौते के माध्यम से जेएमएफएआरसी (जेएम) (यहां सहायक के रूप में संदर्भित)। अधोहस्ताक्षरी (जेएम) असाइनी का प्राधिकृत अधिकारी है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के प्रवर्तन के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किया है निम्नलिखित उधारकर्ताओं ("उक्त उधारकर्ता") को जारी किए गए संबंधित मांग नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए नीचे दिया गया है। उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर उक्त उधारकर्ता को इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर जेएम को भुगतान करने का नोटिस दिया जाता है। नीचे दी गई तारीखों से लेकर भुगतान और/या वसूली की तारीख तक, अन्य दस्तावेजों/लेखों के साथ पठित ऋण समझौते के तहत देय, नीचे दर्शाई गई राशियाँ, उक्त मांग नोटिस में दिए गए विवरण के अनुसार अतिरिक्त ब्याज के साथ, यदि कोई हो, उक्त उधारकर्ता(ओं) द्वारा निष्पादित। ऋण की उचित चुकौती के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित परिसंपत्तियाँ क्रमशः उक्त उधारकर्ता द्वारा जेएम को बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार/गारंटर का नाम | मांग सूचना की तिथि एवं राशि एनपीए की तिथि सहित | सुरक्षित आस्तियों का विवरण (अचल सम्पत्ति) |
|---|---|---|
| (यूबीआई कोलकाता सिंड शाखा का एलसी नं. 13700006531) राज कुमार केशरी (उधारकर्ता) कमलेश प्रसाद केशरी (सह-उधारकर्ता 1) | 28.05.2024 / रु. 10,59,799/- (रु. दस लाख उनसठ हजार सात सौ निन्यान्वे मात्र) एनपीए (10-05-2024) | होल्डिंग नं.-19/14, कैबोर्तुया पारा रोड, एमजेड- गरीफा, आरएस डाग नं.-1908, एलआर डाग नं.-3344 वार्ड नं.-5 (नया), पीएस- नैहाटी नैहाटी उत्तर 24 परगना पश्चिम बंगाल-743166 |
| (नई दिल्ली शाखा का एलसी नं. 01400004797) अमृत लाल एंड संस इसके पार्टनर्स द्वारा यासु गोयल (उधारकर्ता), अमृत संस ट्रेडेक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इसके निदेशक द्वारा यासु गोयल (सह-उधारकर्ता 1) अमृत संस ट्रेडेक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इसके निदेशक द्वारा असीम गोयल (सह-उधारकर्ता 2) अमृत संस ट्रेडेक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इसके निदेशक द्वारा मनीष गोयल (सह-उधारकर्ता 3) अमृत संस ट्रेडेक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इसके निदेशक द्वारा पुनीत गोयल (सह-उधारकर्ता 4) अमृत संस ट्रेडेक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इसके निदेशक द्वारा अनिल कुमार गोयल (सह-उधारकर्ता 5) अमृत संस ट्रेडेक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इसके निदेशक द्वारा अनिल शिल्पी गोयल (सह-उधारकर्ता 6) यासु गोयल (सह-उधारकर्ता और दिवंगत गीता गोयल के कानूनी उत्तराधिकारी) (सह उधारकर्ता 7) असीम गोयल (दिवंगत गीता गोयल के कानूनी उत्तराधिकारी) (सह उधारकर्ता 8) मनीष गोयल (सह उधारकर्ता और गीता गोयल के कानूनी उत्तराधिकारी) (सह उधारकर्ता 9) पुनीत गोयल (सह उधारकर्ता 10) अनिल कुमार गोयल (सह उधारकर्ता 11) | 09.05.2024 / रु. 5,70,76,621.48 (रु. पाँच करोड़ सत्तर लाख छिहत्तर हजार छः सौ इक्कीस और पैसे अडतालीस मात्र) एनपीए (09-08-2022) | संपत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जिसका म्युनिसिपल नं. 5844/57, प्लॉट नं. 12, 12-ए और 13 पर निर्मित, फ्रीहोल्ड भूमि क्षेत्रफल 923-1/9 वर्ग गज के साथ, ब्लॉक-यूए-3, जवाहर नगर, सब्जी मंडी, दिल्ली, भूतल, प्रथम तल और द्वितीय तल को मिलाकर, छत के अधिकार सहित, प्रथम तल पर एक फ्लैट प्राइवेट नंबर-2 और भूतल पर प्राइवेट नं. 12 वाली एक दुकान को छोड़कर<br>उक्त संपत्ति चौहद्दी:<br>पूरब में - सड़क का जोड़<br>पश्चिम में - 20' चौड़ी सड़क<br>उत्तर में - 60' चौड़ी सड़क<br>दक्षिण में - रोशनारा रोड |

यदि उक्त उधारकर्ता उपरोक्तानुसार जेएम को भुगतान करने में विफल रहेंगे, जेएम उपरोक्त सुरक्षित संपत्तियों के खिलाफ अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत लागत और परिणामों के संबंध में पूरी तरह से उक्त उधारकर्ताओं के जोखिम पर कार्रवाई करेगा। अधिनियम के तहत उक्त उधारकर्ताओं को जेएम की पूर्व लिखित सहमति के बिना, बिक्री, पट्टे या अन्यथा उपरोक्त संपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, अधिनियम के तहत प्रावधान के अनुसार कारावास और/या दंड हेतु उत्तरदायी होगा।

हस्ता/-(प्राधिकृत अधिकारी)
तिथि : 15.06.2024 जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड
स्थान: दिल्ली अराण्य - ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता से कार्यरत

**सिक्योरिटाईजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (अधिनियम) की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना**

| अनु. क्र. | कर्जदाता (ओं) का नाम (ए) | गिरवी संपत्ति(यों) का विवरण (बी) | एन.पी.ए की तारीख (सी) | बकाया राशि (रू.) (डी) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कर्ज खाता क्र. HHLDIP00143954<br>1. राखी पुजारी<br>2. प्रेम चंदा | यूनिट नंबर 0156-0टी12बी1-1104, टॉवर टी12बी1, टाइप बी1, सुशांत सेरेन रेजीडेंसी, सेक्टर-ईटीए-2, ग्रेटर नोएडा - 201301, उत्तर प्रदेश | 09.09.2022 | रु. 10,60,963.10/- (रुपए दस लाख साठ हजार नौ सौ तिरेसठ और दस पैसे मात्र) 29.05.2024 के अनुसार |
| 2. | कर्ज खाता क्र. HHLDCP00356983<br>1. प्रवीण कुमार<br>2. कमलेश | अपार्टमेंट नंबर अमूल्या सन-4-0711, 7वीं मंजिल, टावर सन-4, मिगसन रूफ, खसरा नंबर 5/4/51, राज नगर एक्सटेंशन, गाज़ियाबाद - 201002, उत्तर प्रदेश | 11.03.2023 | रु. 9,97,477.92/- (रुपए नौ लाख सत्तानवे हजार चार सौ सतहत्तर और बानवे पैसे मात्र) 29.05.2024 के अनुसार |
| 3. | कर्ज खाता क्र. HHLNOD00226451<br>1. मुकेश कुमार<br>2. पूनम झा | फ्लैट नंबर 1504, 15वीं मंजिल, टॉवर सी2, द रोमानो, प्लॉट नंबर 001, सेक्टर-118/जीएचपी, गौतम बुद्ध नगर, नोएडा - 201301, उत्तर प्रदेश | 10.04.2022 | रु. 78,71,085.15/- (रुपए अठहत्तर लाख इकहत्तर हजार पचासी और पंद्रह पैसे मात्र) 22.05.2024 के अनुसार |
| 4. | कर्ज खाता क्र. HHEDCP00236121<br>1. ललित मोहन बाली<br>2. सुनीता बाली | फ्लैट नंबर डी-905, नौवीं मंजिल, टावर-डी, बीटल लैप, सेक्टर 25, प्लॉट जीएच-जी2, जेपी ग्रीन्स स्पोर्ट्स सिटी एसडीजेड, नोएडा - 201301, उत्तर प्रदेश | 09.04.2023 | रु. 4,30,237.30/- (रुपए चार लाख तीस हजार दो सौ सैंतीस और तीस पैसे मात्र) 27.05.2024 के अनुसार |
| 5. | कर्ज खाता क्र. HHLDCP00236137<br>1. ललित मोहन बाली<br>2. सुनीता बाली | फ्लैट नंबर डी-905, नौवीं मंजिल, टावर-डी, बीटल लैप, सेक्टर 25, प्लॉट जीएच-जी2, जेपी ग्रीन्स स्पोर्ट्स सिटी एसडीजेड, नोएडा - 201301, उत्तर प्रदेश | 09.04.2023 | रु. 52,33,993.78/- (रुपए बावन लाख तैंतीस हजार नौ सौ तिरानवे और अठहत्तर पैसे मात्र) 27.05.2024 के अनुसार |
| 6. | कर्ज खाता क्र. HHLNOD00471742<br>1. साजिद<br>2. परवीन चौधरी | फ्लैट नंबर एसएफ-04 (एम.आई.जी.), दूसरी मंजिल, (छत के अधिकारों सहित), बाईं तरफ पीछे की ओर, प्लॉट नंबर एमएम-07, डीएलएफ अंकुर विहार, गांव लोनी, गाज़ियाबाद - 200111, उत्तर प्रदेश | 09.04.2024 | रु. 13,96,982.60/- (रुपए तेरह लाख छियानवे हजार नौ सौ बयासी और साठ पैसे मात्र) 29.05.2024 के अनुसार |
| 7. | कर्ज खाता क्र. HHENOD00273893<br>1. संजय शर्मा<br>2. सुनीता शर्मा | फ्लैट नंबर 1901, 18वीं मंजिल, ब्लॉक-डी, विक्ट्रीवन सेंट्रल, प्लॉट नंबर जीएच02/ई, सेक्टर 12, गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा, नोएडा - 201307, उत्तर प्रदेश | 09.02.2024 | रु. 2,58,288.38/- (रुपए दो लाख अट्ठावन हजार दो सौ अट्ठासी और अड़तीस पैसे मात्र) 29.05.2024 के अनुसार |
| 8. | कर्ज खाता क्र. HHLNOI00277213<br>1. चन्द्र रेखा राणा<br>2. दीपांशु राणा<br>3. सतीश कुमार राणा | फ्लैट नंबर 1705, 17वीं मंजिल, टॉवर एफ1, द रोमानो, प्लॉट नंबर 001, सेक्टर 118/जीएचपी, गौतम बुद्ध नगर, नोएडा - 201301, उत्तर प्रदेश | 05.04.2022 | रु. 85,67,208.21/- (रुपए पचासी लाख सड़सठ हजार दो सौ आठ और इक्कीस पैसे मात्र) 22.05.2024 के अनुसार |

कि ऊपर लिखे नाम वाला उधार लेने वाला(ले) ने ऋण खाते के वित्तीय अनुशासन को बनाए रख पाने में असफल रहे हैं तथा कंपनी द्वारा अपनी आम बिजनेस चर्या में रखे जाने वाले खातों के अनुसार प्रत्येक उधार पाने वाले (लों) के नाम के आगे स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट धनराशि बकाया बनी हुई है।

उधार लेने वाले(लों) की ओर से ऋण धनराशि का पुनर्भुगतान में लगातार चूक होने के कारण उधार लेने वाले(लों) के ऋण खाते को कंपनी द्वारा सीमांकित मापदंडो के भीतर निष्पादनेतर परिसंपत्तियों (स्तंभ सी में तारीख के अनुसार) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। परिणामस्वरूप प्रत्येक उधार लेने वाले को अधिनियमन की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचनाएं भी जारी की गई है।

उपर्युक्त को दृष्टिगत रखते हुए कंपनी एतद्द्वारा ऊपर लिखे नाम वाले उधार लेने वाले(लों) का आहवान करती है कि, वे इस सूचना के प्रकाशित होने के दिन से 60 दिन के भीतर अद्यतन ब्याज, लागतें, तथा शुल्कों सहित ऊपर स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट संपूर्ण बकाया देयताओं का भुगतान करके कंपनी के प्रति बनने वाले अपने / उनके पूर्ण दायित्वों का निर्वहन करें, ऐसा न करने पर कंपनी ऊपर के स्तंभ बी में उल्लिखित बंधक रखी गई संपत्ति को अधिग्रहीत करने के लिए कंपनी पात्र होगी।

कृपया ध्यान दें कि सरफेसी कानून की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के अनुसार, ''कर्जदार सार्वजनिक नीलामी द्वारा, कोटेशन आमंत्रित करते हुए, सार्वजनिक निविदा या निजी समझौते द्वारा सुरक्षित आस्तियों की बिक्री के लिए सूचना के प्रकाशन के दिनांक तक केवल सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा किए गए सभी खर्चो, लागतों और प्रभारों के साथ संपूर्ण बकाया देय राशि अदा कर सकता है, इसके अलावा यह भी ध्यान दें कि उपरोक्त विधिक रूप से निर्धारित समयावधि के अंदर सुरक्षित आस्ति का मोचन करने में कर्जदार विफल रहने पर कर्जदार संपत्ति का मोचन करने के लिए पात्र नहीं हो सकता''

सरफेसी अधिनियमन की उपधारा 13(2) के प्रावधान के संदर्भ में, आप इस प्रकार बिक्री, पट्टे के माध्यम से अन्यथा नोटिस में उल्लिखित अपनी सुरक्षित संपत्तियों में से कोई भी (अपने व्यापार के सामान्य पाठ्यक्रम के अलावा) सुरक्षित लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित हैं

कृते इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेन्स लि.
स्थान : नोएडा / गाज़ियाबाद प्राधिकृत अधिकारी

**कब्जा सूचना**
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**

**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड ("आईएचएफएल")** ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 (2002 का 54) ("उक्त एक्ट") और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 (उक्त रूल्स) के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार, गारंटर और गिरवीकर्ता **कपिल काजला और पूर्णिमा काजला** को कर्ज खाता नं. **HHLNOI00341420** के तहत दिनांक **10.09.2021** की सूचना में **31.08.2021** तक उल्लिखित राशि जो **रू.47,98,481.79 (रूपए सैंतालीस लाख अट्ठानबे हजार चार सौ इक्यासी और उनहत्तर पैसे मात्र)** है को उक्त सुविधा के संबंध में **01.09.2021** से भुगतान / वसूली तक अतिरिक्त ब्याज और दंडात्मक ब्याज के साथ, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।

और जब कि बाद में, **आईएचएफएल** ने दिनांक **30.09.2021** के असाइनमेंट एग्रीमेंट के माध्यम से **आईएचएफएल** द्वारा कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता को दी गई सुविधाओं से उत्पन्न कर्जदार /गारंटर / गिरवीकर्ता द्वारा देय और देय ऋणों के संबंध में अपने सभी अधिकार, शीर्षक, ब्याज और लाभ अंतर्निहित प्रतिभूतियों के साथ **ईएआरसी ट्रस्ट - एससी 439 के ट्रस्टी** के रूप में **एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** को सौंप दिए हैं।

इसके बाद में, **एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड ने ईएआरसी ट्रस्ट - एससी 439** के ट्रस्टी के रूप में दिनांक **02.11.2023** के असाइनमेंट एग्रीमेंट के माध्यम से **आईएचएफएल** द्वारा कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता को दी गई सुविधाओं से उत्पन्न कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता द्वारा देय और देय ऋणों के संबंध में सिक्योरिटी रिसिप्ट धारको के लाभ के लिए **एआरसीआईएल-सीपीएस-IV, ट्रस्ट ("एआरसीआईएल")** के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्य करते हुए अपने सभी अधिकार, शीर्षक, ब्याज और लाभ अंतर्निहित प्रतिभूतियों के साथ **एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड** को सौंप दिए हैं। इसलिए, उक्त असाइनमेंट को ध्यान में रखते हुए, **एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** के स्थान पर अब **एआरसीआईएल** को रखा गया है और **एआरसीआईएल** कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता के खिलाफ सभी और किसी भी कार्यवाही को शुरू करने / जारी रखने और वित्तीय दस्तावेजों के तहत अधिकारों और लाभों को लागू करने की हकदार होगी, जिसमें कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता द्वारा प्राप्त की गई उक्त सुविधाओं के लिए निष्पादित और बनाए गए सुरक्षा हित को लागू करना भी शामिल है।

एआरसीआईएल को उक्त धनराशि चुकता करने में कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता के विफल रहने पर एतद्द्वारा विशेषत: कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, **एआरसीआईएल** के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **11.06.2024** पर, नीचे वर्णित सुरक्षित संपत्तियों पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है।

विशेषत: कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता और सर्व सामान्य जनता को निचे उल्लेखित सुरक्षित संपत्तियों के साथ लेनदेन न करने के लिए आगाह किया जाता है और सुरक्षित संपत्तियों के साथ कोई भी लेनदेन **25.04.2024** तक **रू.65,96,935.95 (रूपए पैंसठ लाख छियानवे हजार नौ सौ पैंतीस और पचानवे पैसे मात्र)** की राशि के उक्त सुविधा के संबंध में **26.04.2024** से भुगतान / वसूली तक सभी आकस्मिक लागतों, शुल्कों और खर्चों के साथ संविदात्मक दर पर अतिरिक्त ब्याज के साथ **एआरसीआईएल** के शुल्क के अधीन होगा।

नीचे उल्लिखित सुरक्षित संपत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर दिलाया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

**संपत्ति का स्वामित्व: पूर्णिमा काजला**

"सिक्का कामना ग्रीन्स" से पहचाने जानेवाले आवासीय कॉम्प्लेक्स के टॉवर "जॉली" में पांचवीं मंजिल पर आवासीय फ्लैट नं. 506 जिसका सुपर एरिया 1150 स्क्वे. फीट, एक कवर्ड कार पार्किंग के साथ, प्लॉट नं. जीएच-03/ बी पर निर्मित, सेक्टर-143 में स्थित, नोएडा – 201301, उत्तर प्रदेश।

**प्राधिकृत अधिकारी**
**दिनांक : 11.06.2024** **एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड**
**स्थान : नोएडा** **(एआरसीआईएल-सीपीएस-IV ट्रस्ट के ट्रस्टी)**

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

**ICICI Bank**

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शॉल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली- 110005

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।

कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | संजीव कुमार सचदेवा/ संगीता सचदेवा/ पुनीत सचदेवा/ LBDEL00005559559 | फ्लैट नंबर डी5-302, तीसरी मंज़िल, हैबिटेट रेजिडेंसेस, टॉवर-डी-5, सेक्टर-78, फरीदाबाद, हरियाणा- 121002/ जून 11, 2024 | जनवरी 17, 2024 रु. 20,08,664/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | हिंद एयरस्टार प्राइवेट लिमिटेड/ समर कुरैशी/ किरण कुरैशी/ LBDEL00002025600 | यूनिट नंबर आर 203 स्पाइरा 2905, 29वीं मंज़िल, टाइप-1, बीएचके, टॉवर-स्पाइरा, सुपरनोवा, प्लॉट नंबर 03 पर स्थित, सेक्टर-94, उत्तर प्रदेश, नोएडा- 201301/ जून 12, 2024 | फरवरी 14, 2024 रु. 29,22,169/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | हिंद एयरस्टार प्राइवेट लिमिटेड/ समर कुरैशी/ किरण कुरैशी/ LBDEL00002025599 | यूनिट नंबर आर 203 एन वेस्ट 3704, 37वीं मंज़िल, टाइप-डुप्लेक्स, नोवा वेस्ट पर स्थित, सुपरनोवा, प्लॉट नंबर 03, सेक्टर-94, नोएडा, उत्तर प्रदेश- 201301/ जून 12, 2024 | फरवरी 14, 2024 रु. 1,91,88,080/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | हिंद एयरस्टार प्राइवेट लिमिटेड/ समर कुरैशी/ किरण कुरैशी/ LBDEL00002025598 | यूनिट नंबर आर 203 स्पाइरा 3308, 33वीं मंज़िल, टाइप-1, बीएचके, टॉवर-स्पाइरा, सुपर नोवा, प्लॉट नं. 03, सेक्टर-94 नोएडा, उत्तर प्रदेश- 201301/ जून 12, 2024 | फरवरी 14, 2024 रु. 29,56,831/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | मुन्नी तिवारी/ आनंद शंकर तिवारी/ LBDEL00004081775 | फ्लैट नं. ई-2002, 20वीं मंजिल, टॉवर-ई, सेठी ग्रुप-मैक्स रॉयल, प्लॉट नं. जीएच-02/बी पर स्थित, सेक्टर 76, नोएडा, उत्तर प्रदेश- 201301/ जून 12, 2024 | फरवरी 26, 2024 रु. 50,40,407/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | निकहत शब्बा/ मिंटू गिरी/ LBGHZ00005181782 | आवासीय अपार्टमेंट नं. I-305, ''प्रोव्यू लैबोनी'' पर प्लॉट नं. 6, तीसरी मंजिल (छत के अधिकार के बिना) ब्लॉक/टॉवर-I, टाउनशिप क्रॉसिंग रिपब्लिक, डूंडाहेड़ा, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में अविभाजित और अविभाज्य भूमि- 201001/ जून 12, 2024 | फरवरी 26, 2024 रु. 31,79,860/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 7. | सचिन शर्मा/ LBGHZ00006052088/ LBGHZ00006118477 | अपार्टमेंट नं. 037, ग्राउंड फ्लोर, टॉवर- 9, ड्रीम होम्स प्लॉट नं. जीएच-6ए पर निर्मित, सेक्टर 05, वेव सिटी, गाजियाबाद- 201010/ जून 12, 2024 | फरवरी 22, 2024 रु. 21,54,622/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 8. | अंकित माथुर/ आयुष माथुर/ रेणु माथुर/ LBGHZ00003876233 | फ्लैट नंबर सन 2- 1103, 11वीं मंज़िल, एमआईजी सन रूफ, खसरा नंबर 4,5 और 51 मिनजुमला, राज नगर एक्सटेंशन पर स्थित, सिकरोड गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश- 201002/ जून 12, 2024 | फरवरी 26, 2024 रु. 21,97,724/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 9. | ममता सिसोदिया/ विनय प्रताप/ अभय सिसोदिया/ LBGHZ00002434488/ LBGHZ00002454876 | यूनिट नंबर 022, सेक्टर 9, अंसल चिरंजीव विहार, गाँव महरौली, हरसौन, गाजियाबाद- 201002/ जून 12, 2024 | फरवरी 29, 2024 रु. 16,59,513/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त कर्ज़दार(रों)/जमानतदार(रों) को राशि वापस करने के लिए 30 दिन का नोटिस जारी किया जाता है, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति(याँ) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के बाद नीलाम कर दी जाएगी।

**दिनांक : जून 15, 2024** **भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर** **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए**

## भयानक गर्मी

### विभीषिका का कारण

**भयानक गर्मी और जल संकट** उत्तर भारत में अनेक लोगों की जान ले चुका है और इससे राहत की उम्मीद अभी नहीं है। भयानक गर्मी और पानी की कमी से बहुत लोगों की जान चली गई है। भारत के उत्तरी हिस्सों तथा राजधानी में इसकी विभीषिका का संकट बना हुआ है। अत्यधिक गर्मी, लू तथा बरसात कम होने से मौसम बहुत खराब है। लाखों लोगों के लिए यह स्थिति असहनीय है क्योंकि तापमान बढ़ रहा है तथा पानी की सप्लाई बहुत कम हो गई है। उत्तर भारत अब तक के ज्ञात इतिहास में सबसे भयानक लू का सामना कर रहा है। अनेक स्थानों पर तापमान नियमित रूप से 45 डिग्री सेल्सियस के ऊपर बना हुआ है और कई जगह इससे बहुत अधिक हो गया है। ऐसे में लू लगने, निर्जलीकरण तथा गर्मी संबंधी अन्य बीमारियां फैल रही हैं। संकटग्रस्त लोगों, खासकर छोटे बच्चों और वृद्धों के लिए खतरा और बढ़ गया है। अस्पतालों में भी गर्मी के शिकार लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जबकि स्वास्थ्यरक्षा संसाधन सीमित हैं। इन समस्याओं की गंभीरता इसलिए बढ़ रही है कि मानसून की गति असामान्य रूप से धीमी है। आमतौर से गर्मी से राहत दिलाने वाली बरसात अनियमित है तथा उसमें देर हो रही है। इस विलंब के शहरी और ग्रामीण समुदायों पर बहुत गंभीर परिणाम हो सकते हैं। दिल्ली जैसे शहरों में बरसात की कमी गर्मी को बहुत दु:खदायी तथा जीवन स्थितियों को लगभग असहनीय बना देती है। ग्रामीण क्षेत्रों में मानसून में देरी कृषि के लिए विनाशकारी सिद्ध हो सकती है क्योंकि यह अधिकांशत: समय पर बरसात पर निर्भर है। फसलें खराब होने या उपज घटने से खाद्य सुरक्षा तथा लोगों की आजीविका खतरे में पड़ सकती है। उत्तर भारत में लू तथा मानसून में विलंब के कारण गंभीर जल संकट पैदा हो गया है। इसके कारण प्रमुख नदियों और जल भंडारों में जल का स्तर खतरनाक रूप से घटा है तथा भूमिगत जल स्तर भी गिरा है।




दिल्ली की जल सप्लाई ऐतिहासिक रूप से यमुना का जल स्तर गिरने से प्रभावित हुई है और वास्तव में कुछ क्षेत्रों को दिन में कुछ ही घंटे पानी मिल रहा है। इससे जलजनित रोगों का खतरा भी बढ़ गया है, पानी तक पहुंच के लिए विवाद हुए हैं तथा अनेक लोगों को प्रदूषित जल पर निर्भर रहना पड़ रहा है। इस समस्या की गंभीरता से निपटने के लिए प्रशासन ने कुछ कदम उठाए हैं जिनमें पानी की राशनिंग, शीतलन सुविधाओं की स्थापना तथा समुदायों को पेयजल का वितरण शामिल हैं। लेकिन स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इन कदमों के ज्यादा सफल होने की संभावना नहीं है। विभीषिकाओं की संभावना को देखते हुए दीर्घकालीन उपाय जरूरी हैं। इसके लिए जल संरक्षण हेतु ढांचागत संरचनाओं, प्रभावी सिंचाई व्यवस्थाओं तथा वर्षा जल संचयन में निवेश के साथ ही भूमिगत जल संसाधन बढ़ाने पर ध्यान देना होगा ताकि उनका टिकाऊ प्रयोग हो सके। शहरी 'हीट आईलैंड' प्रभाव से निपटने के लिए शहरी नियोजन में हरित स्थलों तथा शीतलन रणनीतियों को शामिल किया जाना चाहिए। इसके साथ ही जलवायु परिवर्तन और उसके प्रभावों पर लोगों की जानकारी बढ़ाने से एक मजबूत संस्कृति विकसित करने में सहायता मिल सकती है। लाखों लोगों पर जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ती गर्मी और जल संकट का दुष्प्रभाव खासकर उत्तर भारत में पड़ रहा है। हालांकि, लोग अपनी सामूहिक शक्ति और परस्पर सहायता से जलवायु संकट से निपट सकते हैं। भारत की जनता मानवीय और पर्यावरणीय संकट से निपटने में अपनी शक्ति दिखा रही है।

# लोकरंजक नीतियों से बिजली संकट

**बिजली संकट का कारण एटीएंडसी लॉस या बिजली चोरी तथा कुछ राज्यों में किसानों को दी जाने वाली बिजली का पैसा न मिलना है। यह समस्या लगभग पिछले 25 साल से बनी हुई है।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



केन्द्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली वितरण कंपनियों-डिस्काम को पुनर्जीवित करने तथा तकनीकी नुकसान घटाने के लिए 'पारेषण फाइनेंसिंग' जैसी एक 'अन्य' योजना बन रही है ताकि समुचित पूंजीगत खर्च जुटाया जा सके। डिस्काम बिजली सप्लाई और वितरण व्यवस्था के केन्द्र में हैं। इन पर अधिकांशत: राज्य सरकारों का नियंत्रण है। वे सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक कंपनियों-जेन्कोस, जैसे नेशनल थर्मल पावर कार्पोरेशन-एनटीपीसी से बिजली खरीदते हैं। इसके अलावा वे निजी क्षेत्र के विद्युत उत्पादकों-स्वतंत्र ऊर्जा उत्पादकों या आईपीपी से भी बिजली खरीद कर उपभोक्ताओं को सप्लाई करते हैं। तकनीकी नुकसान या एग्रीगेट टेक्निकल एंड कामर्शियल लासेज़-एटीएंडसी बिजली चोरी का दूसरा नाक है।

केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह के अनुसार एटीएंडसी नुकसान 27 प्रतिशत हैं। इसका अर्थ है कि जब बिजली उत्पादक स्टेशनों से 100 यूनिट बिजली पारेषण और वितरण के लिए दी जाती है तो उसमें से 27 यूनिट की चोरी हो जाती है और उसका पैसा नहीं मिलता है। इस कारण डिस्काम के कामकाज पर विकलांगकारी प्रभाव पड़ता है। 27 यूनिट चोरी बिजली से कोई राजस्व 'नहीं' मिलने के कारण डिस्काम बाकी 73 यूनिटों पर ज्यादा पैसा ले सकते हैं। लेकिन यह भी एक सैद्धान्तिक स्थिति है। इस प्रकार डिस्काम को बिजली चोरी के कारण भारी घाटा होता है। एक अन्य कारण से भी उनको भारी नुकसान होता है। बिजली कानून, 2003 तथा उसके अंतर्गत ऊर्जा मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार डिस्काम उपभोक्ताओं को दी जाने वाली बिजली की दरें इस आधार पर तय कर सकते हैं कि उसकी बिक्री से प्राप्त औसत राजस्व प्राप्ति-एआरआर, खरीद, पारेषण और वितरण की औसत लागत-एसीएस के बराबर हो।

राज्य सरकारों के एक और आदेश के अनुसार वे कुछ परिवारों से दिल्ली-पंजाब में 200-300 यूनिट तक उपभोग पर कोई पैसा नहीं ले सकते या दिल्ली में 201-400 यूनिट तक 800 रुपये की सब्सिडी देते हैं। इसके साथ ही वे पंजाब में किसानों को मुफ्त बिजली देते हैं।

डिस्काम इस प्रकार कम प्राप्ति के कारण हुए घाटे की पूर्ति उद्योगों और बिजनेसों को बढ़ी दरों पर बिजली सप्लाई से पूरी करते हैं, हालांकि इनके लिए भी यह दर 16 रुपये यूनिट से अधिक नहीं हो सकती है। यही मुख्य कारण है कि अंतरराष्ट्रीय और घरेलू बाजारों में भारतीय उत्पाद और सेवायें ज्यादा प्रतियोगी नहीं रह पाते हैं। हालांकि, राज्य इस घाटे के बड़े हिस्से की प्रतिपूर्ति का वादा करते हैं, पर इनमें से अधिकांश केवल आंशिक प्रतिपूर्ति करते हैं और इसमें भी काफी विलंब होता है। इसके कारण डिस्काम का घाटा और बढ़ता है। बिजली संकट का कारण एटीएंडसी लॉस तथा कुछ राज्यों में किसानों को दी जाने वाली बिजली का पैसा न मिलना है। यह समस्या लगभग पिछले 25 साल से बनी हुई है। वर्ष 2000 के प्रारंभ में केन्द्र ने डिस्काम की सहायता के लिए चार वित्तीय पुनर्गठन पैकेज-एफआरपी जारी किए थे। इनमें से 2002 व 2012 का उद्देश्य मुख्यत: उनके नुकसान को माफ करना था, जबकि नवंबर, 2015 में जारी तीसरे पैकेज यानी उज्वल डिस्काम एश्योरेंस योजना-उदय का उद्देश्य डिस्काम की व्यवस्था सुधारन तथा वित्तीय सहायता के बदले कुछ मानक प्राप्त करना था। उदय के अंतर्गत डिस्काम के लगभग 400,000 करोड़ कर्ज को माफ किया गया था। इसमें से 75 प्रतिशत का भार राज्यों पर डाला गया था, जबकि बाकी के लिए उनको सस्ती ब्याज दरों पर बांड जारी करने का अधिकार मिला था। एफआरपी के बदले डिस्काम को एटीएंडसी लास को 2015-16 तक घटा कर 20.7 प्रतिशत तथा 2018-19 तक 15 प्रतिशत पर लाना था। इसके साथ ही उनको एसीएस-एपीआर अंतर घटा कर 2015-16 में प्रति यूनिट 0.59 तथा 2018-19 में 'शून्य' पर लाना था, लेकिन डिस्काम ऐसा करने में विफल रहे हैं।

2019-20 में उनका एटीएंडसी लास 18.9 प्रतिशत था, जबकि 2018-19 के लिए 15 प्रतिशत का लक्ष्य रखा गया था। एसीएस-एपीआर अंतर 2019-20 में 0.42 प्रतिशत था, जबकि 2018-19 में इसका लक्ष्य 'शून्य' था। 2020-21 में इन सीमित सुधारों से भी एटीसी नुकसान 22.3 प्रतिशत तथा एसीएस-एआरआर अंतर 0.69 प्रति यूनिट था। इसके परिणामस्वरूप डिस्काम का घाटा 2015-16 में 52,000 करोड़ से घट कर एफआरपी के कारण 2017-18 में 17,000 करोड़ रुपये रह गया था। यह 2019-20 में बढ़ कर 30,000 करोड़ तथा 2020-21 में 58,000 करोड़ रुपये हो गया। इसके परिणामस्वरूप कुल कर्ज 2020-21 के अंत में 620,000 करोड़ रुपये हो गया।

इसके कारण केन्द्र को चौथा पैकेज जारी करना पड़ा जिसे 'रिफार्म लिंक्ड, रेजल्ट बेस्ड स्कीम फार डिस्ट्रीब्यूशन'-आरएलआरबीएसडी नाम दिया गया था। इस योजना की घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2021-22 के अपने बजट भाषण में की थी। 300,000 करोड़ रुपये के इस पैकेज का उद्देश्य एटीएंडसी लासेज़ को घटा कर 12-15 प्रतिशत करने तथा धीरे-धीरे मार्च, 2025 तक एसीएस-एआरआर अंतर शून्य करना था। इसके लिए वितरण ढांचे का उच्चीकरण तथा क्षमता संवर्धन करना था ताकि बिजली सप्लाई की विश्वसनीयता तथा गुणवत्ता में सुधार हो सके। इसके अंतर्गत 220 मिलियन परिवारों समेत पूरी बिजली सप्लाई श्रृंखला में अनिवार्य रूप से प्री-पेड व स्मार्ट मीटर लगाना शामिल था। केन्द्र द्वारा लगभग 100,000 के ग्रास बजटरी सपोर्ट-जीबीएस के साथ ही इस योजना के क्रियान्वयन राज्य संचालित विशेष क्षेत्र कर्जदाताओं, जैसे पावर फाइनेस कार्पोरेशन-पीएफसी व ग्रामीण विद्युतीकरण निगम-आरईसी को अपरिवर्तनीय राज्य सरकार गारंटी के रूप में शामिल किया गया था। डिस्काम को जारी फंड इस शर्त के आधार पर था कि वह पूर्व निर्धारित आधार का पालन करेगा तथा सुधारों के न्यूनतम बेंचमार्क लागू करने में सफल होगा। वित्तवर्ष 2021-22 में शुरू आरएलआरबीएसडी में लक्ष्य प्राप्ति की बात की गई थी जिनको 2018-19 में प्राप्त किया जाना था, पर अब उनको बढ़ा कर मार्च, 2025 तक कर दिया गया है। यह अपने आप में हास्यास्पद है। इसमें होने वाली प्रगति पर गौर करें। ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, सरकार के अनुमान से 32 राज्यों व संघशासित क्षेत्रों के 57 डिस्काम ने यह योजना लागू कर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट-डीपीआर तैयार की हैं। संसद में एक सवाल के जवाब में तत्कालीन ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह ने दिसंबर, 2023 में कहा था, 'आज तक नुकसान घटाने के लिए 120,000 करोड़ रुपये की डीपीआर मंजूर की गई हैं तथा स्मार्ट मीटरिंग के लिए 130,000 करोड़ निर्धारित किया गया है।' लेकिन इसके बावजूद जनवरी, 2024 तक पीएफसी-आरईसी आधारित कुल कर्ज वितरण 16 राज्यों द्वारा 112,000 करोड़ तक पहुंचा था, जबकि इसके लिए निर्धारित धनराशि 133,000 करोड़ रुपये थी।

जहां तक सकल बजटीय समर्थन की बात है, केन्द्र द्वारा वित्त वर्ष 2023-24 में इसके लिए केवल 6,000 करोड़ रुपये जारी किए जबकि बजटीय आबंटन 12,000 करोड़ रुपये था। चीजें बहुत धीमी गति से चल रही हैं। यह इस तथ्य से भी पता चलता है कि '220 मिलियन परिवारों में स्मार्ट मीटर लगाने के लक्ष्य की तुलना में अभी तक केवल 0.8 मिलियन मीटर ही लगाए जा सके हैं।' ऐसे में आश्चर्य होता है कि क्या आबंटित पैसे का प्रयोग डिस्काम केवल पहले हुए नुकसानों की भरपाई के लिए कर्ज पाटने में कर रहे हैं, जैसा कि उदय योजना के अंतर्गत हुआ था। अब इस योजना का समय 10 महीने में 31 मार्च, 2025 में समाप्त हो जाएगा। कहीं ऐसा न हो कि इस योजना के लिए निर्धारित धन का प्रयोग लगातार बढ़ते डिस्काम कर्ज की अदायगी में न हो जाए।

इस प्रकार एक दुष्चक्र जारी है। यह समस्या केवल राजनीतिक है। चुनाव जीतने के लिए हर पार्टी 'खैरातों' का वादा करती है जिसमें परिवारों को सस्ती या मुफ्त बिजली शामिल है। इसके कारण झुग्गी-झोपड़ियों में होने वाली बिजली चोरी को भी अनदेखा किया जा रहा है। इस प्रकार लोकरंजक लक्ष्य प्राप्त करने के लिए डिस्काम का प्रयोग 'बलि के बकरे' की तरह किया जा रहा है।

# मोदी के तीसरे कार्यकाल में विदेश नीति

> उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य और वैश्विक मामलों में भारत की भूमिका आने वाले दिनों में परीक्षण और तराशी जारी रहेगी।

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने के एक सप्ताह से भी कम समय में, श्री मोदी वापस अपने उस मुकाम पर पहुंच गए हैं, जहां वे जाने जाते हैं। वे इस सप्ताह इटली में थे, जहां उन्होंने जी-7 के नाम से जाने जाने वाले शक्तिशाली राष्ट्रों के समूह के नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान अफ्रीकी और अरब देशों के नेताओं के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें हुईं, साथ ही मुख्य रूप से अमेरिकी और यूरोपीय समूहों के नेताओं को कई स्पष्ट संदेश भी दिए गए।

तीसरी बार पदभार ग्रहण करने (अपने आप में एक उल्लेखनीय उपलब्धि) के बाद, यह प्रधानमंत्री मोदी की पहली विदेश यात्रा थी, जहां लगभग 670 मिलियन मतदाताओं ने सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता को चुनने के लिए लगभग दो महीने की अवधि में अत्यधिक कठोर गर्मी की धूप में धैर्यपूर्वक कतारों में प्रतीक्षा की। प्रधानमंत्री मोदी और उनकी पार्टी, महत्वाकांक्षी अपेक्षाएं रखने के बावजूद, अकेले बहुमत हासिल नहीं कर पाई और अब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए चुनाव-पूर्व गठबंधन राजनीतिक दलों के एक समूह पर निर्भर हैं। यह ऐसे समय में महत्वपूर्ण हो जाता है, जब यूरोप के कई हिस्से, अमेरिका का उल्लेख नहीं करना, अपने आप में लोकतांत्रिक मंथन का दौर चला रहे हैं। अमेरिका में साल के अंत में चुनाव होने वाले हैं और दोनों पक्षों की आवाजें तीखी और तेज होती जा रही हैं।



इसी तरह, यूरोपीय संसद के चुनावों में दक्षिणपंथी दलों का फिर से उभार हुआ है, जिसका भू-राजनीतिक गतिशीलता पर लंबे समय तक प्रभाव पड़ने की संभावना है। श्री मोदी को इस बात से राहत मिल सकती है कि पश्चिमी देशों को भारतीय लोकतंत्र की स्थिति के बारे में बताते समय उन्हें सावधानीपूर्वक लिखे गए कूटनीतिक बयानों की तलाश नहीं करनी पड़ेगी। पिछले कुछ वर्षों में, पश्चिमी देशों और अमेरिका में भारतीय लोकतंत्र की सेहत, अल्पसंख्यक अधिकारों, धार्मिक स्वतंत्रता, प्रेस के अस्तित्व आदि पर इसके रिपोर्ट कार्ड के बारे में कई सवाल उठाए गए हैं। भारतीय मतदाताओं द्वारा लगभग बहुमत का फैसला, जिसमें सबसे अधिक सीटों वाली पार्टी को नियंत्रण में रखने के लिए पर्याप्त जांच और संतुलन की गुंजाइश है, संसद में विपक्ष की मजबूत उपस्थिति प्रधानमंत्री और उनके राजनयिकों के लिए कई देशों के साथ बातचीत करते समय लोकतंत्र के लिए स्वर्ण मानक स्थापित करने के लिए एक स्पष्ट चर्चा का विषय होगी। राज्य और राष्ट्र के प्रमुख के रूप में अपने लगभग तीन दशकों के अनुभव के साथ, श्री मोदी कूटनीति के लिए नए नहीं हैं और आम चुनावों से पहले कई साक्षात्कारों में, उन्होंने भारत की वैश्विक छवि को बढ़ाने के अपने लक्ष्य को स्पष्ट किया है। जी20 के इर्द-गिर्द भव्य तमाशा (संयुक्त बयान पर पहुंचने के लिए गुप्त कूटनीतिक वार्ता को न भूलें), कई उच्च-स्तरीय राजकीय दौरे, युद्धग्रस्त क्षेत्रों से नागरिकों और पड़ोसियों के लिए किए गए कई बचाव अभियान, कोविड के दौरान आपातकालीन दवाओं की आपूर्ति, ये सभी प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा वैश्विक प्रतिष्ठा प्रबंधन पर दिए जाने वाले ध्यान की ओर इशारा करते हैं।

जी7 में प्रधानमंत्री की तीसरी बार की यात्रा निरंतरता का आश्वासन देती है और वर्तमान और संभावित सहयोगियों के साथ नई जुड़ाव रणनीतियों की खोज करती है, जिसमें निरंतरता और नवाचार पर जोर दिया जाता है। श्री मोदी की इटली यात्रा ऐसे समय में हुई है जब यूक्रेन युद्ध लगातार जारी है, और गंभीर अनिच्छा के बावजूद, आक्रामक रूस के प्रति एकजुट यूरोपीय दृष्टिकोण में खामियां दिख रही हैं। उनमें से कई लोगों को, आतंकवाद के खिलाफ इजरायल के युद्ध के बारे में भी ऐसी ही चिंता होगी, जो महीनों से कम होने से इनकार कर रही है। यह याद किया जा सकता है कि इजरायल और रूस दोनों ही भारत के करीबी सहयोगी हैं, और भारत ने इन दोनों अस्थिर स्थितियों पर टिप्पणी करते समय अब ??तक बहुत ही सावधानी बरती है। पिछले संबंधों की गतिशीलता, जबकि अमेरिका जैसे हाल के सहयोगियों के साथ गहरे संबंध बनाना एक संवेदनशील कूटनीतिक रूपक होने की संभावना है।

यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि पीएम मोदी ने अपने पिछले कार्यकाल के दौरान हासिल की गई निरंतरता और विदेश नीति फोकस को बनाए रखने के लिए दूसरे कार्यकाल के लिए विदेश मंत्री के रूप में एक अनुभवी राजनयिक एस जयशंकर को चुना है। उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य और वैश्विक मामलों में भारत की भूमिका आने वाले दिनों में परीक्षण और तराशी जारी रहेगी।

## आप की बात

### दर्दनाक दुर्घटना

**कुवैत** के मंगाफ शहर की छहमंजिला इमारत में लगी आग से 45 श्रमिकों के मारे जाने के समाचार हृदयविदारक है, जिनमें अधिकांश भारतीय हैं। खाड़ी और अन्य देशों में जाने वाले भारतीय श्रमिक बहुत ही बुरे हालतों मैं अपना जीवन बिताते हैं। उनके आवास में रेलवे बर्थ की तरह पटिए लगाकर एक-एक कमरे में 20-20 मजदूरों को ठहराया जाता है। वे अधिकतर खेराती भोजन से अपना काम चलाते हैं और अपनी कमाई का अधिकांश पैसा देश में अपने परिवार की स्थिति सुधारने के लिए भेजते हैं। भारतीय रुपए की विनिमय दर के चलते वे वहां 1000 से लेकर 3000 दिनार महीने मैं 16 घंटे कार्य करते हैं जो भारतीय मुद्रा में यहां 75,000 से 2,25,000 तक होता है इसीलिए बड़ी तदाद मे श्रमिक वहां जाते हैं। उन्हें खाडी देश में पर्यटक वीजा पर काम दिलाने वाली एजेंसीज भी भारी मुनाफा कमाती है और उनकी 1 साल की कमाई यह लोग हजम कर जाते हैं। अनेक महिला श्रमिकों का देह शोषण होता है। वहां के कानून के अनुसार पर्यटक वीजा पर आने वाले श्रमिकों को अवैध श्रमिक माना जाता है। इस दर्दनाक दुर्घटना को देखते हुए भारत सरकार को विदेश जाने वाले भारतीय श्रमिकों को सरकारी या निजी एजेंसियों से अनुबंध के आधार पर भेजना चाहिए। इससे नियंत्रण बना रहेगा।

-**सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### जी-7 सम्मेलन

**जी**-7 देशों का 50 वां शिखर सम्मलेन इटली के अपुलीया शहर में आयोजित किया जा रहा है। इस बैठक के एजेंडे पर काम होना शुरू हो गया है। सातों सदस्य राष्ट्रों ने एकमत से निर्णय लिया है कि यूक्रेन की सहायता में जब्त की गई रूसी संपत्तियों से अरबों डॉलर जुटाए जांएगे। यह जी-7 की सबसे बड़ी उपलब्धि कही जा सकती है। अमेरिकी प्रस्ताव के मुताबिक यूक्रेन के लिए प्रति वर्ष 50 बिलियन डालर पश्चिमी देशों में रूस का 325 अरब डॉलर का जो जब्त सम्पति के ब्याज से दी जाएगी, ताकि रूस द्वारा नष्ट की गई आधारभूत संरचना का पुनर्निर्माण हो सके। पहली बार इसमें पोप फ्रांसिस भी शामिल हो रहे हैं जो इन सात अमीर देशों को एआई द्वारा सम्पूर्ण मानवता पर खतरे की बात समझाना चाहते हैं। लेकिन शायद ही कोई देश उनकी बात पर गौर करे, हालांकि पोप का सम्मान करते हुए एआई जैसी तकनीकों पर कुछ नियंत्रण की चर्चा हो सकती है। यूक्रेनी राष्ट्रपति को अमेरिका के साथ 10 वर्षीय सुरक्षा समझौता करने में सफलता मिली है। देखना होगा कि इस समझौते पर रूस की क्या प्रतिक्रिया होगी तथा इससे विश्व राजनीति कैसे प्रभावित होगी। कहीं यह नए शीतयुद्ध का बीज न बो दे।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### सरकार से उम्मीदें

**वर्तमान मोदी सरकार** की क्षमता और कामकाज पर विपक्ष काफी भ्रम पैदा करने के प्रयास कर रहा है। लेकिन मंत्रिमंडल के गठन तथा उसके बाद की घटनाओं से यह विपक्ष की कोरी-कल्पना अधिक लगती है। मोदी के पिछले दो कार्यकाल में सरकार ने बिना किसी दबाव के काम किया था। हालांकि, वर्तमान सरकार में गठबंधन सहयोगियों की संख्या थोड़ी अधिक है, पर भाजपा अपने संख्याबल के वर्चस्व से उनके आगे संभवत: झुकेगी नहीं। मोदी ने न केवल प्रमुख मंत्रालय पुराने वरिष्ठ मंत्रियों को देकर नीतिगत निरंतरता सुनिश्चित की है, बल्कि प्रधानमंत्री के सचिव व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के पद पर पुराने लोगों को बनाए रख कर भी स्पष्ट संकेत दिए हैं। भले ही कुछ चुनावी वादे पूरे करना कठिन हो, पर राजग देश के विकास में तेजी लाने पर व्यापक सहमति विकसित करने में सफल होगा। यदि विपक्ष सकारात्मक रूप से मोदी सरकार की योजनाओं में राष्ट्रहित में सहयोग करे तो इससे देश-विदेश में उसकी भी प्रशंसा ही होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जनता की जीवन सुगमता को बजट का मुख्य लक्ष्य बताया है। इसका स्वागत किया जाना चाहिए। उम्मीद है कि सरकार करदाताओं को राहत देगी।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### आतंकी घटनायें

**जम्मू-कश्मीर** में आतंकवादी घटनायें बढ़ रही हैं। आतंकी आम नागरिकों व पुलिस तथा सेना के जवानों को अपना निशाना बना रहे हैं। तीर्थ यात्रियों की बस पर हमले से 9 निर्दोष श्रद्धालुओं की मौत के साथ ही सुरक्षा बलों व पुलिस पर हमले बढ़े हैं। पिछले कुछ वर्षों में हुए 2262 से अधिक आंतकी हमलों में 363 नागरिकों व 596 सेना व पुलिस के जवान शहीद हो गए। ठोस कदम उठाने के बाद भी ये आतंकी घटनाओं में हाल में हुई वृद्धि चिन्ताजनक है। मारे गए आतंकियों के पास से मिले हथियारों व अन्य सामग्री से स्पष्ट है कि पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। पाक से प्रशिक्षित आतंकियों के घुसपैठ के रास्तों को खोज कर घुसपैठ के पहले ही इनको ढेर किया जाना चाहिए। आतंकी जम्मू कश्मीर में लोकसभा चुनाव में हुए भारी मतदान तथा आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कराना चाहते हैं। इनके प्रति हमदर्दी रखने वाले भारतीयों के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसे में पाकिस्तान से बातचीत की पैरवी करने वालों को भी हाशिए पर धकेला जाना चाहिए।

-**हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# मुख्यमंत्री ने तलब की लापरवाह अफसरों की रिपोर्ट

## राजस्व संबंधी मामलों में खराब प्रदर्शन करने वाले जिलों के डीएम से लेकर तहसील स्तर के अधिकारियों पर हो सकती है बड़ी कार्रवाई

● राजस्व वादों के निस्तारण में महोबा, चित्रकूट, मुजफ्फरनगर शामली और बागपत फिसड्डी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आदर्श** आचार संहिता खत्म होते ही एक बार फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। उन्होंने हाल में ही एक उच्च स्तरीय बैठक कर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को तलब कर समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिये। साथ ही कार्यों में लापरवाही बरतने वालों की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में सीएम योगी ने राजस्व संबंधी मामलों में लापरवाही पर खासी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने तत्काल लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लेने का आदेश दिया। साथ ही दो हफ्ते में रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंपने के निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद राजस्व से जुड़े अधिकारी हरकत में आ गये हैं। इसी क्रम में राजस्व परिषद चेयरमैन रजनीश दुबे ने हाल ही में राजस्व से जुड़े मामलों की समीक्षा की। इसमें उन्होंने राजस्व संबंधी कार्यों में लापरवाही पर राजस्व अफसरों, एडीएम, एसडीएम, नायाब तहसीलदार और तहसीलदार स्तर के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। उधर, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने भी राजस्व संबंधी मामलों को लेकर बैठक की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों में राजस्व संबंधी मामलों के निपटारे में लापरवाह अधिकारियों को फटकार लगायी। साथ ही कार्यों में सुधार लाने के निर्देश दिये। इसके अलावा वह जल्द ही राजस्व संबंधी मामलों में अनियमितता बरतने वाले जिलों की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंपेंगे, जिसके बाद इन अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा राजस्व विभाग की बैठक में सामने आया कि राजस्व संबंधी मामलों के निपटारों में कई जिले फिसड्डी रहे हैं। इस पर उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाने के साथ इसमें सुधार लाने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य सचिव ने पाया कि रियल टाइम खतौनी में कानपुर नगर, प्रयागराज, वाराणसी, चित्रकूट और बलरामपुर का प्रदर्शन ठीक नहीं है। इसी तरह वाराणसी, सोनभद्र, बलिया, मैनपुरी और गोरखपुर में खतौनी पुनरीक्षण एवं अंश निर्धारण का प्रतिशत काफी कम रहा है। इन जिलों में करीब 50 प्रतिशत ही अंश निधारण का कार्य हुआ है। वहीं स्वामित्व योजना के तहत घरौनी तैयार करने में गोरखपुर, प्रयागराज, बाराबंकी, जौनपुर और गाजीपुर में काफी धीमी गति से कार्य हो रहा है।

### नामांतरण में कुशीनगर, सोनभद्र तो पैमाइश में लखनऊ, प्रयागराज का प्रदर्शन ठीक नहीं

**बैठक** में सामने आया कि राजस्व वाद के तहत धारा-24 (पैमाइश) में लखनऊ, प्रयागराज, अमरोहा, फतेहपुर और सहारनपुर का प्रदर्शन ठीक नहीं है। इसके साथ ही धारा-34 (नामांतरण) में कुशीनगर, सोनभद्र, रायबरेली, बलिया और अमेठी में पहले से सुधार हुआ है, लेकिन निपटारे का प्रतिशत 95 प्रतिशत से कम है। इसी तरह धारा-80 (कृषिक भूमि का गैर-कृषिक भूमि में परिवर्तन) के अयोध्या में 34, प्रतापगढ़ में 21, गोरखपुर में 12, कानपुर नगर में 10 और बाराबंकी में 7 मामले लंबित हैं। यह सभी मामले एक वर्ष से अधिक और तीन वर्ष से कम के हैं। इसे लेकर मुख्य सचिव जल्द ही पूरी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंप सकते हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लापरवाह अफसरों पर कड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

# बांदा और मीरजापुर के चकबंदी अधिकारी निलंबित

● मैनपुरी में भी कई लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों पर गिरी गाज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भ्रष्टाचार** और कार्य में लापरवाही के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीरो टॉलरेंस की नीति के क्रम में चकबंदी विभाग ने दो जिलों के चकबंदी अधिकारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। शासन द्वारा मीरजापुर और बांदा के चकबंदी अधिकारियों को सस्पेंड किया गया है। वहीं मैनपुरी में भी चकबंदी से जुड़े आधा दर्जन अधिकारी और कर्मचारियों पर गाज गिरी है। प्रदेश के चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन ने बांदा और मीरजापुर के दोनों चंकबंदी अधिकारियों निलंबित करते हुए इनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिये हैं। वहीं मैनपुरी के अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच और कारण बताओ नोटिस जारी की गई है।

बताया गया कि बांदा में वित्तीय वर्ष 2023-24 में धारा-27 व 52 के अंतर्गत लक्षित ग्राम उमरेंहडा का कार्य पूर्ण न करने, ग्राम बहिंगा में सहायक चकबन्दी अधिकारी स्तर पर सृजित चकों की त्रुटियों का निराकरण कर कार्य आगे बढ़ाने के बजाय ग्राम को सहायक चकबन्दी अधिकारी स्तर पर प्रत्यावर्तित करने, सीसीएमएस पोर्टल के माध्यम से न्यायालय न चलाने तथा ग्राम उमरेंहडा के गाटा संख्या-1331 का रकबा बन्दोबस्त से अधिक बढ़ाने आदि अनियमितताओं के लिये चकबंदी अधिकारी राणा प्रताप को निलम्बित करते हुये उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही के आदेश दिये गये हैं। इसी प्रकार मीरजापुर में ग्राम नवैया की चक संख्या-950 आदि से मृतक शेषनरायन सिंह की वरासत मनमाने तौर पर बिना जांच चार बार पृथक-पृथक आदेश पारित कर पद का दुरुप्रयोग किये जाने एवं बाद संख्या-174, धारा-12 में बिना दस्तावेज का सम्यक् परीक्षण और जांच के नामान्तरण आदेश दिनांक पारित करने के लिये चकबंदी अधिकारी राजेन्द्र राम को निलम्बित कर विभागीय कार्यवाही के आदेश दिये गये हैं।

वहीं मैनपुरी में चकबंदी अधिकारी मोहम्मद साजिद, चकबंदी कर्ता काली चरण और रविकांत, चकबंदी लेखपाल अमित कुमार और अजय कुमार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की गई है। इसके अलावा मैनपुरी के ही उप संचालक चकबंदी/एडीएम एफआर रामजी मिश्र को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। इन सभी के खिलाफ कार्य में लापरवाही का आरोप है।

# मुख्यमंत्री ने पीएम के दौरे से पहले काशी में लिया तैयारियों का जायजा



● 18 जून को वाराणसी आ रहे प्रधानमंत्री मोदी करेंगे किसान सम्मेलन को संबोधित

● अफसरों संग सीएम ने की समीक्षा बैठक विकास कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ वाराणसी

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार शाम वाराणसी पहुंचे। सीएम योगी ने यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वाराणसी आगमन की तैयारियों का जायजा लिया। सीएम योगी सबसे पहले मेंहदीगंज में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में अधिकारियों के संग मीटिंग करके वाराणसी और आस-पास के जनपदों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विकास की सभी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

इससे पहले सीएम का हेलीकाप्टर सेवापुरी के मेहंदीगंज स्थित पीएम मोदी के प्रस्तावित जनसभा स्थल पर उतारा। सीएम योगी ने यहां पीएम की सुरक्षा, जनसभा स्थल पर पार्किंग, जनता के आवागमन, नेताओं के रूट समेत प्रमुख बिंदुओं की जानकारी ली। इस दौरान मंडलायुक्त कौशलराज शर्मा ने जनसभा स्थल का रूट मैप मुख्यमंत्री को दिखाया और हर प्वाइंट की जानकारी दी। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने सुरक्षा दायरा, आंतरिक सुरक्षा डी और बाह्य सुरक्षा की जानकारी सीएम योगी को दी।

वहीं लोक निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर को मूवमेंट से संबंधित सभी सड़कों को चेक करने और मरम्मत करने का निर्देश मुख्यमंत्री ने दिया। इसके अलावा जनसभा स्थल पर हेलीपैड को भी मुख्यमंत्री ने देखा और बैरिकेडिंग की उचित व्यवस्था करने के लिए अफसरों को निर्देशित किया। साथ ही डीएफओ को कार्मिकों की ड्यूटी लगाकर चिह्नित स्थल को पूरी तरह जन्तु-जानवरों से मुक्त रखने का निर्देश दिया। इस दौरान बीजेपी जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य और पूर्व विधायक सुरेन्द्र नारायण सिंह 'औढ़े' मौजूद रहे।

बता दें कि तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी का 18 जून को वाराणसी आगमन प्रस्तावित है। पीएम मेहदीगंज में जनसभा और किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसके अलावा वह बाबा विश्वनाथ का दर्शन करेंगे व मां गंगा की आरती में भी शामिल होंगे। इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी व प्रशासनिक अमला तैयारियों में जुटा हुआ है। इसी क्रम में सीएम योगी स्वयं वाराणसी पहुंचकर तैयारियों जायजा लेने पहुंचे हैं।

# गर्मी व त्योहारों को देखते हुए शटडाउन से बचा जाए: नरेंद्र भूषण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● प्रमुख सचिव ऊर्जा ने की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा

**प्रमुख** सचिव (ऊर्जा) नरेन्द्र भूषण ने शुक्रवार को प्रदेश की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा की। वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रबन्ध निदेशक से लेकर अधिशासी अभियन्ताओं तक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति करने वाले राज्यों में यूपी के ~~नंम्बर एक बनने पर बधाई दी तथा~~ इतनी भीषण गर्मी में भी निरन्तर काम कर रहे अधिकारियों तथा कर्मचारियों की सराहना करते हुए उनके मनोबल को बढ़ाया। प्रमुख सचिव ने कहा कि पहली बार प्रदेश में विद्युत की पीक डिमाण्ड 30618 मेगावाट तक तथा विद्युत खपत 655.657 मिलियन यूनिट तक पहुंच गई है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप इस समय सभी क्षेत्रों को (24×7) चौबीस घण्टे विद्युत आपूर्ति दी जा रही है। अंतिम उपभोक्ता के छोर तक विद्युत पहुंचे यह सुनिश्चित किया जाए। जहां कहीं ओवर लोडिंग या स्थानीय स्तर पर कोई समस्या है तो उसे तत्काल समाप्त किया जाए। जिन स्थानों पर भविष्य में औवर लोडिंग की संभावना हो उसके लिए भी कार्य योजना और रणनीति बना ली जाए। विद्युत व्यवधानों को तत्काल ठीक कराया जाये। उन्होंने कहा कि गर्मी एवं त्योहारों को देखते हुए प्लान शटडाउन से बचा जाए अपरिहार्य कारणों से ही शटडाउन लिया जाए साथ ही शटडाउन की निर्धारित प्रक्रिया अपनायी जाए। नरेन्द्र भूषण ने निर्देशित किया कि विद्युत दुर्घटनायें न हों इसके लिये पूरी सावधानी बरती जाए, निर्धारित मानकों को पूरा किया जाए। आवश्यक उपकरण पहनकर ही अनुरक्षण कार्य किए जाएं। ऐसी घटनाओं की जाँच कराकर दुघटनाओं के लिये जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जाए। प्रमुख सचिव ने कहा कि जहां भी आरडीएसएस या अन्य योजनाओं में विद्युत सम्बन्धी कार्य हो रहे हैं उनमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। पोलों की ग्राउटिंग मानक के अनुरूप हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक उपभोक्ताओं को विद्युत व्यवधान और आपूर्ति के बारे में सही जानकारी दें। अधिकारी जन प्रतिनिधियों, प्रबुद्ध व्यक्तियों तथा संचार मीडिया के सम्पर्क में रहें और विद्युत दोषों तथा समस्याओं से अवगत कराते रहें। उनसे प्राप्त सुझाव एवं जानकारियों को भी साझा करें। प्रमुख सचिव ने निर्देशित किया कि विद्युत अधिकारी जनता से मिलने का समय सुनिश्चित करें और उनकी समस्याओं का निराकरण कराये। फोन उठायें और कॉल बैक भी करें। सायं एवं रात्रि में अधिक विद्युत व्यवधान वाले क्षेत्रों में यथा आवश्यकता निर्धारित समय हेतु अतिरिक्त मैन पावर की तैनाती की जाये। वरिष्ठ अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण करें तथा वर्तमान में चल रही भीषण गर्मी के दृष्टिगत रात्रि में उपकेन्द्रों का भी भ्रमण करें। उन्होंने कहा कि सभी उपभोक्ताओं को सही रीडिंग का बिल समय से उपलब्ध करायें, मीटर रीडिंग सही ढंग से हो और उपभोक्ताओं को समय से मिले यह सुनिश्चित होना चाहिए। प्रमुख सचिव (ऊर्जा) ने कहा कि लाइन हानियां कम करने के लिए लगातार प्रयास तेज किए जाएं।

# अधिवक्ताओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राहुल** गांधी और प्रियंका गांधी एवं कांग्रेस पार्टी की नीतियों से प्रेरित हो कर शुक्रवार को लखनऊ सिविल कोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले मुस्लिम समुदाय के अधिवक्तागणों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

कांग्रेस में शामिल होने वालों में एडवोकेट सिराज अहमद, एडवोकेट मुजीब अहमद खान, एडवोकेट मोहम्मद जैन, एडवोकेट फहीम अंसारी, एडवोकेट मुइदुल हसन, पूर्व शासकीय अधिवक्ता सय्यद सईद अख्तर और एडवोकेट शराफत रसूल शामिल रहे। अधिवक्ताओं ने अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश चेयरमैन शाहनवाज आलम के नेतृत्व में प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, एआईसीसी संयोजक शमीम खान और अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश महासचिव मोहम्मद उमैर के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अनीस अख्तर और सचिव शमशेर अली मौजूद रहे।

# मानसून के पहले ही सरकार ने शुरू की बाढ़ से फसलों के बचाव की तैयारियां

**लखनऊ।** देश के 'फूड बास्केट' के तौर पर प्रतिष्ठित उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने प्रदेश की फसलों के रखरखाव को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर उसे क्रियान्वित कर दिया है। प्रदेश में फिलहाल हीटवेव का प्रकोप है और जल्द ही मानसून भी प्रदेश में सक्रिय होने जा रहा है। ऐसे में, फसलों के उचित रखरखाव, हीटवेव तथा बाढ़ से बचाव की प्रक्रिया को अमलीजामा पहनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी किसानों के हितों को प्रमुख प्राथमिकता देते हैं। यही कारण है कि मौसमी परिवर्तन के कारण किसानों को किसी प्रतिकूल परिस्थिति का सामना न करना पड़े तथा केंद्र व राज्य सरकार की सभी योजनाओं का उन्हें लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, बाढ़ के लिहाज से प्रदेश के 27 अति संवेदनशील, 13 संवेदनशील तथा 35 सामान्य जिलों में क्रॉप वेदर वॉच ग्रुप द्वारा दी गई तकनीकी संस्तुतियों के आधार पर एडवायजरी निर्गत करने के कार्य को मूर्त रूप दिया जा रहा है। प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से लगातार लू व हीटवेव का प्रकोप जारी है जिसका असर फसलों पर भी दिख रहा है। ऐसे में, सीएम योगी की मंशा अनुसार इस मौसमी प्रकोप से प्रदेश की फसलों के रक्षण के लिए पहले ही मुख्य सचिव द्वारा क्षेत्रिय कृषि अधिकारियों को एडवायजरी जारी हो चुकी है। इस एडवायजरी को क्रियान्वित करते हुए फसलों की सुरक्षा का मार्ग प्रशस्त किया जा रहा है। मौसम आधारित राज्य स्तरीय कृषि परामर्श समूह की संस्तुतियों के आधार पर इसे क्रियान्वित किया जा रहा है। इसमें धान नर्सरी में पानी निकासी व नमी को सुनिश्चित करने, मल्चिंग तकनीक का प्रयोग करने, स्प्रिंकलर व ड्रिप सिंचाई विधि का प्रयोग, नियमित अंतराल पर हल्की सिंचाई, जैविक खाद का प्रयोग, कन्टूर ट्रेंच विधि के प्रयोग समेत भूजल व वर्षा जल संरक्षण जैसी प्रक्रियाओं को सुनिश्चित किया जा रहा है।

# अखिलेश ने कार्यकर्ताओं को सभी का सम्मान करने की दी नसीहत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि 2024 के लोकसभा चुनाव ने भारत की राजनीति को बदलने का काम किया है। अयोध्या जनपद के लोकसभा क्षेत्र फैजाबाद से सांसद अवधेश प्रसाद की जीत से जनता ने नफरत की राजनीति को खत्म कर दिया है। हमें ऐतिहासिक जीत मिली है। पर इस जीत से हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ी है। हमें अभी से 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाना है।

यादव शुक्रवार समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में बड़ी संख्या में आए हुए पार्टी कार्यकर्ताओं, नेताओं, विधायको तथा नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को ऐतिहासिक जीत मिलने से समाजवादी पार्टी की ताकत बढ़ी है और नेताओं, कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। आगे विधानसभा चुनाव में जीत का लक्ष्य पाने के लिए जहां हम सबको अपनी भाषा ठीक रखनी है वहीं सभी का सम्मान करना भी सीखना होगा। हमें जनता से जुड़े रहना है। जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है। यादव ने कहा कि जनता के सामने कोई नहीं टिक सकता है। चुनाव में जनता ने भाजपा का अहंकार तोड़ा है। भाजपा नेताओं को अब नींद नहीं आती है। एनडीए नकारात्मक-निगेटिव गठबंधन साबित हुआ जबकि पीडीए प्रगतिशील प्रोगेसिव गठबंधन रहा। समाजवादी पार्टी पीडीए-इंडिया गठबंधन ने संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ी।

समाजवादी विचारधारा का संघर्ष बराबर जारी रहेगा। समाजवादी पार्टी की जीत की बधाई देने आए सैकड़ों लोगों ने अखिलेश यादव से भेंट कर उन्हें जीत की हार्दिक बधाई दी। यशभारती सम्मानित पं. हरिप्रसाद मिश्रा ने भी अखिलेश यादव को स्वास्तिवाचन के साथ रक्षा सूत्र बांधा और उनके शतायु तथा यशस्वी होने की कामना की।

# खुले मैनहोल्स से होने वाली दुर्घटनाओं पर सरकार गंभीर, जारी की एसओपी

● जिलाधिकारियों को निर्देश, निकाय स्तर पर तकनीकी समिति बनाकर खुले मैनहोल्स को तत्काल ढका जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**खुले** मैनहोल्स तथा डक्ट के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए योगी सरकार बेहद गंभीर है। सरकार की ओर से निकायों में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए एस एसओपी जारी करते हुए सभी निकायों को प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, सभी जिलाधिकारियों को निकाय स्तर पर तकनीकी समिति बनाकर खुल मैनहोल्स व डक्ट को तत्काल ढकने की कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है। स्थानीय निकाय निदेशालय की ओर से यह एसओपी सभी जिलाधिकारियों को शीर्ष प्राथमिकता के तहत जारी कर दी गई है तथा आवश्यक कदम उठाने को कहा गया है।

उल्लेखनीय है कि 23 अप्रैल 2024 को लखनऊ के जानकीपुरम विस्तार सेक्टर 10 में खुले मैनहोल्स में गिरने से एक बच्चे की मृत्यु हो गई थी। इस तरह की घटनाओं को देखते हुए सरकार ने चिंता जताई है और गंभीरता से इसके उपाय करने के निर्देश दिए हैं। स्थानीय निकाय निदेशालय के निदेशक नितिन बंसल ने बताया कि जारी एसओपी के अनुसार, मैनहोल्स एवं डक्ट के खुले होने संबंधी शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के लिए नगर निगम स्तर पर नगर आयुक्त द्वारा प्रत्येक जोन में जोनल अधिकारी की अध्यक्षता में एक तकनीकी समिति का गठन किया जाएगा। इस समिति में सहायक अभियंता/अवर अभियंता जलकल सदस्य-सचिव होंगे, जबकि जोनल सेक्रेट्री ऑफिसर सदस्य होंगे। इसके साथ ही नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत स्तर पर जिलाधिकारी द्वारा तकनीकी समिति गठित की जाएगी, जिसके अध्यक्ष प्रभारी स्थानीय निकाय होंगे, जबकि अधिशासी अधिकारी सदस्य सचिव और सहायक अभियंता/अवर अभियंता सदस्य होंगे। इन समितियों द्वारा साप्ताहिक रूप से सीवर सिस्टम का निरीक्षण किया जाएगा तथा यदि निरीक्षण के दौरान मैनहोल्स अथवा डक्ट खुला पाया जाता है तो अधिकतम 24 घंटे के अंदर मैनहोल्स एवं डक्ट का ढके जाने की कार्यवाही की जाएगी। तकनीकी समिति द्वारा जब तक मैनहोल्स को ढक नहीं दिया जाता तब तक वहां पर किसी कार्मिक को लाल झंडे के साथ तैनात किया जाएगा, ताकि आम जनमानस को मैनहोल्स में गिरने से रोका जा सके।

नितिन बंसल ने बताया कि स्थानीय निकाय द्वारा मैनहोल्स के खुले होने की शिकायतों को जनमानस द्वारा प्राप्त करने के लिए एक कंप्लेंट रिड्रेसेल सिस्टम/हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराया जाएगा तथा उसका व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस तरह की समस्याओं के लिए भारत सरकार का हेल्पलाइन नंबर 14420 है, जबकि राज्स सरकार का हेल्पलाइन नंबर 1533 है। इसे डायल करने पर स्थानीय जनपद में कॉल रिसीव की जाएगी, जहां पर शिकायत की जा सकती है। यही नहीं, तकनीकी समिति द्वारा पार्षदों से भी उनके वार्डों में मैनहोल्स के खुले रहने के संबंध में सूचना प्राप्त किए जाने की व्यवस्था निर्धारित की जाएगी। सफाई कर्मचारी, सफाई सुपरवाइजर, आम जनमानस तथा पार्दष व अन्य स्त्रोतों से प्राप्त मैनहोल्स के खुले रहने की शिकायत पर उसका निस्तारण समिति द्वारा अधिकतम 24 घंटे के अंदर कराया जाएगा। शिकायत का निस्तारण होने के बाद यदि मैनहोल्स के खुले रहने के कारण कोई अप्रिय दुर्घटना होती है तो समिति के विरुद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई अनिवार्य रूप से की जाएगी।

# बौद्ध सर्किट के अंतर्गत आने वाले पर्यटन स्थलों की होगी ब्रांडिंग व मार्केटिंग: जयवीर

● देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित किया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि बौद्ध सर्किट के अंतर्गत आने वाले पर्यटन स्थलों का राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मार्केटिंग एवं ब्राण्डिंग कराई जाए। जिससे अधिक से अधिक विदेशी एवं घरेलू पर्यटक इन स्थलों का भ्रमण कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि ब्राण्डिंग एवं मार्केटिंग में नवाचार को शामिल करते हुए और बेहतर क्या किया जा सकता है, इन संभावनाओं का भी पता लगायें। पर्यटन के क्षेत्र में असीमित अवसर एवं रोजगार के संसाधन हैं। इसका भरपूर लाभ उठाया जाना चाहिए।

जयवीर सिंह आज यहां पर्यटन भवन के सभागार में पर्यटन विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने पौराणिक स्थलों के इतिहास लेखन की समीक्षा करते हुए कहा कि इन स्थलों के इतिहास के साथ मुख्य द्वार के आसपास पत्थर के शिलालेख भी अंग्रेजी व हिन्दी में खुदवायें जाए, जिससे पर्यटक इन स्थलों के बारे में आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकें। बैठक में बताया गया कि 09 मण्डलों के विश्वविख्यात स्थलों का इतिहास लेखन किया जा चुका है। सोरों सूकर क्षेत्र, ऐरच जैसे अल्पज्ञात स्थल भी प्रदेश में मौजूद हैं। इतिहास लेखन के तथ्यों में पारदर्शिता एवं तथ्यात्मक विवरण के लिए विशेषज्ञों की समिति भी बनाई जाए, जो तथ्यों की जांच पड़ताल कर स्थानीय स्तर पर प्रचलित दंत-कथाओं को भी स्थान दे सकें। बौद्ध स्थलों पर थाईलैण्ड, लाओस, बियतनाम आदि देशों से भारी संख्या में पर्यटक आते हैं। इन स्थलों का प्रचार प्रसार करके लाभ उठाना चाहिए। पर्यटन मंत्री ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभाग में जो भी कार्ययोजना बनाई जाए अथवा कार्यक्रम कराये जाए, उसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करके उनके सुझाव प्राप्त किये जाए। उन्होंने कहा कि पुरानी परम्परा से हटकर कार्यक्रमों में नयापन लायें और उसकी गुणवत्ता बढ़ायें। उन्होंने कहा कि 01 जुलाई से मथुरा, आगरा हेलीकाप्टर सेवा हरहाल में शुरू कर दी जाए। इसके लिए 25 जून तक सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाए। साथ ही इसका किराया आदि एवं दी जाने वाली अन्य सुविधाओं के बारे में भी पर्यटकों को जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि चित्रकूट तथा मध्य प्रदेश से लगे इसके भाग में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार तथा यूपी के मध्य जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक कराई जाए।

चित्रकूट के पर्यटन विकास के लिए संचालित परियोजनाओं के बारे में जानकारी भी दी जाए। जयवीर सिंह ने यह भी निर्देश दिये कि प्रदेश में लगने वाले मेलों तथा उत्सवों एवं महोत्सवों के दौरान पर्यटन विभाग अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराये तथा विभिन्न माध्यमों से पर्यटकों को उप्र की ओर आकर्षित करने के लिए प्रयास करे। उन्होंने प्रदेश के 57 जनपदों में स्टाफ की कमी दूर करने के लिए आउटसोर्सिंग पर भर्ती करने के निर्देश दिये तथा उनके वेतन आदि के भुगतान के लिए धनराशि की व्यवस्था करने को कहा। इस अवसर पर राही पर्यटक आवास गृहों को पीपीपी मोड पर विकसित एवं संचालित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किये गये। समझौते के अनुसार राही पर्यटक आवासगृह संकिसा, फर्रूखाबाद तथा राही पर्यटक आवासगृह बिठूर, कानपुर में स्थित आवासगृहों का सौन्दर्यीकरण कराया जायेगा। इससे राज्य सरकार पर कोई व्यय भार नहीं आयेगा तथा सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी।

समीक्षा बैठक में मौजूद प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि 10वॉ अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को आयोजित किया जा रहा है। इसके दौरान पर्यटन स्थलों, घाटों तथा जहॉ राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय होटलों में विदेशी पर्यटक ठहरते हैं, उनको भी इसमें शामिल किया जाए। होटल की लॉन एवं आस पास के पार्क में भी योग दिवस का आयोजन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 16 जून को गंगा दशहरा के अवसर पर आस्था से जुड़े घाटों पर प्रचार प्रसार कराया जाए। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई से न्याय संहिता लागू होगी, इसके तहत विभाग में मौजूद अधिनियमों को जनपरक बनाने के लिए तैयारी की जाए।

# ईंट भट्ठी की दीवार ढहने से दो महिला मजदूरों की मौत

## ● पुलिस मामले की लीपा पोती में जुटी




हेमलता, पुष्पा

**संडीला ( हरदोई )।** ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने के लिए छत्तीसगढ़ से लायी गयी दो महिलाएं उस समय अकाल मृत्यु का शिकार बन गयीं जब ईंट भट्ठे की ईंटों की दीवार भरभराकर ढह गयी। मिली जानकारी के अनुसार थाना अतरौली के अंतर्गत ग्राम घेरवा स्थित एक ईंट भट्ठे छत्तीसगढ़ प्रदेश के ग्राम ओखर थाना पचपेड़ी जनपद बिलासपुर निवासी हरीशचन्द्र साहू तथा अयोध्या प्रसाद ठेकेदार के माध्यम से मजदूरी करने के लिए आए थे। हरीशचन्द्र की पत्नी 20 वर्षीय हेमलता और अयोध्या प्रसाद की 32 वर्षीय पुष्पा भी साथ में थीं और दोनों अपने पतियों के साथ इर्स इंट भट्ठे पर काम करतीं थीं। घटना के संबंध में पता चला है कि ईंट भट्ठे पर ईंटों की करीब 40 इंच मोटी दीवार बनी हुई थी। इसके ऊपर भट्ठे में कोयला डालने की मशीन रखी थी। जब इस मशीन से कोयला डाला जा रहा था तभी यह दीवार भरभराकर ढह गयी और पास ही काम कर रही हेमलता तथा पुष्पा ईंटों के मल्बे में दब गयीं।

मल्बे में दबी दोनों महिलाओं को भट्ठे पर मौजूद लोगों ने ईंटे हटाकर जब तक निकाला तब तक दोनों की हालत बेहद गंभीर हो गयी थी। दोनों को उठाकर पहले सीएचसी भरावन लाया गया लेकिन वहां दोनों की हालत बेहद गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें ट्रॉमा सेंटर भेज दिया। इलाज के दौरान दोनों महिलाओं की मौत हो गयी। इस दुर्घटना के संबंध में जब थाना अतरौली से संपर्क किया गया तो पुलिस ने इस घटना के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी होने से इनकार कर दिया। सनद रहे कि क्षेत्र में चल रहे तमाम ईंट भट्ठों पर छत्तीसगढ़ के सैकड़ों मजदूर ठेकेदारों के माध्यम से काम करने आते हैं। इन मजदूरों को ठेकेदार लंबी चौड़ी कमाई के सब्जबाग दिखाकर लाते हैं और उनको भट्ठा मालिकों के रहमो करम पर छोड़ देते हैं जहां कई बार उनका शोषण होता है और उन्हें अमानवीय परिस्थितियों में काम भी करना पड़ता है। मृतक हेमलता के दो पुत्रियां हैं जबकि पुष्पा के दो पुत्र तथा एक पुत्री हैं। ईंट भट्ठे पर हुए इस हादसे के बाद मजदूरों में घोर असुरक्षा व्याप्त हो रही है और पुलिस के रवैये को लेकर भी कई तरह के सवाल उठना स्वाभाविक ही हैं।

# बाजारों में पसरा सन्नाटा गर्म हवाएं चलने से जनजीवन प्रभावित

**फर्रुखाबाद।** जून माह का पहला सप्ताह गुजरने के बाद भी गर्मी व उमस से आमजन को कोई राहत नहीं मिल पा रही है। अब दिन के साथ-साथ रात का तापमान भी 32 डिग्री बने रहने से गर्म हवाओं का असर दिखाई दे रहा है हालांकि पहले कहा जा रहा था कि जून के पहले सप्ताह में बूंदाबांदी से लोगों को गर्मी से कुछ निजात मिल सकती है लेकिन अभी तक जिले में कहीं भी बारिश न होने से मौसम का मिजाज असहनीय बना हुआ है। जनपद में पिछले 48 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान 44 व न्यूनतम 32 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया। सुबह से गर्म हवाएं चलने के साथ साथ भारी उमस के चलते आमजन को खासी परेशानियों से गुजरना पड़ा। बाजारों में प्रतिकूल मौसम के चलते कारोबार, व्यापार, कामधंधों पर असर दिखाई दिया। सुबह, शाम नगर के बाजारों में खरीददार दिखाई दिए।

# जिलाधिकारी ने जिला पोषण समिति व कन्वर्जेंस विभागों की समीक्षा कर दिए निर्देश



**फतेहपुर।** जिला पोषण समिति एवं कन्वर्जेंस विभागों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी सी. इंदुमती की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बाल विकास पुष्टाहार के सभी इंडिकेटरो की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने विकास खंड बहुआ के सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग का कार्य समय से पूरा न कराने पर सीडीपीओ एवं खंड विकास अधिकारी से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश जिला विकास अधिकारी को दिए। गर्भवती, धात्री महिलाओं, बच्चो का पोषाहार का वितरण समय से शत प्रतिशत कराया जाय एवं 0-5 वर्ष तक के बच्चों के लम्बाई व वजन का कार्य निर्धारित समय से कराया जाय, साथ ही इसकी फीडिंग पोषण ट्रैकर एप पर कराना सुनिश्चित करें। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बीएचएसएनडी दिवस पर महिलाओं, बच्चों की जांच, टीकाकरण का कार्य संवेदनशीलता के साथ किया जाय और इस पर निगरानी बनाए रखे। कुपोषित/अतिकुपोषित बच्चों को चिन्हित कर सभी सुविधाएं मुहैया कराकर कुपोषण मुक्त कराया जाये। जिला अस्पताल के एनआरसी से डिस्चार्ज किए गए बच्चों का लगातार फीडबैक लेते हुए निगरानी बनाए रखे। वित्तीय वर्ष 2022-23 के आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण कार्य शेष रह गया है। कार्यदाई संस्था निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण, चरणबद्ध तरीके से कार्य में तेजी लाकर पूरा कराए जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण के लिए जमीन की समस्या आ रही है संबंधित एसडीएम से समन्वय बनाकर जमीनी समस्या का समाधान कराते हुए निर्माण का पूरा कराया जाये। जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों में इको फ्रेंड्ली बेबी शौचालय बनाया जाना है कि टेंडर प्रक्रिया को नियमानुसार पूरा करते हुए गुणवत्तापूर्ण समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चंद्रौल, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, एसीएमओ, खंड विकास अधिकारी बहुआ, सीडीपीओ उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात पुलिस की पहल



ट्रैक्टर ट्रालियों में रिफ्लेक्टर टेप लगाती यातायात पुलिस।

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशानुसार व अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संसार सिंह के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. प्रियंका वाजपेई के नेतृत्व में यातायात प्रभारी आफाक खां द्वारा मंडी समिति में मक्का लेकर आ रहे ट्रैक्टर ट्रालियों में बड़े पैमाने पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए। यातायात प्रभारी द्वारा बताया गया कि अब चूंकि मक्का तैयार हो गया है। जिसको किसान भाई ट्रैक्टर ट्रालियों में लादकर मंडी समिति ला रहे हैं। ट्रैक्टर ट्राली में रेट्रो रिफ्लेक्टर नहीं होता। जिसके कारण अंधेरे में पीछे से आने वाले वाहन ट्रैक्टर ट्रालियों से अधिकतर टकरा जाते हैं। इसलिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार ट्रैक्टर ट्रालियों में पीछे रेट्रो रिफ्लेक्टर लगाया जा रहा है जो निशुल्क हैं।

मक्का से लदे ट्रैक्टर ट्रालियों के अधिक आवागमन से शहर में जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसके लिए यातायात पुलिस द्वारा ट्रैक्टर ट्रालियों का डायवर्जन प्रारंभ कर दिया गया है। गुरसहायगंज की तरफसे आने वाली ट्रैक्टर ट्रालियां पाल चौराहे की तरफ से होते हुए पूर्वी बाईपास होकर मंडी समिति पहुंचेंगी। तिर्वा और ठठिया की तरफ से आने वाली ट्रैक्टर ट्रालियां पाल चौराहे से मंडी समिति की तरफ डायवर्ट की जाएगी, जो पूर्वी बाईपास होकर मंडी समिति पहुंचेंगी। पुराने जीटी रोड सरायमीरा क्षेत्र में यातायात जाम की समस्या से आम जनमानस को राहत मिलेगी। प्रभारी द्वारा ट्रैक्टर ट्रालियों के चालको एवं वाहन स्वामियों को यातायात नियमों की जानकारी भी दी गई।

# कमी मिलने पर व्यापक जांच हेतु सभी ग्राम पंचायत तैयार रहें: सीडीओ

## ● पंचायत स्तर पर आयोजीत होगा योगा दिवस पूर्व से तैयारी करें सुनिश्चित, ग्रामीणों को करें प्रेरित ● पात्रों का चयन कर शौचालय निर्माण हेतु मांग की जाए सुनिश्चित

## ● पंचायत सहायक की उपलब्धता सचिवालय में की जाए सुनिश्चित



**कानपुर देहात।** आज मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में ग्राम सचिवों के साथ बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें गौशालाए शौचालय, मुख्यमंत्री आवास, नरेगा, एनआरएलएम सहित वित्तीय समावेश की वृहद चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने सख्त अंतिम चेतावनी सहित यह स्पष्ट किया कि की प्राथमिकता में चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान में जल भराव, नाली, नालों के चोक आदि की समस्या किसी भी स्थिति में जनपद में किसी भी स्थान पर ना रहे। इस कार्य हेतु यदि आवश्यकता हो तो लेबर आदि की सहायता से बारिश से पहले समस्त नाली नालों में शत प्रतिशत साफसफाई सुनिश्चित की जाए। शिकायत प्राप्त होने पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले योग दिवस पर भी समस्त ग्राम सचिवों को ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजन हेतु पूर्व से तैयारी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। 32 ग्राम पंचायत में गठित गंगा समिति की बैठक आयोजित कराए जाने के साथ ही ग्राम पंचायत की तरफ से साफसफाई व्यवस्था हेतु डस्टबिन आदि की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने 1 जुलाई से संचालित होने वाले विशेष संचारी रोग अभियान में समस्त सहायक विकास अधिकारी पंचायत की जिम्मेदारी तय करते हुए सेक्टर वार साफ सफाई अभियान के अंतर्गत झाड़ी कटाई आदि संचालित किए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत गौशालाओं में पल रहे जानवरों हेतु सभी आवश्यक प्रबंध पर निगरानी रखे जाने व पेयजल की उपलब्धता शत प्रतिशत रखे जाने के साथ हीए आगामी वर्षा ऋतु हेतु खुरपका आदि रोगों से बचाव हेतु इंटरलॉकिंग आदि कराए जाने जिससे जलभराव कि समस्या न रहे एवं साफ सफाई हेतु सभी इंतेजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देश दिए कि प्रत्येक दशा में पंचायत सहायक की उपलब्धता सचिवालय में सुनिश्चित की जाए तथा शासन स्तर पर नियुक्ति हेतु भेजी जाने वाली पंचायत सहायक की मांग के संबंध में उन्होंने स्पष्ट किया कि पूर्व से ही जिन पंचायत सहायकों के आवेदन अग्रसारित किए जाएं उनमें ये सुनिश्चित किया जाए कि पंचायत सहायक कंप्यूटर की जानकारी रखता है अथवा नहीं, जिससे ग्रामीणों का कार्य ग्राम पंचायत स्तर पर प्रभावित न हो। उन्होंने समस्त सचिवों को निर्देश दिए की ग्रामीण स्तर पर हो रहे किसी भी कार्य हेतु यदि भुगतान किया जा चुका है परंतु कार्य प्रारम्भ नही हुआ है अथवा कार्य पूर्ण नहीं हुआ है तो वह 30 जून तक प्रत्येक दशा में कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें अन्यथा की दशा में कार्रवाई हेतु तैयार रहे।

# क्विक न्यूज

## संदिग्ध हालत में युवक की मत्यु

**हमीरपुर।** सदर कोतवाली के हमीरपुर शहर में आज पुलिस ने दोस्त के यहां युवक का शव बरामद किया है। पुलिस का मानना है कि अधिक शराब पीने से युवक की मौत हुई है। पुलिस के मुताबिक रमेडी चौराहा निवासी कल्लू(30) शराब का आदी था उसका दोस्त भी शराब का आदी थी दोनो ही अक्सर बैठकर शराब पीते देखे जाते थे। कल दोपहर से कल्लू अचानक गायब हो गया परिवारीजनों द्वारा काफी खोजबीन की गयी मगर उसका पता नही चला. इधर पडोसियों का कहना है कि दोनो को रात मे शराब पीते देखा गया था आज जीसस के परिवारीजनो ने छत में देखा कि कल्लू एक कोने में पड़ा है। शरीर में कोई हरकत होते न देख पुलिस को सूचना दी गयी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

## लू की चपेट में आने से मजदूर की मृत्यु

**मौदहा, हमीरपुर।** ईंट भट्ठा से काम करके वापसी अपने घर की ओर आ रहे एक मजदूर की लू की चपेट में आने से मृत्यु हो गयी।कोतवाली क्षेत्र के नारायच गांव निवासी रामबाबू (55) दोपहर बाद मदारपुर रोड पर स्थित पारस ईंट भट्ठा से काम करके वापस अपने घर की ओर आ रहा था तभी वह तेज धूप व चल रही लू लपट की चपेट में आ गया और हीट वेव से ग्रसित हो गया जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। वहीं उसकी यह हालत देखकर परिजनों ने आनन-फानन में उसे कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं रामबाबू की अकस्मात हुई इस मौत से परिजनों में कोहराम छा गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम प्रक्रिया के लिए भेज दिया है।

## महिला को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** रंजिश के चलते युवक के साथ गांव के ही एक परिवार के दो सदस्यों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया तथा धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम जुनेदपुर निवासी अफसाना बेगम पत्नी जुनैद रजा द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि गुरुवार की सुवह वह अपने घर के बाहर खड़ी थी तभी गांव के ही महेसर व सब्बू बेगम आए और उसके साथ गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## विवाहिता को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** शादी में कम दहेज देने का ताना देते हुए पति ने विवाहिता को मारपीट कर घायल कर दिया तथा धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम झूसी नागर निवासी अंजली देवी पत्नी अतुल सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि शुक्रवार की सुबह उसके पति अतुल सिंह ने शराब के नशे में धुत होकर शादी में कम दहेज देने की बात कहते हुए गाली गलौज व मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारनें की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## खंभे लग गए लाइन नहीं पड़ी, केविलो में झूल रही मौत

**फर्रुखाबाद।** बीते लगभग पांच सालों से बिजली विभाग के द्वारा पोल तो लगा दिये गये लेकिन उनमे तार नही लगाये गये। जिससे बाशिंदों में रोष है। उपभोक्ताओं के द्वारा केबिल डालकर बिजली सप्लाई ली जा रही है लेकिन आये दिन केबल खराब होनें से लोगों को समस्या का सामना भी करना पड़ता है । अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष धीरज कुमार पाण्डेय नें अधीक्षण अभियंता को पत्र देकर मोहल्ला शिव नगर कालोनी में उनके आवास के आसपास बीते लगभग 5 साल से बिजली के खम्भे लगे थे जिनमे आज तक तार नही लगाये गये। पिछले दो महीनों से मोहल्ले में बिजली की समस्या बढ़ गयी है। गली में केबिलों का जाल फैला है जो जर्जर हैं, यदि कोई दुर्घटना होती है तो विभाग जिम्मेदार होगा।

## संदिग्ध हालत में महिला ने लगाई फांसी, हत्या का आरोप

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के सुकुई गांव निवासी कल्लू ने अपनी पुत्री शकुंतला की शादी 14 जुलाई 2020 को खेसहन गांव निवासी विजय के पुत्र रामकरन के साथ की थी। गुरूवार की देर शाम महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के चाचा कृष्ण कुमार ने बताया कि शादी के बाद से ही पति व ससुर दहेज में साठ हजार रूपए की मांग को लेकर आए दिन उसकी भतीजी को मारते-पीटते थे। इससे पूर्व शराब के नशे में दो बार दामाद ने मारा था। जिससे वह मायके आ गई थी। समझा-बुझाकर वापस भेज दिया था कल पति ने अपने पिता के साथ मिलकर पहले भतीजी को मारापीटा बाद में हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया।

# चाचा भतीजे को छेड़छाड़ के विवाद में मारी गोली

**फर्रुखाबाद।** युवती से छेड़छाड़ के विवाद में चाचा भतीजे के गोली मारकर घायल कर दिया गया। उन्हें सीएचसी कायमगंज से लोहिया अस्पताल रिफर किया गया। कोतवाली कायमगंज के ग्राम न्याजू नगला निवासी 40 वर्षीय वीकेश शाक्य पुत्र नेकराम व उसके भतीजे 23 वर्षीय सुखवीर पुत्र कल्लू शाक्य को बीती देर रात गोली मारकर घायल कर दिया। सुखवीर के पेट में जबकि वीकेश के जाँघ में गोली लगी स घटना के पीछे आरोपियों के द्वारा घायल पक्ष के परिवार की एक युवती से छेड़छाड़ का मामला बताया जा रहा हैं। दोनों घायलों को सुबह 3.35 बजे लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया। पुलिस से शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्यवाही पीड़ित पक्ष का आरोप हैं की पूर्व में भी आरोपी युवती से छेड़छाड़ कर चुके हैं शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की स घटना के समय भी आरोपियों ने गोली मारने की धमकी दीस डायल 112 को सूचना दी लेकिन उसने भी कोई कार्यवाही नहीं की और आरोपियों ने गोली मार दी।

# बाइक की टक्कर से महिला की मौत, तीन घायल



रोते विलखते परिजन

**मौदहा, हमीरपुर।** राजमार्ग में हुई मोपेड व बाइक की टक्कर में घायल एक महिला की मौत हो गई जबकि उसके पति समेत दूसरी बाइक में सवार महिला व दो युवक भी घायल हो गए। आरोपी बाइक सवार अस्पताल से भाग निकले। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम मदारपुर निवासी राम जीत निषाद अपनी पत्नी सुमन (55) को अपनी मोपेड में लेकर अपनी रिश्तेदारी में एक 8 वर्षीय बालक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने के बाद उसके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए ग्राम गुढ़ा गया था। शुक्रवार की दोपहर जब वह अपनी पत्नी को मोपेड में लेकर अपने गांव लौट रहा था तभी राजमार्ग पर गहबरा चौकी के समीप पीछे से आ रहे बाइक सवारों ने उसकी मोपेड में टक्कर मार दी जिससे सुमन मोपेड से उछल कर राजमार्ग पर गिर पड़ी।

टक्कर मारने वाले बाइक में सवार दोनों युवक व एक महिला भी बाइक समेत सुमन के ऊपर गिर पड़े। इस घटना में सभी के गंभीर रूप से घायल होने के चलते राहगीरों की मदद से उन्हें लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल मौदहा लाया गया जहां चिकित्सक ने सुमन को देखते ही मृत घोषित कर दिया इसकी जानकारी होते ही आरोपी बाईक सवार दोनों युवक व महिला घायल अवस्था में बिना इलाज कराये अस्पताल से भाग निकले। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतका के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस घटना से मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया है वह अपने पीछे तीन पुत्रों व एक पुत्री को बिलखता छोड़ गई है। घायल राम जीत ने बताया कि आरोपी बाईक सवारों में वह एक युवक को जानता है जिसका नाम उसने रघुनाथ पुत्र मुन्नीलाल वर्मा निवासी ग्राम भवानी बताया है।

# खनन माफिया पर कसा शिकंजा, जेसीबी डंपर सीज़



सीज़ की गयी जेसीबी एवं डंपर

**संडीला ( हरदोई )।** आधी रात को अवैध मिट्टी खनन कर रहे मिट्टी माफिया पर एसडीएम ने छापेमारी कर डंपर और जेसीबी को सीज़ कर दिया। इसके अलावा तीन लोगों के विरुद्ध एफ़आईआर भी दर्ज करायी गयी। एसडीएम तान्या सिंह ने आधी रात को सुजानपुर तालाब में अवैध खनन करा रहे मिट्टी माफ़िया पर छापेमारी की कार्रवाई की और मौके पर एक जेसीबी नंबर यूपी 30 बीटी/ 1936 और एक डंपर नंबर यूपी 14 एचटी/ 5017 को कब्जे में ले लिया। जानकारी करने पर पता चला कि यह सारा खनन आजादए सलमान और मुईन के द्वारा कराया जा रहा है। एसडीएम ने तीनों के विरुद्ध एफ़आईआर दर्ज कराने के आदेश दिए। एसडीएम ने इनपर अवैध खनन कराने के लिए जुर्माना भी लगाया है। बताते चलें कि क्षेत्र में खनन माफ़िया ने काफी समय से कहर बरपा कर रखा है। अब तक सैकड़ों बीघा पशुचर भूमि के अलावा दर्जनों तालाबों में खुदाई करके धरती के सीने को क्षतिगृस्त किया है। यह खनन माफ़िया क्षेत्र में तेजी से पल्टे प्लॉटिंग करने वाले लोगों तथा औद्योगिक क्षेत्र में लगने वाली औद्योगिक इकाईयों को मिट्टी सप्लाई करके करोड़ों के वारे न्यारे कर रहे हैं और पुलिस और प्रशासन के लोग इस संबंध में मूक दर्शक हैं। साथ ही साथ इस खनन माफ़िया ने विशेष रूप से उच्च प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के ड्राइवरों से भी सांठ गांठ कर रखी है। जैसे ही कोई अधिकारी इस खनन माफ़िया की जांच के लिए घर से निकलता हैए चालक अत्यंत खामोशी से उन्हें इसकी जानकारी दे देता है और खनन माफ़िया के लोग अधिकारियों के पहुंचने से पहले ही गायब हो जाते हैं। पलिया लखनऊ हाईवे के निर्माण प्रारंभ होने के बाद पीएमसी नामक कंपनी जो यह निर्माण करा रही हैए उसकी आंड़ लेकर भी स्थानी खनन माफ़िया सक्रिय हैं और जमकर मिट्टी का खनन हो रहा है। भारी डंपर और जेसीबी के चलने से तमाम गांवों के संपर्क मार्ग बुरी तरह क्षतिगृस्त हो गए है जिसकी कीमत आम लोगों को चुकानी पड़ रही है। फिर भी एसडीएम तान्या सिंह द्वारा की गयी यह कार्रवाई निश्चित रूप से खनन माफ़िया पर कुछ तो अंकुश लगाएगी।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की डीएम-एसपी ने ली बैठक, दिए निर्देश

## ● रोड सेफ्टी कंसलटेंट ने ट्रैफिक मैनेजमेंट, रोड सेफ्टी पर दिया प्रेजेंटेशन



**लखीमपुर खीरी।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं जाने तथा यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह और एसपी गणेश प्रसाद साहा ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक का संयोजन, संचालन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड (तृतीय) के अधिशाषी अभियंता अनिल कुमार यादव और एआरटीओ आलोक कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने जिले में सड़क.सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को जरूरी कार्यवाई करने के निर्देश दिए। जिले में जहां पर घुमावदार स्थान तथा ब्लाइंड स्पॉट हैए वहां से सौ मीटर पूर्व में साइनेज लगाने के दिशा निर्देश दिया। स्कूली वाहन मानक के अनुरूप होने पर ही संचालित हो। डीएम ने सड़क निर्माण एजेंसियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उनके मार्ग पर जितने भी ब्लैक स्पॉट अवशेष हैं, उनका शीघ्र अति शीघ्र सुधारात्मक कार्य पूर्ण कराया जाए। ब्लैक स्पॉटवार सुधारीकरण कार्य की प्रगति जानी। सुझाव दिया कि लिंक मार्ग व मुख्य मार्ग को कनेक्ट करने वाले स्थानों के पास संकेतांक के साथ मानक के अनुसार स्पीड ब्रेकर बनाए जाए। एसपी ने जिले में घटित दुर्घटनाओ का विश्लेषण करते हुए नए ब्लैक स्पॉट एवं बनरेबल लोकेशन चिन्हित करने के निर्देश दिए। परिवहन पुलिस महकमे को निर्देश दिया कि नियमित रूप से यातायात नियमों की जानकारी जन.जन तक पहुँचाए जाने के उद्देश्य से वाल राईटिंग, हैण्डबिल्स, होर्डिंग्स व बैनर इत्यादि के माध्यम से व्यापक प्रचार.प्रसार करायें।

डीएम.एसपी ने जनपद में घटित दुर्घटनाओं का विश्लेषण, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (वनरेबल लोकेशन), स्कूली वाहनों के मानकों अनुरूप होने पर ही संचालन, सड़क सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न विभागों द्वारा प्री मानसून सड़कों की मरम्मत/ ड्रामुक्ति, वर्षाऋतु से पूर्व कास ड्रेनेज वर्क (पुल, पलिया, रपटा आदि) एवं तटबंध की सड़कों की सुरक्षा संबंधी कार्यवाही, विभिन्न चीनी मिलों पर वाहन प्रबन्धन की चर्चा, सकरे/जर्जर सेतुओं के संबंध में चर्चा, शहरी क्षेत्र में चौराहेध्तिराहों पर स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण एवं रोड साइड सुधार, सड़क सुरक्षा एवं गुड समेरिटन लाए के प्रचार.प्रसार एवं जागरूकता से संबंधित कार्यक्रमों की योजना पर विस्तृत चर्चा हुई।

## रोड सेफ्टी कंसलटेंट ने ट्रैफिक मैनेजमेंट, रोड सेफ्टी पर दिया प्रेजेंटेशन

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में स्टूडियो अर्बन लिंक लखनऊ से रोड सेफ्टी कंसलटेंट अरबाब अहमद, अनुकृति त्रिवेदी और सोनम गुप्ता ने संयुक्त रूप से ट्रैफिक मैनेजमेंट, रोड सेफ्टी, जंक्शन इंप्रूवमेंट, ब्लैक स्पॉट चिन्हांकन के बारे में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुतीकरण दिया।

## इनकी रही मौजूदगी

बैठक में एआरटीओ आलोक कुमार, ईई पीडब्ल्यूडी तरुणेंद्र त्रिपाठी, अनिल कुमार यादव, एआरएम रोडवेज, जिला विद्यालय निरीक्षक शुगर मिल के प्रतिनिधि सहित जिला सड़क सुरक्षा समिति के सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

# राहगीर को टक्कर मार कर दो डंफर हाईवे में आमने-सामने भिड़े

**सुमेरपुर( हमीरपुर )।** नेशनल हाईवे में सुबह नरायनपुर गांव में पैदल जा रहे राहगीर को टक्कर मार कर दो डंपर आमने-सामने भिड़ गए। उनके पीछे दो प्राइवेट सवारी वाहन भी भिड़ गए। इस घटना में राहगीर के अलावा किसी को चोट नहीं लगी है। राहगीर को एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल भेजा गया है। एक डंफर कबरई से गिट्टी लादकर कानपुर की तरफ जा रहा था। नरायनपुर गांव के समीप एक डंपर कानपुर से कबरई की ओर आ रहा था। यहां पर टेढ़ा के मजरा इसौली का निवासी पिंटू पैदल जा रहा था। इसको टक्कर मारकर कबरई की तरफ जा रहा डंपर कानपुर की ओर जा रहे डंपर से भिड़ गया। इसी बीच कस्बे से सवारियां लादकर हमीरपुर जा रहे दो डग्गामार वाहन कानपुर की तरफ जा रहे डंफर में पीछे से जा भिड़े। फिलहाल इन दोनों वाहनों में सवार कोई भी यात्री हताहत नहीं हुआ है।

# हमलावरों ने की फायरिंग चाचा, भतीजा रूप से गंभीर घायल

## ● पांच के खिलाफ बलबा, जानलेवा हमला समेत कई धाराओं में केस दर्ज



**कायमगंज फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव नियाजू नगला गांव में दस्टोन कार्यक्रम में पुरानी रंजिश को लेकर हमलावररों ने फायरिंग कर चाचाए भतीजे को गंभीर घायल कर दिया। पुलिस ने 5 आरोपितों के खिलाफबलबाए जानलेवा हमला समेत कई धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। गुरुवार की रात क्षेत्र के गांव नियाजू नगला निवासी ग्रीशचंद्र के नाती का दस्टोन कार्यक्रम था। उसमें डीजे बज रहा था। तभी पुरानी रंजिश को लेकर नगला धनी निवासी ब्रजमोहनए उसका भाई प्रदीपए व उसका पुत्र अमन के अलावा नेकसे पुत्र श्यामलालए अब्दुल रहमानपुर निवासी राजेश पुत्र श्रीराम आ गए और ग्रीशचंद्र व उसके छोटे भाई वीकेश व भतीजे सुखवीर को गाली गलौज करने लगे। जब विरोध किया तो हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया। इससे सुखवीर के दाहिए कंधे व उसके चाचा वीकेश के बाए जांघ मे गोली जा लगी। दोनो लहूलुहान होकर घायल हो गिर पड़े। इससे हडकंप मच गया। चीखपुकार मच गई। हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी डायल 112 को दी गई। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों की मदद से पुलिस सीएचसी लेकर आई। घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी गईए जिस पर सीओ सतेंद्र कुमार सिंहए इंस्पेक्टर रामअवतारए कस्बा चैकी प्रभारी विद्या सागर तिवारीए मंडी चैकी प्रभारी कृष्ण कुमार कश्यप फोर्स के साथ मौके सीएचसी पहुंचे। जहां घायलों का हाल जाना। घटना के वावत जानकारी ली। डाक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद चाचा व भतीजे को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सीओ ने बताया फायरिंग में दो लोग घायल हुए है। आरोपितों के खिलाफ बलबाए जानलेवा हमला आदि आईपीसी की धाराओं में मुकद्मा दर्ज किया गया है।

नियाजू नगला में गोलीकांड से हडकंप मचा है। घायलों के परिजनों का कहना है काफी समय आरोपित पक्ष ने घर की बेटी के छेड़छाड की थी जिसमें पुलिस से शिकायत की गई थी। तब से आरोपित पक्ष खुन्नस मानता है। नियाजू नगला गांव में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई। इसको लेकर इंस्पेक्टर लाइन आर्डर राजेश सिंह ने मौके पर पहुंच कर परिजनों से जानकारी ली। वही कई टीमे आरोपितों की तलाश में जुटी है। कई जगह छापामार कार्रवाई की गई है। इंस्पेक्टर ने बताया कि जल्द ही आरोपित गिरफ्त में होगे।

# सिक्किम में भारी बारिश-भूस्खलन के कारण 1200 से अधिक पर्यटक फंसे

**● मुख्यमंत्री ने हालात का जायजा लिया**

भाषा। गंगटोक

**उत्तरी** सिक्किम के मंगन जिले में लगातार बारिश से बड़े पैमाने पर हुए भूस्खलन के कारण 15 विदेशी नागरिक सहित 1,200 से अधिक पर्यटक फंस गए हैं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भूस्खलन और भारी बारिश के कारण पर्वतीय राज्य में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई, संपत्तियों को नुकसान पहुंचा तथा कई क्षेत्रों में सड़क संपर्क, बिजली और खाद्य आपूर्ति तथा मोबाइल नेटवर्क बाधित हो गए। सिक्किम के पर्यटन एवं नागर विमानन विभाग के प्रधान सचिव सी एस राव ने एक बयान में कहा, प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, भारी बारिश और भूस्खलन के कारण सड़क अवरुद्ध हो जाने से लगभग 1,200 घरेलू और 15 विदेशी पर्यटक (थाईलैंड के दो, नेपाल के तीन, बांग्लादेश के 10) मंगन जिले के लाचुंग में फंसे हुए हैं। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन के बाद स्थिति का जायजा लेने के लिए मिंटोकगांग में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। भूस्खलन से पर्वतीय राज्य बुरी तरह से प्रभावित हुआ है।

स्थानीय अधिकारियों ने फंसे हुए पर्यटकों से अपने-अपने स्थानों पर ही रहने तथा जोखिम मोल लेने से बचने को कहा है। अधिकारी ने कहा कि सभी फंसे हुए पर्यटकों के लिए राशन का पर्याप्त भंडार है। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव कार्यालय ने मौसम की स्थिति के आधार पर सभी पर्यटकों को हवाई मार्ग से लाने के लिए केंद्र के साथ बातचीत शुरू कर दी है। उन्होंने कहा, यदि आवश्यक हुआ तो पर्यटकों को सड़क मार्ग से निकाला जाएगा और विभाग वहां फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए स्थानीय पर्यटन हितधारकों के साथ-साथ मंगन में जिला प्रशासन, पुलिस और पर्यटन अधिकारियों के साथ समन्वय कर काम कर रहा है। उन्होंने पर्यटकों को इस प्राकृतिक आपदा में हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। राव ने कहा कि केवल लाचुंग ही राज्य के बाकी हिस्सों से कटा हुआ है और सिक्किम के अन्य सभी हिस्से खुले और यात्रा के लिए सुरक्षित हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि जिले में भारी बारिश होने से भूस्खलन के कारण सड़कें अवरुद्ध हो गई और कई मकान जलमग्न हो गए या क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि बिजली के खंभे बह गए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की बैठक सामान्य स्थिति बहाल करने तथा हमारे निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिक्रिया की रणनीति बनाने और समन्वय करने को लेकर महत्वपूर्ण थी। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश के कारण बृहस्पतिवार को मंगन जिले में कई जगहों पर भूस्खलन हुआ और संगकलांग में पिछले साल अक्टूबर में निर्मित एक पुल ढह गया, जिससे उत्तरी सिक्किम में बड़ी संख्या में पर्यटक फंस गए। बांस का एक पुल भी टूट गया। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, फिदांग में पुल निर्मित करने के लिए प्रयास जारी है ताकि वहां सड़क संपर्क बहाल किया जा सके।

## तमिलनाडु के पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत 19 जून तक बढ़ाई

**चेन्नई।** तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत की अवधि को एक सत्र अदालत ने सोमवार को 19 जून तक बढ़ा दिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बालाजी को 14 जून, 2023 को धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया था। अभियोजन पक्ष ने यहां केंद्रीय पुझल जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बालाजी को प्रधान सत्र न्यायाधीश (पीएसजे) एस अल्ली के समक्ष पेश किया। न्यायाधीश ने उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि 19 जून तक बढ़ा दी न्यायाधीश ने कहा कि वह बालाजी द्वारा मामले में उन्हें बरी करने के अनुरोध संबंधी याचिका पर 19 जून को आदेश पारित करेंगी। न्यायाधीश ने बालाजी द्वारा दायर तीन अन्य याचिकाओं को खारिज कर दिया ईडी ने बालाजी को 14 जून को नौकरी के बदले नकदी घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया था। उस समय वह पिछली अन्नाद्रमुक सरकार में परिवहन मंत्री थे।

# मप्र सरकार मदरसों में पढ़ने वाले हिंदू बच्चों को सामान्य स्कूलों में भेजेः एनसीपीसीआर प्रमुख

भाषा। भोपाल

**राष्ट्रीय** बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार से मदरसों में पढ़ने वाले हिंदू बच्चों को सामान्य स्कूलों में भेजने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि ए इस्लामी संस्थान शिक्षा के अधिकार (आरटीई) अधिनियम के अंतर्गत नहीं आते हैं। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में 1,755 पंजीकृत मदरसों में 9,417 हिंदू बच्चे पढ़ रहे हैं और इन संस्थानों में आरटीई अधिनियम के तहत अनिवार्य बुनियादी ढांचे का अभाव है।

उन्होंने यह भी कहा कि अपंजीकृत मदरसों में पढ़ने वाले मुस्लिम बच्चों को भी सामान्य स्कूलों में भेजा जाना चाहिए। कानूनगो ने संवाददाताओं से कहा, “मैं मध्य प्रदेश सरकार से मदरसों में पढ़ने वाले हिंदू बच्चों को बाहर निकालने का अनुरोध करता हूं। एनसीपीसीआर प्रमुख बाल अधिकारों के संरक्षण के संबंध में राज्य के विभिन्न विभागों के साथ बैठक करने के लिए यहां आए थे। कानूनगो ने कहा, “जिस अधिनियम के तहत मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड अस्तित्व में आया, उसमें मदरसों को परिभाषित किया गया है और स्पष्ट रूप से कहा गया है कि उनमें इस्लामी धार्मिक शिक्षा दी जानी चाहिए। शिक्षा के अधिकार अधिनियम की धारा एक मदरसों को शिक्षा के अधिकार अधिनियम के दायरे से बाहर रखती है।

एनसीपीसीआर के पास मौजूद जानकारी के अनुसार, इन मदरसों के शिक्षकों के पास बी.एड. की डिग्री नहीं है और उन्होंने शिक्षक पात्रता परीक्षा भी नहीं दी है। उन्होंने दावा किया कि उनका बुनियादी ढांचा भी आरटीई अधिनियम के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा, “मदरसों में सुरक्षा व्यवस्था ठीक नहीं है। उन्होंने हिंदू बच्चों को मदरसों में भेजे जाने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा, “मैं मध्य प्रदेश सरकार से इसे तुरंत सुधारने का अनुरोध करता हूं। बाल अधिकार निकाय प्रमुख ने कहा कि शिक्षा का अधिकार कानून साफ कहता है कि स्कूलों की स्थापना और बच्चों को पढ़ाने का काम सरकार करेगी, ऐसे में मदरसा बोर्ड को फंड देना उन गरीब बच्चों के हक का पैसा मदरसों को देना है जो शिक्षा के अधिकार से बच्चों को वंचित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इसलिए सरकार को इस पूरी योजना पर विचार करना चाहिए और तत्काल हिंदू बच्चों को मदरसों से बाहर निकाल कर उनको सामान्य स्कूलों में भेजना चाहिए।

# ऑनलाइन ठगी में शामिल आठ गिरफ्तार इंदौर में कॉल सेंटर का किया भंडाफोड़

**ठाणे।** नवी मुंबई पुलिस ने शेयर बाजार में निवेश के नाम पर लोगों को ठगने के आरोप में एक गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है और उनकी गतिविधियों में मदद करने वाले इंदौर के एक कॉल सेंटर का भी भंडाफोड़ किया है। पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय पनवेल) विवेक पानसरे ने संवाददाताओं को बताया कि एक व्यक्ति ने शिकायत करके आरोप लगाया था कि 18 मार्च से 17 अप्रैल की बीच शेयर कारोबार में अच्छे लाभ का लालच देकर आरोपियों ने उससे 21.71 लाख रुपए ठग लिए जिसके बाद मामले की जांच शुरू की गई। उन्होंने कहा, पीड़ित को एक ऐप के माध्यम से शेयर बाजार में निवेश करने के लिए कहा गया था। कामोठे थाने में भारतीय दंड संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। बाद में मामला पनवेल पुलिस के ईएमसी साइबर प्रकोष्ठ को स्थानांतरित कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि वरिष्ठ निरीक्षक दीपाली पाटिल के नेतृत्व में जांच दल ने बैंक लेनदेन समेत विभिन्न सुरागों पर काम किया और बेंगलुरु तथा इंदौर में जाल बिछाकरआठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि (मध्य प्रदेश के) इंदौर में एक कॉल सेंटर पर भी छापा मारा गया, जहां से आरोपी शेयर बाजार में निवेश के नाम पर ठगी करने का गिरोह चला रहे थे। उन्होंने कहा, हमने 14 लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ जारी है। हमें पता चला है कि आरोपी शुभम कुमार और आशीष कुमार प्रसाद ने इस तरह की धोखाधड़ी के लिए 25 से अधिक फर्जी वेबसाइट बनाई थीं। पुलिस के अनुसार गिरोह के सदस्यों पर बेंगलुरु, तेलंगाना के साइबराबाद, टी नगर (तमिलनाडु), जयपुर (राजस्थान) के साथ-साथ नवी मुंबई और पुणे में दर्ज इसी तरह के मामलों में भी शामिल होने का संदेह है।

# हाईकोर्ट ने पोक्सो मामले में एदियुरप्पा की गिरफ्तारी पर रोक लगाई

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) को एक पॉक्सो मामले में पूर्व मुख्यमंत्री एदियुरप्पा को गिरफ्तार न करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने वरिष्ठ भाजपा नेता एदियुरप्पा को भी मामले की जांच कर रही सीआईडी के समक्ष 17 जून को पेश होने का निर्देश दिया। बेंगलुरु की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को एदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो मामले में गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। यह मामला इस वर्ष 14 मार्च को दर्ज किया गया था। सीआईडी के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने बुधवार को पूछताछ के लिए एदियुरप्पा के पेश नहीं होने पर उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का अनुरोध करते हुए त्वरित (फास्ट ट्रैक) अदालत का दरवाजा खटखटाया था। एदियुरप्पा ने सीआईडी के जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने के लिए समय मांगा था। खबरों के अनुसार वरिष्ठ भाजपा नेता नई दिल्ली में किसी अज्ञात स्थान पर चले गए हैं। पुलिस के अनुसार, एदियुरप्पा पर 17 वर्षीय एक किशोरी की मां की शिकायत के आधार पर यौन अपराधों से बच्चों को संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (भादंसं) की धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न) के तहत मामला दर्ज किया गया है। किशोरी की मां ने एदियुरप्पा पर आरोप लगाया कि उन्होंने इस साल दो फरवरी को यहां डॉलर्स कॉलोनी स्थित अपने आवास पर एक भेंट के दौरान उसकी बेटी के साथ छेड़खानी की थी। एदियुरप्पा (81) ने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज किया है और कहा है कि वह कानूनी रूप से इस मामले का मुकाबला करेंगे। उच्च न्यायालय में दो अलग-अलग याचिकाएं दायर कर अनुरोध किया था कि उन्हें अग्रिम जमानत दी जाए और उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी खारिज की जाए। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा है कि 81 वर्षीय एदियुरप्पा अब अपने जीवन के आखिरी पड़ाव में हैं और उन्हें गिरफ्तार करना उपयुक्त नहीं है। उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई दो सप्ताह के लिए स्थगित कर दी। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति कृष्णा एस दीक्षित ने कहा कि एदियुरप्पा ने पुलिस को पत्र भेजकर 17 जून को पूछताछ के लिए पेश होने की इच्छा प्रकट की है। न्यायमूर्ति दीक्षित ने कहा, यह अदालत इस निष्कर्ष पर तुरंत नहीं पहुंच सकती है कि राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके तथा अपनी जिंदगी के आखिरी पड़ाव, जहां वृद्धावस्था संबंधी बीमारियां स्वभाविक होती हैं, में पहुंच चुके याचिकाकर्ता को गिरफ्तार करने, हिरासत में लेने या हिरासत में रखकर पूछताछ करने के लिए यह मामला बनाया गया है। एदियुरप्पा के वकील सी वी नागेश ने अदालत में कहा कि एदियुरप्पा को सीआरपीसी की धारा 41 के तहत नोटिस भेजा गया है इसलिए, गिरफ्तारी की आवश्यकता नहीं है। नागेश ने उच्चतम न्यायालय के फैसलों का भी हवाला दिया और उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत देने का अनुरोध किया। सरकार की ओर से पेश हुए महाधिवक्ता शशि किरण शेट्टी ने यह कहते हुए उच्च न्यायालय को राजी करने का प्रयास किया कि एदियुरप्पा एसआईटी के दो नोटिस की अनदेखी कर चुके हैं। शेट्टी ने यह भी कहा कि गिरफ्तारी वारंट जरूरी था क्योंकि एदियुरप्पा कर्नाटक में नहीं हैं तथा बिना वारंट के अन्य राज्य की पुलिस आरोपी को हिरासत में लेने पर उसकी (कर्नाटक पुलिस की) कोई मदद नहीं करेगी। इसपर नागेश ने कहा कि एदियुरप्पा पहले ही पूछताछ के लिए पेश हो चुके हैं, अपनी आवाज का नमूना दे चुके हैं तथा उन्होंने जांच में पुलिस के साथ पूरा सहयोग किया है। इसी बीच, पीड़िता के वकील बालन ने अदालत से कहा कि पुलिस ने इस मामले की जांच उपयुक्त ढंग से नहीं की है इसलिए गिरफ्तारी जरूरी है। सबूतों को छेड़छाड़ से बचाने के लिए आरोपी को हिरासत में लेना और जांच जारी रखना जरूरी है। नागेश ने पीड़िता की मां द्वारा अपने बेटे और पति के विरूद्ध दर्ज कराए गए अन्य मामलों की ओर अदालत का ध्यान आकृष्ट किया। किशोरी के भाई ने इस सप्ताह के प्रारंभ में एक अदालत में याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि वैसे तो 14 मार्च को ही मामला दर्ज कर लिया गया था।

# राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान में गिरावट, गर्मी से मामूली राहत

**जयपुर।** राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में शुक्रवार को अधिकतम तापमान में कल के मुकाबले एक से दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है जिससे प्रदेशवासियों को गर्मी से मामूली राहत मिली। श्रीगंगानगर 45.2 डिग्री सेल्सियस के साथ शुक्रवार को प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा, वहीं संगरिया में अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री, पिलानी 43.9 डिग्री सेल्सियस, चूरू-अलवर में 43.8 डिग्री, धौलपुर 43.4 डिग्री, करौली 43.3 डिग्री, बीकानेर में 42.8 डिग्री, वनस्थली में 42.2 डिग्री, कोटा में 42.1 डिग्री, चित्तौड़गढ़ में 42 डिग्री और अन्य स्थानों पर 41.7 डिग्री सेल्सियस से लेकर 37.8 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। धौलपुर में बीती रात तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गंगानगर में रात का तापमान 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 5.9 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। विभाग के अनुसार चूरू और वनस्थली में रात का तापमान सामान्य से चार डिग्री अधिक रहा, अन्य प्रमुख स्थानों पर रात का तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। जयपुर मौसम केन्द्र के प्रभारी राधेश्याम शर्मा ने बताया राज्य के कई हिस्सों में आंधी और बारिश की गतिविधियों के चलते अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में राज्य के पूर्वी भागों में कहीं-कहीं मेघ गर्जन के साथ बारिश, जबकि उत्तरी भागों में कहीं-कहीं लू चली। राज्य में पिछले 24 घंटे के दौरान सर्वाधिक बारिश चित्तौड़गढ़ के भैंसरोड़गढ़ में 27 मिलीमीटर, भोपालसागर में 14 मिमी, टोंक के मालपुरा में 9 मिमी, अजमेर के अराई में 8 मिमी, राजसमंद के नाथद्वारा में 6 मिमी, चित्तौडगढ़ के बडी सादडी में 5 मिमी, अजमेर के किशनगढ में 5 मिमी, झालावाड़ के असनावर में 3 मिमी, अजमेर तहसील में 3 मिमी और अन्य कुछ स्थानों पर एक से दो मिमी बारिश और कहीं कही बूंदाबांदी दर्ज की गई। शुक्रवार सुबह से शाम तक जयपुर, अलवर, सीकर और कोटपूतली में हल्की बारिश दर्ज की गई। पश्चिमी राजस्थान में आगामी तीन दिन व पूर्वी राजस्थान में आगामी 4-5 दिन दोपहर बाद कहीं-कहीं आंधी बारिश की गतिविधि दर्ज होने की संभावना है। आगामी 24 घंटे में राज्य के उत्तरी व पश्चिमी भागों में अधिकतम तापमान 44-46 डिग्री दर्ज होने व कहीं-कहीं लू चलने की संभावना है। राज्य के कुछ भागों में तेज सतही हवाएं चलने की सम्भावना है।

## सत्रहवी लोकसभा के भंग होने के बाद जल विवाद न्याय निर्णयन विधेयक रद्द हुआ

**नई दिल्ली।** संसद के निचले सदन में पारित होने के बाद, 2019 से राज्यसभा में लंबित अंतर-राज्ईय नदियां एवं नदी घाटी विवाद के निर्णयन से संबंधित विधेयक 17वीं लोकसभा के भंग होने पर रद्द हो गया। लोकसभा में पारित और राज्यसभा में लंबित या राज्यसभा में पारित और लोकसभा में लंबित विधेयक निचले सदन के भंग होने के बाद रद्द हो जाता है। हालांकि, राज्यसभा में पेश व लंबित विधेयक समाप्त नहीं होते। बृहस्पतिवार को जारी राज्यसभा बुलेटिन के अनुसार, लोकसभा द्वारा पारित और राज्यसभा में लंबित अंतर-राज्ईय नदी जल विवाद (संशोधन) विधेयक, 2019 17वीं लोकसभा के भंग होने के बाद

# शिवकुमार व उनके भाई ने दर्शन को चन्नपटना विस उपचुनाव में उतारने की योजना बनाई थी: भाजपा नेता

**रामनगर ( कर्नाटक )।** भाजपा की प्रदेश इकाई के नेता सी पी योगेश्वर ने शुक्रवार को दावा किया कि उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार और उनके भाई पूर्व सांसद डी के सुरेश ने हत्या के एक मामले में गिरफ्तार किए गए अभिनेता दर्शन थूगुदीपा को चन्नपटना विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में उतारने की योजना बनाई थी। चन्नपटना विधानसभा का प्रतिनिधित्व करने वाले जनता दल सेक्युलर के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी के लोकसभा के लिए निर्वाचित हो जाने के बाद इस निर्वाचन क्षेत्र में उपचुनाव जरूरी हो गया है। वैसे निर्वाचन आयोग ने इस विधानसभा सीट के उपचुनाव का कार्यक्रम अभी जारी नहीं किया है। विधानपरिषद सदस्य एवं पूर्व मंत्री योगेश्वर ने संवाददाताओं से कहा, उनका चकित करने वाला उम्मीदवार अब सलाखों के पीछे है, मुझे पता है कि उनका चकित करने वाला उम्मीदवार कौन है। जिसे वह उपचुनाव में उतारना चाहते थे, वह हत्या के मामले में पकड़ा गया है और सलाखों के पीछे है। अब चकित करने वाला प्रत्याशी आए या कोई और आए, दोनों पार्टियां (भाजपा एवं जनता दल सेक्युलर) चुनाव के लिए तैयार हैं। आश्चर्यजनक उम्मीदवार उतारने के बारे में सुरेश के हाल के

# रेणुका स्वामी हत्या मामले में दो और गिरफ्तार, सरकार ने दर्शन का समर्थन करने के आरोपों को खारिज किया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में रेणुकास्वामी हत्याकांड के सिलसिले में शुक्रवार को दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा और उनकी दोस्त पवित्रा गौड़ा आरोपी हैं। जगदीश और अनुकुमार को पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) दिनाकर के नेतृत्व वाली टीम ने चित्रदुर्ग के जिला मुख्यालय शहर से हिरासत में लिया। सूत्रों ने बताया कि वे कथित तौर पर चित्रदुर्ग से रेणुकास्वामी का अपहरण करने में शामिल हैं। दर्शन थुगुदीप और उनके 12 सहयोगियों को 33 वर्षीय रेणुकास्वामी की हत्या के सिलसिले में मंगलवार को गिरफ्तार किया गया था। दर्शन (47) के प्रशंसक चित्रदुर्ग के जिला मुख्यालय शहर के निवासी रेणुकास्वामी ने कथित तौर पर अभिनेत्री गौड़ा के सोशल मीडिया अकाउंट पर टिप्पणी कर उनपर अभिनेता व उनकी पत्नी के बीच दरार पैदा करने का आरोप लगाया था। रेणुकास्वामी ने कथित तौर परै अभद्र भाषौ का भी इस्तेमाल किया था और आपत्तिजनक संदेश पोस्ट किए थे। पुलिस ने बृहस्पतिवार को इस मामले में दर्शन के एक करीबी सहयोगी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज भी बरामद की है, जिसमें कथित तौर पर कार में रेणुकास्वामी का अपहरण होते हुए दिखाया गया है। आरोपियों में से एक राघवेंद्र, जो चित्रदुर्ग में दर्शन के फैन क्लब का सदस्य है, रेणुकास्वामी को यहां आर आर नगर स्थित एक शेड में यह कहकर लाया था कि दर्शन उससे मिलना चाहता है। इसी शेड में रेणुकास्वामी को कथित तौर पर प्रताड़ित किया गया और बाद में उसकी हत्या कर दी गई। शव नौ जून को सुमनहल्ली में एक अपार्टमेंट के बगल में एक नाले के पास बरामद किया गया था। सूत्रों ने बताया कि जांच दल ने सीसीटीवी फुटेज सहित पर्याप्त साक्ष्य जुटा लिए हैं, जिससे यह पता चल सकता है कि रेणुकास्वामी पर कथित हमले के दौरान दर्शन मौजूद था।

# सरकारी योजना के तहत मुस्लिम महिला को फ्लैट आवंटित करने का विरोध

**वडोदरा।** गुजरात सरकार की एक योजना के तहत वडोदरा नगर निगम (वीएमसी) द्वारा निर्मित एक आवासीय परिसर के कई निवासी एक मुस्लिम महिला को फ्लैट आवंटित किए जाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह जगह केवल हिंदुओं के लिए है। फ्लैट आवंटन रद्द करने की मांग करते हुए निवासियों ने अपना आंदोलन तेज करने तथा मामले को राज्य सरकार और केंद्र के समक्ष उठाने की चेतावनी दी। महिला लाभार्थी ने कहा कि उसे छह वर्ष पहले मकान आवंटित किया गया था, लेकिन अन्य निवासियों के विरोध के कारण वह उसमें नहीं जा सकी। निवासियों का दावा है कि अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों को मकान आवंटित नहीं किए जा सकते, क्योंकि हरनी क्षेत्र, जहां यह परिसर स्थित है, हिंदू निवासियों का क्षेत्र है और अशांत क्षेत्र अधिनियम के अंतर्गत आता है। अशांत क्षेत्रों में जिला कलेक्टर की पूर्वानुमति के बिना एक धार्मिक समुदाय के सदस्यों द्वारा दूसरे समुदाय के लोगों को संपत्ति बेचने पर प्रतिबंध होता है। वडोदरा के नगर आयुक्त दिलीप राणा ने कहा कि उन्हें हरनी क्षेत्र में मोटनाथ रेजीडेंसी के निवासियों से एक ज्ञापन प्राप्त हुआ है और सभी प्रासंगिक दस्तावेज का अध्ययन करने के बाद उचित निर्णय लिया जाएगा। मुझे अभी-अभी निवासियों की ओर से एक ज्ञापन मिला है। मैं सभी दस्तावेज की जांच करूंगा और उसके बाद उचित निर्णय लूंगा।

# पेज 1 का शेष

## केंद्र के साथ...

का चुनाव आयोग लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए जिम्मेदार है, जबकि नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनावों का प्रबंधन राज्य चुनाव आयोगों द्वारा किया जाता है। पैनल ने 18 संवैधानिक संशोधनों की सिफारिश की है, जिनमें से अधिकांश को राज्य विधानसभाओं द्वारा अनुसमर्थन की आवश्यकता नहीं होगी। हालांकि, इसके लिए कुछ संवैधानिक संशोधन विधेयकों की आवश्यकता होगी जिन्हें संसद द्वारा पारित करने की आवश्यकता होगी। एकल मतदाता सूची और एकल मतदाता पहचान पत्र के बारे में कुछ प्रस्तावित परिवर्तनों को कम से कम आधे राज्यों द्वारा अनुसमर्थन की आवश्यकता होगी। कोविंद रिपोर्ट में 18,626 पृष्ठ शामिल हैं जो हितधारकों, विशेषज्ञों और शोध कार्यों के साथ व्यापक परामर्श का परिणाम है। समिति के अन्य सदस्य अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री, गुलाम नबी आज़ाद, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता, एनके सिंह, 15 वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष विधि एवं न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल विशेष आमंत्रित सदस्य थे तथा डॉ. नितेन चंद्र एचएलसी के सचिव थे। समिति ने विभिन्न हितधारकों के विचारों को समझने के लिए व्यापक विचार-विमर्श किया। 47 राजनीतिक दलों ने अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किए, जिनमें से 32 ने एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया। कई राजनीतिक दलों ने इस मामले पर एचएलसी के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया, इसके अलावा पूरे भारत से नागरिकों से 21,558 प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं, जिनमें से 80 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया। भारत के चार पूर्व मुख्य न्यायाधीशों और प्रमुख उच्च न्यायालयों के 12 पूर्व मुख्य न्यायाधीशों, भारत के चार पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों, आठ राज्य चुनाव आयुक्तों और भारत के विधि आयोग के अध्यक्ष जैसे कानून के विशेषज्ञों को भी समिति द्वारा व्यक्तिगत रूप से बातचीत के लिए आमंत्रित किया

## नीट पर...

जब एक वकील ने सीबीआई जांच के लिए अपने मामले को मजबूत करने के लिए राजस्थान के कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का हवाला दिया, जो कोचिंग सेंटरों का केंद्र है। न्यायमूर्ति नाथ ने कहा, यहां अनावश्यक भावनात्मक तर्क न दें। सीबीआई जांच के आदेश देने के लिए प्रस्तुत किए गए तर्क का जवाब देते हुए, पीठ ने कहा कि आदेश पारित करने से पहले एनटीए का जवाब आवश्यक है। वकील ने कहा, यह 24 लाख छात्रों का भविष्य है। पीठ ने कहा, हम समझते हैं। हम इन सब बातों से अवगत हैं। पीठ ने कहा, नोटिस जारी करें, और कहा कि इस पर 8 जुलाई को नीट यूजी विवाद पर अन्य संबंधित याचिकाओं के साथ सुनवाई की जाएगी। हालांकि, एनटीए के वकील वर्धमान कौशिक ने कहा कि एनटीए तीन अन्य याचिकाओं को वापस लेना चाहती है, जो उच्च न्यायालयों से शीर्ष अदालत में मामलों को स्थानांतरित करने की मांग कर रही थीं, क्योंकि वे 5 मई को परीक्षा के दौरान समय की हानि के कारण 1,563 उम्मीदवारों को अनुग्रह अंक देने से संबंधित थे। उन्होंने कहा कि एनटीए उच्च न्यायालयों को सूचित करेगा कि अनुग्रह अंकों का मुद्दा सुलझा लिया गया है और 1,536 उम्मीदवारों को दिए गए प्रतिपूरक अंक रद्द करने का निर्णय लिया गया है। पीठ ने एनटीए को 1,563 उम्मीदवारों को अनुग्रह अंक देने के विवाद से संबंधित स्थानांतरण याचिकाओं को वापस लेने की अनुमति दी। 14 जून को, केंद्र और एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उन्होंने एमबीबीएस और ऐसे अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षा देने वाले 1,563 उम्मीदवारों को दिए गए अनुग्रह अंक रद्द कर दिए हैं। नीट यूजी की परीक्षा 5 मई को देशभर के 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी और इसमें लगभग 24 लाख उम्मीदवारों ने इसमें भाग लिया था। परिणाम 14 जून को घोषित होने की उम्मीद थी, लेकिन 4 जून को घोषित किया गया। प्रतिष्ठित परीक्षा में बिहार जैसे राज्यों में प्रश्नपत्र लीक और अन्य अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। आरोपों के कारण कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए और सात उच्च न्यायालयों के साथ-साथ सर्वोच्च न्यायालय में भी मामले दायर किए गए।

## जी-7 में...

यूक्रेन में संघर्ष को वार्ता और कूटनीति के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। मोदी और ज़ेलेंस्की के बीच यह मुलाकात स्विस शांति शिखर सम्मेलन से पहले हुई। भारत ने बुधवार को कहा कि वह यूक्रेन संघर्ष पर आगामी शांति शिखर सम्मेलन में 'उचित स्तर' पर भाग लेगा। शांति शिखर सम्मेलन 15 और 16 जून को ल्यूसर्न के बर्गनस्टॉक में होगा। स्विट्जरलैंड ने प्रधानमंत्री मोदी को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। हालांकि, पता चला है कि शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व एक वरिष्ठ राजनयिक करेंगे।मोदी और मैक्रॉन ने रक्षा, परमाणु और अंतरिक्ष के क्षेत्रों सहित रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की और प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की।

## भीषण गर्मी...

सामान्य से 4-5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि बारिश नहीं होने के कारण पारा सामान्य से कम से कम 4-5 डिग्री सेल्सियस ऊपर बना हुआ है। उत्तर भारत में इस समय गर्मी का कहर जारी है। जिसमें अत्यधिक तापमान और गंभीर स्थितियां एक बड़ी आवादी को प्रभावित कर रही हैं। आईएमडी के अनुसार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, झारखंड, बिहार और पंजाब सहित भारत के उत्तरी भागों में कुछ क्षेत्रों में भीषण गर्मी की स्थिति है। उत्तरी ओडिशा और गंगीय पश्चिम बंगाल भी प्रभावित हैं। आईएमडी ने कहा कि अन्य प्रभावित क्षेत्रों में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के कुछ हिस्से शामिल हैं। बिहार के बक्सर में सबसे अधिक तापमान 47.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने कहा कि रात के समय भी कोई राहत नहीं है, क्योंकि पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तर-पश्चिम राजस्थान के कुछ हिस्सों में तापमान अधिक रहने के साथ रातें भी गर्म है। इस तरह के उच्च तापमान से गर्मी से संबंधित बीमारियाँ जैसे हीट एग्जॉशन और हीट स्ट्रोक हो सकते हैं। आईएमडी ने यह भी चेतावनी दी कि एयर कंडीशनिंग और कूलिंग उपकरणों के कारण बिजली की बढ़ती मांग पावर ग्रिड पर दबाव डाल सकती है, जिससे संभावित रूप से बिजली की कटौती हो सकती है, जबकि गर्मी के मौसम में पानी की अधिक खपत से पानी की कमी हो सकती है, जिससे जल संरक्षण उपायों की आवश्यकता पर बल दिया गया। आईएमडी ने चेतावनी दी कि फसलें और पशुधन गर्मी के प्रति संवेदनशील हैं, जिससे कृषि उपज प्रभावित हो सकती है।

## एयरपोर्ट पर...

पंजीकरण कियोस्क की शुरूआत दिल्ली हवाई अड्डे की कई उपलब्धियों में से एक है। यह आव्रजन प्रक्रिया में तेजी लाने और यात्रियों की सुविधा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। तदनुसार, चीजों को गति देने के लिए प्रत्येक यात्री इंटरफेस के लिए कई योजनाओं की खोज की जा रही है। यह आव्रजन प्रक्रिया में तेजी लाने और यात्रियों की सुविधा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, खासकर उन यात्रियों के लिए जो वीजा आवेदन प्रक्रिया के दौरान अपने बायोमेट्रिक्स जमा नहीं कर पाए थे। कियोस्क आने वाले यात्रियों, विशेष रूप से उन लोगों के लिए अधिक सुविधाजनक और समय बचाने वाला अनुभव प्रदान करते हैं, जो वीजा आवेदन प्रक्रिया के दौरान बायोमेट्रिक पंजीकरण पूरा करने में असमर्थ थे।

## कुवैत से...

गया था। गुरुवार देर रात कोच्चि से कुवैत के लिए उड़ान भरने के बाद वीना जॉर्ज को अपने घर वापस लौटना पड़ा।पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए हवाई अड्डे पर मंत्रिपमंडल का पहुंचना, उस समय की स्थिति से बिल्कुल अलग था, जब मई 2021 में इजराइल में हमास आतंकवादियों द्वारा मारी गई 32 वर्षीय नर्स सौम्या का शव कोच्चि लाया गया था। हवाई अड्डे पर राज्य सरकार या किसी राजनीतिक नेता का कोई प्रतिनिधि मौजूद नहीं था, हालांकि पार्थिव शरीर के साथ इजराइली दूतावास के वरिष्ठ अधिकारी थे।

## कश्मीरी पंडितों...

तक कि दूसरे देशों से भी आते हैं। भक्त 'श्लोक' का जाप करते हुए परिसर के भीतर पवित्र झरने पर दूध और खीर (चावल का हलवा) चढ़ाते हैं। स्थानीय मुस्लिम परिवार हमारा स्वागत करते हैं और बाधा मुक्त समारोह सुनिश्चित करने के लिए पूजा सामग्री और अन्य रसद की छोटी दुकानें लगाते हैं। एक अन्य प्रवासी कश्मीरी पंडित कृष्ण जी भट्ट ने दावा किया कि हर साल हम जगती प्रवासी शिविर से बसों में सवार होते हैं और कड़ी सुरक्षा के बीच यहां आते हैं। हम खुद को पिंजरे में बंद महसूस करते हैं। हमें सुरक्षा अधिकारियों द्वारा दिए गए सख्त निर्देशों का पालन करने के लिए कहा गया है ताकि हमारी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।दिल्ली के एक कश्मीरी पंडित सनी ने कहा, सब कुछ भगवान के हाथ में है। थोड़ा डर है, लेकिन लोग बड़ी संख्या में यहां आए हैं। आस्था डर से ज्यादा शक्तिशाली है। ऐसा माना जाता है कि यहां मंदिर के नीचे बहने वाले पवित्र झरने के पानी का रंग घाटी की स्थितियों को दर्शाता है। हालांकि अधिकांश रंगों का कोई विशेष महत्व नहीं है, लेकिन पानी का काला या गहरा रंग कश्मीर के लिए अशुभ समय का संकेत माना जाता है। हालांकि, इस साल झरने का पानी साफ और दूधिया सफेद था।जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी मंदिर में पूजा-अर्चना की और विशेष प्रार्थना की। बाद में पत्रकारों से बात करते हुए, एलजी ने कहा कि इस साल मेला खीर भवानी में 30,000 से अधिक भक्तों ने पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा, 30,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने खीर भवानी मंदिर में दर्शन किए। जम्मू-कश्मीर प्रशासन और देवी में आस्था रखने वालों ने बेहतरीन व्यवस्था की है। श्रद्धालुओं को जम्मू से करीब 200 बसों में लाया गया। कुछ लोग दिल्ली से भी आए हैं। सिन्हा ने कहा कि यहां 1,000 तीर्थयात्रियों के लिए 'यात्री निवास' बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, पिछले साल जब मैं यहां आया था, तो तीर्थयात्रियों ने यात्री निवास के लिए अनुरोध किया था। मैंने संबंधित अधिकारियों से बात की और 1000 तीर्थयात्रियों के लिए यात्री निवास बनाया जाएगा। मुझे बताया गया है कि यह अगले आठ महीनों में बनकर तैयार हो जाएगा।

# एनटीए में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी : धर्मेन्द्र प्रधान

● खामियां मिली तो जवाबदेही तय की जाएगी

भाषा। नई दिल्ली

**मेडिकल पाठ्यक्रमों में** प्रवेश से संबंधित राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) को लेकर जारी विवाद के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि सरकार परीक्षा के संचालन में किसी भी तरह की गड़बड़ी या अनियमितता बर्दाश्त नहीं करेगी और यदि कोई गड़बड़ी पाई गई तो राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की जवाबदेही तय की जाएगी। मेडिकल प्रवेश परीक्षा में अनियमितताओं और अंक बढ़ा-चढ़ाकर बताने के आरोपों के बीच



एनटीए आलोचनाओं के घेरे में आ गई है। जिन छह केंद्रों पर परीक्षा के प्रश्नपत्र गलत तरीके से वितरित किए गए थे और उम्मीदवारों को समय की बर्बादी के लिए कृपांक दिया गया था, उनके खिलाफ कार्वाई के बारे में प्रधान ने कहा, हर पहलू पर गौर किया जा रहा है। जवाबदेही तय की जाएगी और चूक की प्रकृति के आधार पर कार्वाई की जाएगी। उन्होंने पीटीआई-भाषा के एक सवाल के जवाब में कहा, किसी भी परीक्षा के संचालन में किसी भी तरह की गड़बड़ी या अनियमितता की कोई गुंजाइश नहीं है। हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। अगर कोई गड़बड़ी पाई गई तो राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की जवाबदेही भी तय की जाएगी। उन्होंने कहा, सरकार नीट परीक्षार्थियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। छात्रों की चिंताओं का समाधान निष्पक्षता और समानता के साथ किया जाएगा। नीट से संबंधित तथ्य उच्चतम न्यायालय के संज्ञान में हैं। काउंसलिंग प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी और इस दिशा में बिना किसी भ्रम के आगे बढ़ना अत्यंत महत्वपूर्ण है। मंत्री की यह टिप्पणी तब आई है जब कांग्रेस ने नीट-यूजी परीक्षा के मुद्दे पर सरकार पर अपना हमला तेज कर दिया है और इस मामले पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की "चुप्पी" पर सवाल उठाए हैं।

## मुंबई में तीन मंजिला मकान की दीवार ढहने से दो महिलाओं की मौत

भाषा। मुंबई

**मुंबई के एंटप** हिल इलाके में शुक्रवार को तीन मंजिला एक मकान की दीवार ढहने से दो महिलाओं की मौत हो गई। एक नगर निकाय अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंजाबी गली में नौ बजकर 25 मिनट पर यह हादसा हुआ और वहां तलाशी अभियान चलया जा रहा है। अधिकारी ने कहा, तीन मंजिला मकान के दूसरे और तीसरे तल की दीवार का एक हिस्सा आंशिक रूप से ढह गया। उसका कुछ हिस्सा खतरनाक ढंग से लटका हुआ है। इस घटना की शिकार शोभादेवी मौर्य (45) और जकीरूनिस्सा शेख (50) नामक दो महिलाओं को सियोन अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## अदालत ने चुनाव बाद हिंसा के पीड़ितों व शुभेंदु को राजभवन जाने की अनुमति दी

भाषा। कोलकाता

**कलकत्ता उच्च** न्यायालय ने शुक्रवार को आश्चर्य जताया कि क्या पश्चिम बंगाल के राज्यपाल नजरबंद हैं। इसके साथ ही उसने कहा कि विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी चुनाव बाद हिंसा के कथित पीड़ितों के साथ राज्यपाल सी वी आनंद बोस से मिलने के लिए राजभवन जा सकते हैं, अगर इसके लिए उनके कार्यालय से अनुमति हो। शुभेंदु अधिकारी और एक अन्य व्यक्ति ने अदालत का दरवाजा खटखटाते हुए दावा किया था कि लिखित अनुमति के बावजूद पुलिस ने उन्हें बृहस्पतिवार को राजभवन में प्रवेश नहीं करने दिया। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने निर्देश दिया कि राजभवन से अनुमति मिलने के आधार पर विपक्ष के नेता अधिकारी लोकसभा चुनाव के बाद राज्य में कथित रूप से हिंसा से प्रभावित लोगों के साथ राजभवन जा सकते हैं। न्यायाधीश ने सुनवाई के दौरान राज्य के महाधिवक्ता से सवाल किया कि क्या राज्यपाल "नजरबंद" हैं। उन्होंने कहा कि जब ऐसा नहीं है, तो राज्यपाल के कार्यालय से अनुमति मिलने के बावजूद इन लोगों को उनसे मिलने की अनुमति क्यों नहीं दी गई। महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने अदालत से कहा कि याचिकाकर्ताओं द्वारा लगाए गए आरोप सत्य नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि अधिकारी के सचिव ने घटनास्थल पर पुलिस से संवाद नहीं किया। अधिकारी के वकील ने उनकी दलील का विरोध करते हुए दावा किया कि दत्ता को उनके अधिकारियों द्वारा उचित जानकारी नहीं दी गई थी। इसके बाद दत्ता ने अदालत से कहा कि राज्यपाल शुक्रवार को बड़ाबाजार में माहेश्वरी भवन गए और पीड़ितों से मिले। अदालत ने निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता को नया अनुरोध करना होगा।

## भाजपा नेताओं ने लातूर लोकसभा सीट पर श्रंगारे की हार सुनिश्चित की: भारतीय दलित पैंथर के कांबले

**लातूर।** भारतीय दलित पैंथर के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय कांबले ने शुक्रवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने ही लातूर लोकसभा सीट पर पार्टी के सांसद रहे सुधाकर श्रंगारे की हार सुनिश्चित की। श्रंगारे लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के शिवाजी कालगे से 61,881 मतों से हार गए थे। चुनाव के नतीजे चार जून को घोषित किए गए थे। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांबले ने कहा कि श्रंगारे ने सांसद के रूप में निर्वाचन क्षेत्र के लिए काम किया था और समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में कामयाब रहे थे। कांबले ने दावा किया, जिले के भाजपा नेताओं ने पहले यह सुनिश्चित करने की कोशिश की कि श्रंगारे को टिकट न मिले। फिर उन्होंने उन्हें हराने के लिए काम किया ताकि वे केंद्रीय मंत्री न बन सकें। उनकी हार के कारण लातूर में बौद्ध समुदाय परेशान है और वे भाजपा से दूर जा सकता है"।

### झारखंड में मालगाड़ी की चपेट में आने से तीन की मौत, चार घायल

लातेहार (झारखंड)। झारखंड के लातेहार जिले में शुक्रवार रात एक मालगाड़ी की चपेट में आने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।लातेहार की उपायुक्त गरिमा सिंह ने बताया कि यह दुर्घटना कुमांडीह रेलवे स्टेशन के पास रात करीब आठ बजे हुई। उपायुक्त ने पीटीआई-भाषा को बताया, "दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। तीन शव बरामद कर लिए गए है, जबकि तलाशी अभियान अब भी जारी है।

### मां बनने वाली हैं अभिनेत्री दृष्टि धामी

**मुंबई।** लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री दृष्टि धामी ने जानकारी साझा की की है कि वह गर्भवती है और वह अपने पहले बच्चे की मां बनने वाली है। धामी को दिल मिल गए , गीत , सिलसिला बदलते रिश्तो का और दुरंगा जैसे धारावाहिकों में अभिनय के लिए जाना जाता है।अभिनेत्री धामी और उनके पति नीरज खेमका ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक वीडियो के जरिए यह खबर साझा की। अभिनेत्री ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, बहुत दूर नही, एक आकाशगंगा मे, एक छोटा विद्रोही हमारे पागल कबीले मे शामिल हो रहा है।

### गाने की चर्चा करेंगे कलाकार

मुंबई। नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो के 12वें एपीसोड में भारतीय संगीत उद्योग के ज़बरदस्त टेलेंट को सामने लाया गया है, जो सभी संगीत प्रेमियों के लिए एक बड़ा तोहफा होगा शनिवार रात 8 बजे, आओ नाचें! क्योंकि करण औजला, बादशाह और डिवाइन अपने लेटेस्ट एल्बम एक था राजा के प्रमोशन के दौरान ज़बरदस्त धमाल मचाने को तैयार हैं। वाइब है क्योंकि ये मेहमान कुछ ऐसे अनसुने किस्से सुनाते हैं, जिनसे यह सीज़न का एक यादगार एपिसोड बन जाता है। वैसे तो इस एपिसोड में कई दिलचस्प किस्से हैं, लेकिन एक ऐसा किस्सा भी है जिसे सुनकर यक़ीनन आपके कान खड़े हो जायेंगे।

### तकनीकी शिक्षा का प्रसार

बेंगलुरु। स्किल इंडिया मिशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आज राजकीय पॉलिटेक्निक, बरेली में 66वें टोयोटा तकनीकी शिक्षा कार्यक्रम (टी-टीईपी) सुविधा और टी-टीईपी के तहत तकनीकी शिक्षा तथा मान्यता के लिए छात्रवृत्ति कार्यक्रम पहल के शुभारंभ की घोषणा की। इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए, कंपनी के कंट्री हेड और कॉरपोरेट मामलों तथा प्रशासन के कार्यकारी वाइस प्रेसिडेंट विक्रम गुलाटी ने कहा, टीकेएम में, हम युवा प्रतिभाओं के लिए उन्नत तकनीकी कौशल और ज्ञान प्राप्त करने के अवसर पैदा करने में तकनीकी प्रशिक्षण की परिवर्तनकारी शक्ति को पहचानते हैं।

### बिल्डिंग इनक्लूसिव लीडर्स: ऑन कैंपस एंड बियॉन्ड शीर्षक पर पैनल चर्चा

**नई दिल्ली।*** अपने आने वाले छात्रों को विविधता और समावेश पर केंद्रित भविष्य के लिए कौशल और मानसिकता से लैस करने और कॉर्पोरेट और सामाजिक समावेशिता के लिए व्यावहारिक कदम उठाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुएए एक्सएलआरआई के सेंटर फ़ॉर जेंडर इक्वेलिटी एंड इनक्लूसिव लीडरशिप सीजीईआईएल ने बिल्डिंग इनक्लूसिव लीडर्स:ऑन कैंपस एंड बियॉन्डष् शीर्षक से एक विचार.प्रेरक पैनल चर्चा का आयोजन किया। दिल्ली एन सा् आरऔर जमशेदपुर दोनों परिसरों में नए बैचों के लिए आयोजित समारोहों के दौरान आयोजित इस कार्यक्रम ने लैंगिक समानता और समावेशी नेतृत्व पर एक महत्वपूर्ण संवाद में शामिल होने के लिए शिक्षाविदों के साथ प्रमुख नेताओं को एक साथ लाया।

## भागवत के बयान के बाद भाजपा के साथ मतभेद की खबरों को आरएसएस ने किया खारिज

भाषा। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ** (आरएसएस) ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ अपने मतभेद की खबरों को खारिज कर दिया और इसे भ्रम पैदा करने की कोशिश करार दिया। संघ के सूत्रों ने इस बात को भी मानने से इनकार किया कि लोकसभा चुनाव परिणामों को लेकर सरसंघचालक मोहन भागवत की आलोचनात्मक टिप्पणियां सत्तारूढ़ पार्टी को निशाना बनाकर की गई थीं। सूत्रों ने यह भी कहा कि आरएसएस और भाजपा सहित उसके सहयोगी संगठनों की तीन दिवसीय वार्षिक समन्वय बैठक केरल के पलक्कड़ जिले में 31 अगस्त से शुरू होगी। बैठक में भाजपा अध्यक्ष समेत



पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। आरएसएस सूत्रों ने कहा, आरएसएस और भाजपा के बीच कोई दरार नहीं है। संघ का यह बयान इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि विपक्षी नेताओं समेत लोगों के एक वर्ग का दावा है कि भागवत की वह टिप्पणी लोकसभा चुनाव में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं करने के बाद भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को एक संदेश है, जिसमें उन्होंने कहा था कि सच्चा सेवक कभी अहंकारी नहीं होता। सूत्रों ने कहा, 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद उन्होंने (भागवत ने) जो भाषण दिए थे और इस बार का जो भाषण है , इनमें बहुत अधिक अंतर नहीं है। किसी भी संबोधन में राष्ट्रीय चुनावों जैसी महत्वपूर्ण घटना का संदर्भ होना लाजिमी है। उन्होंने कहा, लेकिन इसका गलत मतलब निकाला गया और भ्रम पैदा करने के लिए इसे संदर्भ से बाहर ले जाया गया। उनकी अहंकार वाली टिप्पणी कभी भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या भाजपा के किसी नेता के खिलाफ नहीं थी। अपने भाषण में भागवत ने सोमवार को मणिपुर में एक साल बाद भी शांति बहाल ना होने पर चिंता जताई थी।

## केंद्रीय मंत्री वी सोमन्ना के बेटे और दो अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**बेंगलुरु।** केंद्रीय मंत्री वी सोमन्ना के बेटे अरुण बी एस सहित तीन लोगों के खिलाफ एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी में धोखाधड़ी और खातों में हेराफेरी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक तीनों लोगों पर कंपनी से जुड़े एक दंपति को धमकी देने का भी आरोप है। उन्होंने बताया कि 37वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के निर्देश पर यह प्राथमिकी दर्ज की गई। प्राथमिकी के अनुसार, तृप्ति नाम की महिला ने आरोप लगाया है कि वह और उसके पति माधवराज पिछले 23 वर्षों से इवेंट मैनेजमेंट कंपनी चला रहे हैं। वर्ष 2013 में एक सरकारी कार्यक्रम के आयोजन के दौरान उनकी मुलाकात जलशक्ति और रेल राज्यमंत्री के बेटे अरुण से हुई। इसके बाद 2017 में उनकी कंपनी ने अरुण की बेटी के लिए जन्मदिन की पार्टी भी आयोजित की थी। बाद में अरुण ने अपने दोस्तों और परिवार के अन्य सदस्यों के लिए कार्यक्रम की योजना बनाने का काम इसी कंपनी को सौंप दिया। वर्ष 2019 में, अरुण और माधवराज ने एक साझेदारी विलेख के तहत एक कंपनी शुरू की। जब व्यवसाय में कथित तौर पर घाटा हुआ तो अरुण ने माधवराज को इसकी जानकारी नहीं दी और जब उन्होंने इस बारे में पूछताछ की तो उन्हें कंपनी से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया। बाद में अरुण ने कंपनी में नए साझेदार भी शामिल कर लिए। तृप्ति ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें और उनके पति को जान से मारने की धमकियां भी मिल रही हैं। कंपनी में माधवराज का लाभांश भी 30 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया। इस मामले में 12 जून को दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक फर्जी दस्तावेज का इस्तेमाल कर कंपनी के कार्यालय स्थान और पंजीकरण से संबंधित कई अनियमितताएं की गईं।

## क्विक न्यूज

### वाईएसआरसीपी प्रमुख जगन मोहन रेड्डी ने कहा- लोग हमें फिर से सत्ता में लाएंगे

अमरावती। युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) प्रमुख वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि उनकी पार्टी भविष्य मे सत्ता में वापस आएगी। रेड्डी ने यह बात वाईएसआरसीपी संसदीय दल की बैठक में कही, जिसमें पार्टी के लोकसभा और राज्यसभा सदस्य शामिल हुए।एक प्रेस विज्ञप्ति मे उनके हवाले से कहा गया है, मुझे पूरा भरोसा है कि लोग हमें फिर से सत्ता मे वापस लाएंगे। उन्होने यह भी बताया कि वाईएसआरसीपी ने हाल के चुनावो में 40 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल किए है। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 के पिछले चुनावो की तुलना मे पार्टी को "सिर्फ 10 प्रतिशत वोट का नुकसान हुआ है और उम्मीद जताई कि मतदाता वाईएसआरसीपी और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) की सरकारो के बीच अंतर को समझेगे। संसद मे अपनी पार्टी के संख्या बल पर टिप्पणी करते हुए उन्होने कहा कि वाईएसआरसीपी के पास 11 राज्यसभा सदस्य और चार लोकसभा सदस्य है। उन्होने कहा, इसलिए "हमारी पार्टी भी बहुत मजबूत है और कोई भी कुछ नही बिगाड़ सकता है" हालांकि, रेड्डी ने कहा कि संसद मे वाईएसआरसीपी का रुख "मुद्दा आधारित होगा" उन्होने कहा कि तेदेपा के पास सिर्फ 16 लोकसभा सदस्य है।

### दुष्कर्म पीड़ति युवती ने खुद पर डीजल छिड़ककर आग लगाई, उपचार के दौरान मौत, दो आरोपी हिरासत में

जयपुर। राजस्थान के कोटा जिले के बूढादीत थानाक्षेत्र में 18 वर्षीय सामूहिक दुष्कर्म पीड़ित एक युवती ने खुद पर डीजल छिड़ककर आग लगा ली और उसकी कोटा एमबीएस अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी।पुलिस ने बताया कि पीड़िता के पिता की शिकायत पर दो युवको और अन्य के खिलाफ युवती का अपहरण करने और दुष्कर्म करने का मामला दर्ज करके दोनों को हिरासत में ले लिया है जबकि तीन अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।पुलिस उपाधीक्षक शिवम जोशी ने बताया कि युवती के पिता की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर आरोपियो के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (डी) (सामूहिक दुष्कर्म), 366 (अपहरण) और 306 (आत्महत्या के लिए उकसाने) के तहत एक मामला दर्ज करके दो चचेरे भाइयो को हिरासत मे ले लिया गया है और तीन अन्य की तलाश की जा रही है।उन्होंने बताया कि मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनो को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक करण सिंह ने बताया कि कंट्रोल रूम के जरिए यह सूचना प्राप्त हुई थी कि टाकरवाडा इलाके की युवती जलने के बाद अस्पताल मे भर्ती हुई है। उन्होने बताया सूचना पर पुलिस को अस्पताल भेजा गया।

### एलएंडटी ने गांवों में हासिल की महत्वपूर्ण उपलब्धि

मुंबई।देश की अग्रणी नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों (एनबीएफसी) में शामिल, एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड (एलटीएफ) ने घोषणा की है कि उसके रूरल बिजनेस फाइनेंस कारोबार ने अपने बुक साइज में 25000 करोड़ रुपये की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को पार कर लिया है। यह उपलब्धि ग्रामीण उद्यमियों और छोटे व्यवसाय मालिकों को सशक्त बनाने की दिशा में कंपनी की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो वास्तव में भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। वित्तीय समावेशन और ग्रामीण विकास (रूरल डेवलपमेंट) पर मजबूत फोकस के साथ, एलटीएफ का रूरल बिजनेस फाइनेंस गांवों में रहने वाली आबादी को आसानी से और किफायती दरों पर फाइनेंसिंग (वित्तपोषण) के समाधान प्रदान करने में सबसे आगे रहा है। अपनी स्थापना के बाद से, कंपनी ने 1.4 करोड़ से अधिक ग्रामीण महिला उद्यमियों को लोन प्रदान किया है, जिससे उन्हें अपना व्यवसाय शुरू करने और विस्तार करने के साथ ही वित्तीय रूप से सुरक्षा और स्वतंत्रता प्राप्त करने में सशक्त बनाया गया है। इसके अलावा, कंपनी 14 राज्यों में 1700 से अधिक शाखाओं के नेटवर्क के माध्यम से उन क्षेत्रों तक अपनी पहुंच बढ़ाने में सक्षम रही है, जहां फाइनेंसिंग की सुविधा नहीं के बराबर है। इस अवसर पर एलटीएफ के चीफ एग्जीक्यूमटिव, रूरल बिजनेस फाइनेंस सोनिया कृष्णनकुट्टी ने कहा कि 25,000 करोड़ रुपये के बुक साइज तक पहुंचना हमारे रूरल बिजनेस फाइनेंस क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हमारी सफलता डाटा ड्रिवेनअप्रोच से बनी है, जो हमें सूचना के आधार पर और प्रभावी तरीके से लोन लेने का निर्णय लेने में सक्षम बनाता है।

### निर्यात हब पर डीपीआईआईटी में करार

**नई दिल्ली।** खिलौना निर्यात हब के रूप में भारत की स्थिति को सुदृढ़ करने के लक्ष्य को मजबूती देते हुए भारत के घरेलू ईकॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) से हाथ मिलाया है। फ्लिपकार्ट ने डीपीआईआईटी के साथ मिलकर वैश्विक स्तर पर खिलौना आपूर्ति उद्योग में भारत की स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य के साथ कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में घरेलू विनिर्माताओं के कौशल विकास पर जोर दिया गया, जिससे वे भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतिनिधित्व करने वाले इनोवेटिव एवं उच्च गुणवत्ता के खिलौने बनाने में सक्षम हो सकें। कार्यक्रम की सफलता पर उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा, 'हम भारतीय खिलौना उद्योग के विकास के लिए अनुकूल माहौल बनाने के लिए समर्पित हैं। फ्लिपकार्ट जैसी उद्योग जगत की अग्रणी कंपनियों के साथ मिलकर हम भारत को उच्च गुणवत्ता वाले खिलौनों के निर्यात में अगुआ बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठा रहे हैं। फ्लिपकार्ट के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर श्री रजनीश कुमार ने कहा, 'फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस के माध्यम से हम स्थानीय खिलौना विनिर्माताओं को ऐसा प्लेटफॉर्म देने में सक्षम हुए हैं, जिससे वे देशभर में ग्राहकों तक पहुंच पाते हैं। इससे उनके विकास को गति मिली है। हमें भारत में खिलौना उद्योग को मजबूत करने और वैश्विक स्तर पर खिलौना विनिर्माण एवं निर्यात का हब बनने के लक्ष्य की ओर बढ़ते भारत के विकास को गति देने की दिशा में वाणिज्य मंत्रालय के अधीन डीपीआईआईटी का समर्थन करने की खुशी है।

### स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम से जुडेंगे ग्रामीण

**चरखी दादरी।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, क्षमता के मामले में भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट ग्रुप, ने हरियाणा के चरखी दादरी में राजमिस्त्रियों को चिनाई के बेहतर स्किल्स प्रदान करने के लिए एक नया। मेसनरी स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम न्युवो मेसन शुरू किया है। असंगठित चिनाई क्षेत्र को लाभ पहुंचाने के लिए अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसबिलिटी पहल के हिस्से के रूप में न्युवो मेसन - एक मेसनरी स्किल डेवलमेंट प्रोग्राम है, जिससे बड़ी संख्या में राजमिस्त्रियों को अपने स्किल्स बेहतर करने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन न्युवोको के हरियाणा सीमेंट प्लांट के प्लांट हेड कुंतल दत्ता, चिड़िया ग्राम पंचायत के सरपंच दलवीर सिंह दलवा और न्युवोको के हरियाणा सीमेंट प्लांट के एचआर हेड ज्योति कुमार पुरोहित ने गांव के अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ किया। कुंतल दत्ता ने न्युवोको की सीएसआर पहलों में उनके विश्वास के लिए नाबार्ड रोहतक क्लस्टर कार्यालय मोहित यादव औरी अंकित दहिया के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि युवो मेसन कौशल विकास और सामाजिक जिम्मेदारी केमाध्यम से सामुदायिक सशक्तिकरण के लिए हमारे समर्पण को दर्शाता है।

## कश्मीरी पंडित मातृभूमि पर लौटें, यह रिश्तों को फिर से जोड़ने का वक्तः मीरवाइज उमर फारूक

भाषा। श्रीनगर

**हुर्रियत कॉन्फ्रेंस** के प्रमुख मीरवाइज उमर फारूक ने कश्मीरी पंडितों से अपनी मातृभूमि लौटने की अपील करते हुए शुक्रवार को कहा कि यह वक्त मेल-मिलाप और टूटे रिश्तों को फिर से जोड़ने का है। यहां नौहट्टा क्षेत्र में ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में जुमे (शुक्रवार) की नमाज के लिए जुटे लोगों को संबोधित करते हुए फारूक ने मेला खीर भवानी के मौके पर कश्मीरी पंडित समुदाय को मुबारकबाद दी। हजारों कश्मीरी पंडितों ने मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले के तुलमुल्ला स्थित माता खीर भवानी मंदिर में शुक्रवार को पूजा-अर्चना की। मेला खीर भवानी रंग्या देवी को समर्पित खीर भवानी मंदिर में एक वार्षिक कार्यक्रम है। यह जम्मू-कश्मीर के अन्य मंदिरों में भी ज्एष्ठ अष्टमी के मौके पर मनाया जाता है। कश्मीर में आतंकवाद के भड़कने के बाद 1990 में बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडित अपने घर छोड़कर घाटी से पलायन कर गए थे। मीरवाइज़ ने कहा कि समुदाय को अपनी मातृभूमि पर लौट आना चाहिए जो उनका इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा, आज मेला खीर भवानी है और मैं इस मौके पर हमारे कश्मीरी पंडित समुदाय को मुबारकबाद देना चाहता हूं। मैं एक बार फिर उनसे कहूंगा कि वे अपनी मातृभूमि पर लौट आएं जो उनका इंतज़ार कर रही है और यहां वैसे ही रहें जैसे वे अतीत में हमारी साझा विरासत में रहते थे। अब वक्त

## भारत की समुद्री सुरक्षा को मजबूत बनाने पर ध्यानः राजनाथ सिंह

भाषा। विशाखापत्तनम

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को यहां कहा कि उनका ध्यान भारत की समुद्री सुरक्षा को और मजबूत करने तथा हिंद महासागर क्षेत्र में एक नौसैनिक शक्ति के रूप में इसकी उपस्थिति को और अधिक प्रभावी व मजबूत बनाने पर होगा। सिंह ने यह टिप्पणी लगातार दूसरी बार रक्षा मंत्री बनने के बाद यहां की अपनी पहली यात्रा के दौरान की। उन्होंने भारतीय नौसेना की अभियानगत तैयारियों की समीक्षा करने के लिए विशाखापत्तनम में पूर्वी नौसेना कमान (ईएनसी) का दौरा किया और आईएनएस जलाश्व पर डे एट सी कार्यक्रम में भाग लिया। एक प्रेस विज्ञप्ति में सिंह के हवाले से कहा गया है, बढ़ते औद्योगिक



बुनियादी ढांचे के कारण भारतीय नौसेना लगातार मजबूत होती जा रही है। हमारे शिपयार्डों का विस्तार हो रहा है, विमानवाहक पोतों की संख्या बढ़ रही है और हमारी नौसेना एक नई शक्तिशाली ताकत के रूप में उभर रही है। हम इस कार्यकाल में भी अपने प्रयासों को गति देंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का भूमि सीमा और समुद्री सुरक्षा पर ध्यान देना एक व्यापक दृष्टिकोण- राष्ट्र के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों को एक सूत्र में बांधना है। उन्होंने कहा यह बहुत गर्व की बात है कि हमारी नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षित व्यापार सुनिश्चित कर रही है तथा शांति और समृद्धि को बढ़ावा दे रही है।

## गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की, 16 जून को उच्चस्तरीय बैठक बुलाई

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह ने तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर हमले समेत हाल में हुई कई आतंकवादी घटनाओं के मद्देनजर शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। शाह ने 16 जून को एक उच्चस्तरीय सुरक्षा बैठक भी बुलाई है, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस



बल (सीआरपीएफ) के शीर्ष अधिकारियों समेत अन्य लोग शामिल होंगे। सूत्रों ने कहा कि गृह मंत्री ने रविवार की बैठक में भी सालाना अमरनाथ यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया था जो 29 जून से शुरू हो रही है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री को जम्मू-कश्मीर के हालात और वहां आतंकवादी घटनाओं के बाद उठाए गए कदमों से अवगत कराया गया। आतंकवादियों ने पिछले चार दिनों में रियासी, कठुआ और डोडा जिलों के चार स्थानों पर हमला किया है, जिसमें नौ तीर्थयात्रियों के अलावा एक सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई, जबकि सात सुरक्षाकर्मियों समेत अन्य लोग घायल हो गए। कठुआ जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी भी मारे गए और उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।

## थोड़े खर्च में रूक सकते हैं भीषण अग्निकांड : काबरा

**चंडीगढ़।** मात्र कुछ हजार खर्च करके भीषण अग्निकांडों से लोगों की जान बचाई जा सकती है। ये बाते भारत में इलेक्ट्रिक वायर बनाने वाली संस्था आरआर काबेल के प्रबंध निदेशक गोपाल काबरा ने दी। वह अपने एक नए उत्पाद फायर एक्स एलएसओएचईबीएक्सएल को बाजार में उतारने के बाद ये प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के साथ बना फायर एक्सएलएसओएचईबीएक्सएल घरेलु और व्यावसायिक दोनों ही क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक वायरिंग के लिए एक नया मानक स्थापित करता है। फायरेक्स (इलेक्ट्रॉनबीमक्रॉसलिंक्ड) इलेक्ट्रिकल सुरक्षा में एक महत्व पूर्ण सफलता है, जो एक आविष्कारी इलेक्ट्रॉनबीमक्रॉस-लिंक्डकंपाउंड का उपयोग करता है जो पूरी तरह से हलोजन फ्री है और 900 डिग्री सेंटीग्रेट तक के तापमान को सहन करने में सक्षम है । पीवीसी आधारित काउंटर पार्ट्स के विपरीत न केवल क्लोरीन फ्री है बल्कि यह नॉन टॉक्सिक, नॉन कॉरोसिव है और दस गुना सुरक्षा प्रदान करता है। क्रॉस-लिंक्ड हेलोजन-फ्री फ्लेम रिटारडेंटइन्सुलेशन आग दुर्घटना की स्थिति में 93प्रतिशत से अधिक दृश्यता देती है, जिससे काले और जहरीले धुएं के उत्सर्जन का खतरा समाप्त हो जाता है, जो न केवल बाहर जाने के मार्ग को साफ दृश्यता देकर बचाव कार्य में मदद करता है।

## महाराष्ट्र में राजनीतिक उठापठक, गठबंधन सरकार में खुलकर सामने आए मतभेद

भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र में** मंत्रिमंडल विस्तार और राज्यसभा नामांकन जैसे अनसुलझे मुद्दों को लेकर खुली चेतावनियों के बीच सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में तनाव बढ़ रहा है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को रिक्त राज्यसभा सीट के लिए मनोनीत किए जाने पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में असंतोष की खबरें सामने आई हैं। इस कदम से राकांपा में असंतोष भड़क गया है। विशेष रूप से वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने नाराजगी व्यक्त की है, जो राज्यसभा सदस्य बनना चाहते थे। प्रमुख ओबीसी नेता भुजबल ने पार्टी की निर्णय प्रक्रिया में दरकिनार किए जाने की भावना का संकेत देते हुए लोकसभा और राज्यसभा दोनों चुनावों के लिए टिकट आवंटन की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, "(उन्हें टिकट न दिए जाने के) पीछे कारण हो सकते हैं। कभी-कभी यह नियति या किसी प्रकार की मजबूरी होती है। उन्होंने इस सवाल पर प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया कि क्या



वंशवाद की राजनीति के चलते ऐसा हुआ है। यह पूछे जाने पर कि क्या लोकसभा और राज्यसभा टिकट को लेकर उनके साथ अन्याय हुआ है, भुजबल ने स्पष्ट रूप से नाराज होते हुए कहा कि यह सवाल उनसे पूछा जाना चाहिए। भुजबल ने कहा, "यह (सांसद बनने की) मेरी इच्छा है। इसलिए मैं नासिक लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए तैयार था। मुझे बताया गया कि दिल्ली में मेरा टिकट तय हो गया है, मैंने काम करना शुरू कर दिया था, लेकिन जब (नाम की घोषणा का) फैसला एक महीने तक लटका रहा, तो मैंने काम बंद कर दिया क्योंकि काफी अपमान हो चुका था। नासिक से टिकट अंततः शिवसेना के हेमंत गोडसे को मिला, जो चुनाव में प्रतिद्वंद्वी शिवसेना (यूबीटी) के राजाभाऊवाजे से हार गए। अजित पवार ने शुक्रवार को अपनी पार्टी में स्पष्ट असंतोष को कम करने का प्रयास करते हुए कहा कि राज्यसभा उपचुनाव के लिए उनकी पत्नी को उम्मीदवार बनाने का निर्णय राकांपा की शीर्ष इकाई ने लिया है। उन्होंने इन खबरों का खंडन किया कि भुजबल नाराज हैं।

# कनाडा के खिलाफ कोहली की फॉर्म पर रहेंगी नजरें

## ● टी-20 विश्व कप : भारत तैयार बारिश के खलल की संभावना



**भाषा।** लॉडरहिल (अमेरिका)

**भारत टी20 विश्व** कप के अपने अंतिम ग्रुप ए मैच में शनिवार को यहां जब कनाडा से भिड़ेगा तो स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के पिछले कुछ मैचों में कम स्कोर उसके लिए चिंता की बात होंगे। टीम को साथ ही उम्मीद होगी कि मुकाबले में बारिश का खलल नहीं पड़ेगा क्योंकि फ्लोरिडा के कई हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है। तीन मैच में तीन जीत के साथ भारत पहले ही सुपर आठ चरण में जगह बना चुका है जिसके सभी मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की ओर से 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 700 से अधिक रन बनाने के बाद कोहली टी20 विश्व कप में आए थे लेकिन शुरुआती मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। वह अब तक तीन मैच में 1.66 के औसत से पांच ही रन बना पाए हैं जिसमें अमेरिका के खिलाफ गोल्डन डक (पहली गेंद पर खाता खोले बिना आउट होना) भी शामिल है।उम्मीद है कि वह एक बार फिर आईसीसी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करेंगे जो 13 साल बाद भारत के लिए एक और आईसीसी खिताब जीतने का उनका संभवत: आखिरी मौका है। भारतीय टीम न्यूयॉर्क से 1850 किमी की यात्रा करके फ्लोरिडा पहुंची है और उम्मीद है कि शहर बदलने के साथ कोहली को भाग्य भी बदलेगा।ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम की पिच से गेंदबाजों को शायद न्यूयॉर्क जितनी मदद नहीं मिले जहां की पिच पर असमान उछाल था और धीमा आउटफील्ड के कारण क्रिकेट से अधिक मैदान और पिच की चर्चा हो रही थी। कोहली के ऊपर से हालांकि इस तथ्य से दबाव कुछ कम होगा कि उनके खराब प्रदर्शन का असर टीम के प्रदर्शन पर नहीं पड़ा है।कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज कर रहे कोहली के जल्दी आउट होने से हालांकि टीम को अच्छी शुरुआत नहीं मिल रही और बाद में आने वाले बल्लेबाजों पर दबाव बन रहा है।ऋषभ पंत और सूर्यकुमार यादव जैसे बल्लेबाज हालांकि कोहली के खराब प्रदर्शन की भरपाई करने में काफी हद तक सफल रहे हैं। पंत ने आयरलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ क्रमश: 36 और 42 रन की पारियां खेलकर इन दोनों मैच में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई सूर्यकुमार यादव ने टूर्नामेंट में खराब शुरुआत से उबरते हुए अमेरिका के खिलाफ महत्वपूर्ण अर्धशतक जड़ा। शिवम दुबे ने भी सह मेजबान के खिलाफ 35 गेंद में 31 रन बनाए जिससे संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल पर उन्हें एक बार फिर तरजीह मिलने की उम्मीद है।

### भारतीय टीम के ग्रुप मैचों के बाद रिजर्व खिलाड़ी गिल, आवेश टीम से होंगे रिलीज

**फोर्ट लाउडरहिल (फ्लोरिडा)।** रिजर्व सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और तेज गेंदबाज आवेश खान को शनिवार को यहां कनाडा के खिलाफ टी20 विश्व कप के अंतिम ग्रुप चरण मैच के बाद भारतीय टीम से रिलीज कर दिया जाएगा। यह समझा जाता है कि टीम प्रबंधन सुपर आठ चरण में चार स्टैंडबाय (वैकल्पिक खिलाड़ी) को ले जाने की जरूरत नहीं समझ रहा है। ऐसे में इसलिए केवल रिंकू सिंह और बाएं हाथ के तेज मध्यम खलील अहमद कैरेबियाई चरण के दौरान टीम के साथ होंगे। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई-भाषा को बताया, शुभमन और आवेश को केवल अमेरिका में ग्रुप लीग चरण तक ही रुकना था। यह पहले से तय था। इसलिए कनाडा के खिलाफ मैच के बाद, उन्हें टीम से रिलीज (टीम से अलग होना) कर दिया जाएगा।

# अफगानिस्तान ने पीएनजी को हराया

## ● टी-20 विश्व कप के सुपर आठ में पहुंचा

**भाषा।** तारोबा (त्रिनिदाद)



**फजलहक** फारूकी और नवीन उल हक की धारदार गेंदबाजी से अफगानिस्तान ने यहां ग्रुप सी को पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को सात विकेट से हराकर पहली बार टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जगह बनाई। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फारूकी (16 रन पर तीन विकेट) और नवीन (चार रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने पीएनजी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 95 रन पर सिमट गई। इसके जवाब में अफगानिस्तान ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए 15.1 ओवर में तीन विकेट पर 101 रन बनाकर जीत दर्ज की। गुलबदिन नैब ने 36 गेंद में नाबाद 49 रन की पारी खेलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। तीन मैच में तीन जीत से छह अंक के साथ अफगानिस्तान ग्रुप सी से सुपर आठ में जगह बनाने वाली दूसरी टीम बनी। सहमेजबान वेस्टइंडीज (छह अंक) पहले ही अगले दौर में जगह बना चुका है। इसके साथ ही 2021 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाला न्यूजीलैंड प्रतियोगिता से बाहर हो गया। न्यूजीलैंड ने लगातार दो मैच गंवाए हैं। टीम अंक तालिका में अंतिम स्थान पर चल रही है और अभी उसके अंकों का खाता भी नहीं खुला है। न्यूजीलैंड की टीम अपने अंतिम दो मैच अब युगांडा और पीएनजी के खिलाफ खेलेगी जो महज औपचारिकता के मुकाबले हैं। अफगानिस्तान की टीम सुपर आठ चरण में अपना पहला मैच 20 जून को बारबाडोस में भारत के खिलाफ खेलेगी। राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद फारूकी ने अपने दूसरे ओवर में दो विकेट चटकाकर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। वह अब तक टूर्नामेंट में 11.2 ओवर में 42 रन देकर 12 विकेट चटका चुके हैं। फारूकी के तेज गेंदबाजी जोड़ीदार नवीन ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए 2.5 ओवर में चार रन देकर दो विकेट चटकाए। सेमो कामिया के रन आउट के साथ 19.5 ओवर में पीएनजी की पारी सिमट गई। अफगानिस्तान ने अगर 25 अतिरिक्त रन नहीं दिए होते तो पीएनजी की हालत और खराब होती। इसमें 13 रन वाइड के भी शामिल हैं।

### जीव, रंधावा लॉरी मैचप्ले के दूसरे दौर में

**हर्टफोर्डशर (इंग्लैड)।** जीव मिल्खा सिंह और ज्योति रंधावा ने यूरोप में लीजेंड्स टूर ऑफ सीनियर्स के पॉल लॉरी मैचप्ले टूर्नामेंट के पहले दौर में जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाई। जीव ने पॉल स्ट्रीटर को हराया जबकि रंधावा ने थॉमस गोगेले को शिकस्त दी। जीव दूसरे दौर में कीथ होर्ने से भिड़ेंगे जबकि रंधावा को मैलकम मैकेंजी का सामना करना है जिन्होंने पहले दौर में 2006 राइडर कप कप्तान इयान वूसनैम को हराया।

### पुखराज को वियतनाम मास्टर्स में दूसरे दौर के बाद बढ़त

**लांग एन (वियतनाम)।** भारतीय गोल्फर पुखराज सिंह गिल ने दूसरे दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर से यहां एशियाई डेवलपमेंट टूर के नैम ए बैक वियतनाम मास्टर्स में बढ़त बना ली है। पहले दौर में 64 का स्कोर बनाने वाले पुखराज का इस 85 हजार डॉलर इनामी टूर्नामेंट में दो दिन के बाद कुल स्कोर 11 अंडर है। गिल ने दूसरे स्थान पर चल रहे इंडोनेशिया के जोनाथन विजोनो (68-67) पर दो शॉट की बढ़त बना रखी है जो नौ अंडर के कुल स्कोर से दूसरे स्थान पर है।

### अदिति की अच्छी शुरुआत, संयुक्त 11वें स्थान

**बेलमोंट (अमेरिका)।** अदिति अशोक मेइजर एलपीजीए क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में चार अंडर 68 के अच्छे प्रदर्शन से संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर हैं। अदिति ने पहले दौर में पांच बर्डी की लेकिन एक बोगी भी कर गईं जिससे उनका स्कोर चार अंडर रहा। मौजूदा सत्र में यह अदिति के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में शामिल है। उन्होंने फरवरी में थाईलैंड में होंडा एलपीजीए में भी 68 का स्कोर बनाया था और प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से 31वें स्थान पर रही थी।

### राशिद ने गेंदबाजी में विविधता का सहारा लिया

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा)।** इंग्लैड के लेग स्पिनर आदिल राशिद का मानना है कि टी20 विश्व कप की खराब शुरुआत के बाद ओमान के खिलाफ उन्हें अपनी गेंदबाजी में विविधताओं का विवेकपूर्ण उपयोग करने का फायदा हुआ। राशिद के 11 रन पर चार विकेट की मदद से गत चैम्पियन टीम ने ग्रुप बी के मैच में ओमान को 47 रन पर आउट करने के बाद महज 3.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया।

### सुपर आठ चरण में और प्रतिस्पर्धी स्कोर देखने की उम्मीद : रबाडा

**किंग्स्टन (सेंट विन्सेंट)।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा को टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में प्रतिस्पर्धी स्कोर देखने की उम्मीद है क्योंकि वेस्टइंडीज की पिचों की प्रकृति टूर्नामेंट के अमेरिकी चरण में इस्तेमाल की गई ड्राप इन पिच से अधिक निरंतर होगी। न्यूयॉर्क की पिचों पर अत्यधिक उछाल से रन बनाना काफी मुश्किल हो रहा था। अब सुपर आठ के मैच कैरेबियाई स्थलों पर खेले जाएंगे।

### भारतीय पुरुष टीम स्क्वाश क्वार्टर फाइनल में पाकिस्तान से हारी

**डालियान (चीन)।** भारतीय पुरुष टीम शुक्रवार को यहां एशियाई टीम स्क्वाश चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पाकिस्तान से 1-2 से हार गई, जबकि महिला टीम ग्रुप चरण के अपने आखिरी मैच में दक्षिण कोरिया से हार गईं। राहुल बैठा के मोहम्मद आसिम खान से हारने के बाद वेलावन सेंथिलकुमार ने नासिर इकबाल को हराकर दिन की एकमात्र भारतीय जीत दर्ज की। नूर जमान ने सूरज कुमार चंद पर सीधे गेम में जीत के साथ कई बार के चैंपियन पाकिस्तान को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। दक्षिण कोरिया ने ग्रुप ए के मैच में भारतीय महिला टीम को 3-0 से हराकर उसकी नॉकआउट चरण में पहुंचने की उम्मीदों को खत्म कर दिया।

# भारतीय महिला तीरंदाजी टीम ओलंपिक क्वालीफायर में यूक्रेन से हारी

## ● कोटे के लिए रैंकिंग पर निर्भर

**भाषा।** अंताल्या (तुर्की)



**दीपिका कुमारी,** भजन कौर और अंकिता भकत की भारतीय महिला रिकर्व टीम शुक्रवार को यहां अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर के प्री क्वार्टरफाइनल में बढ़त गंवाकर निचली रैंकिंग पर काबिज यूक्रेन से 3-5 से उलटफेर का शिकार हो गई। पांचवें वरीय के तौर पर क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम को प्री क्वार्टरफाइनल में बाई मिली थी जिससे उसे पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने के लिए एलिमिनेशन दौर में दो जीत की दरकार थी। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीम पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करेगी। लेकिन विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम यूक्रेन की वेरोनिका मार्चेंको, अनास्तासिया पावलोवा और ओल्हा चेबोतारेंको की तिकड़ी से 3-। की बढ़त गंवाकर 3-5 (51-51, 55-52, 53-54, 52-54) से हार गई। यूक्रेन की टीम विश्व रैंकिंग में भारत से 10 पायदान नीचे है। भारत को भजन और अंकिता के कम अनुभव का खामियाजा भुगतना पड़ा क्योंकि दोनों धैर्य नहीं दिखा सकीं। पुरुष टीम की क्वालीफाइंग स्पर्धा शनिवार को होगी जिसमें 46 टीमों के बीच कड़ी स्पर्धा होगी क्योंकि सिर्फ तीन कोटे दाव पर लगे होंगे। व्यक्तिगत कोटा हासिल करने की स्पर्धा रविवार को होंगी। 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता में 80 से ज्यादा देशों के 300 से अधिक रिकर्व तीरंदाज हिस्सा ले रहे हैं। भारतीय महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम हालांकि अब भी रैंकिंग के जरिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकती है। क्वालीफिकेशन नियम में नए संशोधन के अनुसार क्वालीफायर से कट हासिल नहीं करने की स्थिति में विश्व तीरंदाजी रैंकिंग में शीर्ष दो देश ओलंपिक से पहले कट हासिल कर लेंगे।

### मोदी ने पेरिस ओलंपिक के आयोजन के लिए मैक्रों को शुभकामनाएं दी

**बारी (इटली)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जी7 शिखर सम्मेलन के इतर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों से मुलाकात के दौरान अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के आयोजन के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। पेरिस ओलंपिक का आयोजन 26 जुलाई से 11 अगस्त तक फ्रांस की राजधानी में किया जाएगा। मोदी ने मैक्रों से मुलाकात के बाद एक्स पर लिखा, मैंने अगले महीने शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक की मेजबानी के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस महीने के शुरू में लगातार तीसरी बार शपथ लेने के बाद मोदी अपने पहले विदेश दौरे पर है। दोनो नेताओं की पिछली मुलाकात जनवरी में हुई थी, जब फ्रांस के राष्ट्रपति भारत के 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल हुए थे।

### बांग्लादेश की नीदरलैंड पर 25 रन की जीत

**किंग्सटाउन ( सेंट विंसेंट )।** शाकिब अल हसन के नाबाद अर्धशतक के बाद लेग स्पिनर रिशाद हुसैन की फिरकी के जादू से बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में गुरुवार को यहां नीदरलैंड को 25 रन से हराकर सुपर आठ में जगह बनाने का अपना दावा मजबूत किया। इस मैच के नतीजे के साथ ही पूर्व चैंपियन श्रीलंका की टीम सुपर आठ में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गई। श्रीलंका तीन मैच में एक अंक के साथ अंतिम स्थान पर है। बांग्लादेश के तीन मैच में चार जबकि नीदरलैंड के तीन मैच में दो अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका तीन मैच में छह अंक के साथ पहले ही सुपर आठ में जगह बना चुका है। बांग्लादेश के 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड ने रिशाद (33 रन पर तीन विकेट) और तास्किन अहमद (30 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम आठ विकेट पर 134 रन ही बना सकी।

# प्रणय की हार से भारतीय चुनौती समाप्त

## ● ऑस्ट्रेलियाई ओपन



**सिडनी।** भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय अपने से ऊंची रैंकिंग वाले जापान के कोडाई नाराओका से 19-21, 13-21 से हार गए जिससे शुक्रवार को यहां देश का कोई भी शटलर ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में सफल नहीं रहा। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज प्रणय की हार से पहले पुरुष एकल वर्ग में समीर वर्मा और महिला एकल में आकर्षि कश्यप (महिला) के अलावा सिक्की रेड्डी एवं बी सुमित रेड्डी की मिश्रित जोड़ी को अंतिम आठ में हार का सामना करना पड़ा। प्रणय ने शुरुआती गेम में 10-16 से पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करते हुए स्कोर को 18-18 किया लेकिन इसके बाद लय बरकरार नहीं रख सके। नाराओका ने दूसरे गेम में 5-5 की बराबरी के बाद अपना दबदबा बनाना शुरू किया और फिर भारतीय खिलाड़ी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। विश्व रैंकिंग के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी लोह किन यू को हराकर उलटफेर करने वाले समीर चीनी ताइपे के लिन चुन ई के खिलाफ दमखम नहीं दिखा सके। रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी ने उन्हें महज 38 मिनट में 21-12, 21-13 से हराया। मिश्रित युगल में सुमित और सिक्की की आठवीं वरीयता प्राप्त पति-पत्नी जोड़ी को भी जियान जेन बैंग और वेई या शिन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी से शिकस्त मिली। बैंग और शिन ने 21-12, 21-14 से आसान जीत दर्ज की। आठवीं वरीयता प्राप्त आकर्षि 42 मिनट तक चले महिला एकल मुकाबले में चीनी ताइपे की यू पो पाई से 21-17, 21-12 से हार गईं।

### सिनर इटली के लिए पेरिस ओलंपिक में एकल और युगल स्पर्धा खेलेंगे

**रोम।** शीर्ष रैंकिंग पर काबिज खिलाड़ी यानिक सिनर पेरिस ओलंपिक में पुरुष एकल और युगल दोनों स्पर्धाओं में इटली का प्रतिनिधित्व करेंगे। इटली टेनिस महासंघ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल तक पहुंचकर इस हफ्ते पुरुष रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंचे सिनर (22 वर्ष) के लिए यह पहला ओलंपिक होगा। सिनर ने जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन में पहला ग्रैंडस्लैम खिताब अपनी झोली में डाला था। 2024 में उनका जीत का रिकॉर्ड 33-3 रहा है जिसमें उन्होंने तीन खिताब हासिल किए। महासंघ ने कहा कि इटली के युगल मुकाबले में वह लोरेंजो मुसेटी के साथ जोड़ी बनाएंगे। पिछले हफ्ते फ्रेंच ओपन महिला फाइनल में हारने वाली जैस्मीन पाओलोनी भी इटली के लिए खेलेंगी।

# नागल पेरूगिया चैलेंजर के सेमीफाइनल में

**भाषा।** पेरूगिया (इटली)



भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां चल रहे पेरूगिया चैलेंजर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। छठे वरीय नागल ने क्वार्टरफाइनल में गैर वरीयता प्राप्त पोलैंड के माक्स कसनिकोवस्की पर सीधे सेट में 6-4, 7-5 से जीत हासिल की। यह नागल की जर्मनी में हीलब्रोन चैलेंजर के शुरू होने के बाद लगातार आठवीं जीत है। शनिवार को सेमीफाइनल में नागल का सामना स्पेन के गैर वरीय बर्नाबे जापाटा मिरालेस और दूसरे वरीय सर्बिया के लास्लो जेरे के बीच होने वाले क्वार्टरफाइनल के विजेता से होगा। नागल ने इससे पहले शुरूआती दौर में बोस्निया हर्जेगोविना के गैर वरीय नर्मन फाटिक पर और फिर प्री क्वार्टरफाइनल में इटली के गैर वरीय एलेसांद्रो जियानेसी पर जीत दर्ज की थी। पिछले हफ्ते नागल ने हीलब्रोन चैलेंजर खिताब जीता था जो उनकी इस सत्र में दूसरी चैलेंजर ट्राफी थी। उन्होंने फरवरी में चेन्नई चैलेंजर में फतह हासिल की थी। एटीपी एकल रैंकिंग में नागल अभी 77वें स्थान पर है जिससे उनका अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक में स्थान सुनिश्चित हुआ।

### दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला टी20 विश्व कप से पहले निरंतरता और गेम टाइम सुनिश्चित करेगी: मजूमदार

**बेंगलुरु।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार से यहां शुरू हो रही सभी प्रारूपों की श्रृंखला उनकी खिलाड़ियों के लिए अक्टूबर में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उचित गेम टाइम और निरंतरता सुनिश्चित करेगी। महिलाओं का टी20 विश्व कप बांग्लादेश में खेला जाएगा और मजूमदार इस टूर्नामेंट से पहले सही लय हासिल करना चाहते हैं। मजूमदार ने शुक्रवार को यहां मीडिया से कहा कि हां, विश्व कप से पहले निरंतरता काफी महत्वपूर्ण है। इस श्रृंखला में हम पहले वनडे, इसके बाद टेस्ट और फिर टी20 खेल रहे हैं। इसके बाद हम एशिया कप में खेलेंगे जो टी20 टूर्नामेंट है। एशिया कप (19 से 28 जुलाई तक श्रीलंका में) तक हमें टी20 विश्व कप के लिए तैयार हो जाना चाहिए। फिर हमारे पास सात हफ्तों का समय होगा जिसके बाद हम बांग्लादेश जाएंगे। यह अच्छी सोची समझी श्रृंखला है और मैं इसके लिए उत्साहित हूं। मजूमदार ने कहा, हमारी पिछले आठ हफ्तों में अच्छी तैयारी रही। हम बांग्लादेश गए और श्रृंखला 5-0 से जीते। हमने उसी मैदान पर अभ्यास किया जहां हम विश्व कप में खेलेंगे। इसलिए हमारी तैयारी अच्छी रही।

### आदित्य व शिवांश ने गुरुकुल क्रिकेट अकादमी को दिलाई जीत

**लखनऊ।** आदित्य सिंह -4 विकेट की उम्दा गेंदबाजी के बाद शिवांश सिंह नाबाद 44 की उपयोगी पारी से गुरुकुल क्रिकेट अकादमी ने अभ्युदय यूथ प्रांतीय क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को हुए मैच में काल्विन क्रिकेट अकादमी को 8 विकेट से हराकर पूरे अंक प्राप्त किए। सीएसएस क्रिकेट अकादमी के मैदान पर काल्विन क्रिकेट अकादमी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 31व4 ओवर में 112 रन पर ढेर हो गयी। वीर शुक्ला-30,कनिष्क कुमार-26, व अभि पाण्डेय 27 ही टिक कर खेल सके। आदित्य सिंह ने चार विकेट की सफलता हासिल की। जवाब में गुरुकुल क्रिकेट अकादमी ने 12.4 ओवर में मात्र 2 विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाकर मैच जीत लिया। आतिफ हुसैन नियाजी-30 व उत्कर्ष वर्मा-19 ने पारी की शुरुआत की।

# अंशिका व आयुषी ने शानदार खेल दिखाते हुए जीते स्वर्ण

## 15वीं उप्र राज्य पंजा कुश्ती चैंपियनशिप की हुई शुरुआत

**लखनऊ।** भारत के ग्रामीण अंचलों में आज भी चौपालों पर आपको लोग पंजा लड़ाते हुए मिल जाएंगे। इस ग्रामीण खेल का नजारा शुक्रवार से शुरू हुई 15वीं उत्तर प्रदेश राज्य पंजा कुश्ती चैंपियनशिप में देखने को मिला। पहले दिन कई वर्गो के मुकाबले खेले गए जिसमें सब जूनियर बालिका 40 किग्रा में मुरादाबाद की अंशिका ने मुरादाबाद की ही परिणीता को हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं सब जूनियर बालिका 60 किग्रा के फाइनल में संभल की आयुषी सागर ने मुरादाबाद की ओजस्वी को हराकर स्वर्णिम सफलता हासिल की। लखनऊ वासियों को चौक स्थित जवाहर लाल नेहरु राष्ट्रीय



युवा केंद्र में उत्तर प्रदेश पंजा कुश्ती एसोसिएशन व उत्तर प्रदेश नॉन ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित तीन दिवसीय चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि अतिथि तरुण गाबा आईपीएस, पुलिस महानिरीक्षकए लखनऊ रेंजद्ध ने खिलाड़ियों के मार्च पास्ट की सलामी लेकर व पंजा लड़ाकर किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को अपने आर्शीवचन में इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि खेल में सिर्फअभ्यास नहीं काम आता है, उसके साथ तकनीक की जानकारी होना भी जरुरी है जिसकी प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी पर दबाव बनाने में भी अहम भूमिका होती है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पंजा कुश्ती के राष्ट्रीय निर्णायक सुखबीर सिंह रंधावा पंजाब व अंतर्राष्ट्रीय पावरलिफ्टर श्रीमती पूनम तिवारी की भी गरिमामयी मौजूदगी रही। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता नजमुल हसन रिजवी सचिव यूनिटी कॉलेज ने की। आयोजन सचिव एके सक्सेना उप महासचिव, उत्तर प्रदेश पंजा कुश्ती एसोसिएशन व महासचिव उत्तर प्रदेश नान ओलंपिक एसोसिएशनद्ध ने समारोह का संचालन करते हुए चैंपियनशिप के बारे में रिपोर्ट प्रस्तुत की।

**पहले दिन के परिणाम :** सब जूनियर बालिका 40 किग्रा-स्वर्ण- अंशिका गोस्वामी मुरादाबाद, रजत-परिणीता दीक्षित मुरादाबाद, सब जूनियर बालिका 60 किग्रा-स्वर्ण रू आयुषी सागर संभल, रजत -ओजस्वी राणा मुरादाबाद,कांस्य- वंशिका मुरादाबाद।

## क्विक न्यूज

### बाहर हुई न्यूजीलैंड को युगांडा पर जीत की उम्मीद

**तारोबा।** टी20 विश्व कप से बाहर हुई न्यूजीलैंड की टीम अब युगांडा के खिलाफ होने वाले ग्रुप सी के तीसरे मुकाबले में जीत की उम्मीद लगाए होगी। अफगानिस्तान ने यहां पापुआ न्यू गिनी पर जीत से न्यूजीलैंड को ग्रुप से सुपर आठ की दौड़ से बाहर कर दिया। अब ग्रुप में न्यूजीलैंड के दो मैच बचे है जिनके नतीजा मायने नही रखेगा। न्यूजीलैंड की टीम एक दशक में पहली बार विश्व कप (वनडे और टी20 प्रारूप) के ग्रुप चरण से आगे बढ़ने मे विफल रही। अब उम्रदराज खिलाड़ियों से भरी न्यूजीलैंड की टीम उम्मीद करेगी कि वह नई टीम युगांडा और पापुआ न्यू गिनी पर जीत दर्ज कर स्वदेश लौटे।

### नेपाल को हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज करने उतरेगा दक्षिण अफ्रीका

**किंग्सटाउन (सेंट विन्सेंट)।** तीन जीत के साथ सुपर आठ मे पहले ही जगह बना चुका दक्षिण अफ्रीका आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच मे शनिवार को यहां नेपाल को हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा।टूर्नामेंट में आठ विकेट के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे सफल गेंदबाज एनरिच नोर्किया बेहतरीन फॉर्म मे है और नेपाल के बल्लेबाजो के लिए उनका सामना करना आसान नही होगा। अब तक कागिसो रबादा, मार्को यानेसन और ओटनील बार्टमैन ने तेज गेंदबाजी विभाग में नोर्किया का अच्छा साथ निभाया है जबकि स्पिनर विभाग में दारोमदार अनुभव केशव महाराज के कंधो पर रहा है।महाराज ने पिछले मैच मे बांग्लादेश के खिलाफ 20वां ओवर करते हुए दक्षिण अफ्रीका को जीत दिलाई थी।

### अवीवा फिटनेस पर देगा ध्यान

**कानपुर।** असित रथ, सीईओ एवं एमडी, अवीवा इंडिया ने कहा, ''हमें खुशी है कि हम 13 जून 2024 को एक बिजनेस अपॉर्च्युनिटी इवेंट के साथ कानपुर में एजेंसी चैनल विस्तार की शुरूआत कर रहे हैं। अवीवा इंडिया में हम समग्र कल्याण एवं आर्थिक सुरक्षा को बढ़ावा देकर समुदायों को सशक्त बनाना चाहते हैं और 'शेप लाईफ विद अवीवा' इसी दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम लोगों को शारीरिक फिटनैस, मानसिक कल्याण, संतुलित पोषण, स्वास्थ्य की नियमित जांच और आर्थिक सुरक्षा के बारे में जागरुक बनाने के लिए प्रयासरत हैं। इस आयोजन का उद्देश्य दोतरफा है, पहला हमारे एजेंसी नेटवर्क का विस्तार करना और 2047 तक सभी को बीमा उपलब्ध कराने के आईआरडीएआई के मिशन में योगदान देना। दूसरा विभिन्न समुदायों में वैलनैस अडवाइलर्स का निर्माण करना, जो अवीवा के साथ 'जीवन को आकार दे सके। भारत की सबसे भरोसेमंद निजी जीवन बीमा कंपनी अवीवा लाईफ इंश्योरेन्स ने देश भर में एजेंसी चैनल विस्तार पहल की शुरूआत की है, जिसका उद्देश्य देश में एजेंसी बेस को दोगुना करना है।

### बहामास स्पोटर्स शूज को देगा बढ़ावा

**मुंबई।** रिलेक्सो फुटवियर्स के ब्राण्ड बहामास ने अपने स्प्रिंग समर 2024 (एसएस'24) कलेक्शन का लॉन्च किया है। एसएस'24 कलेक्शन खासतौर पर उन युवाओं के लिए पेश किया है जो हमेशा एनर्जी से भरपूर रहते हैं और स्टाइल के साथ-साथ उत्साह को बरकरार रखते हुए नैतिकता के साथ अपने काम में बेहतर आउटपुट देते हैं। इसमे स्पोटर्स शूज पर भी जोर दिया गया है। गौरव दुआ, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, रिलेक्सो फुटवियर लिमिटेड ने एसएस'24 कलेक्शन पर बात करते हुए कहा कि बहामास में हम अपने आधुनिक एवं उत्साही डिजाइनों के माध्यम से युवाओं को लुभाने के लिए तत्पर रहे हैं। हमारा स्प्रिंग-समर 2024 कलेक्शन खुशी, आजादी और एनर्जी से भरपूर जीवनशैली के लिए प्रेरित करता है। हम सबसे आरामदायक और स्टाइलिश फुटवियर्स के साथ सुनिश्चित करते हैं कि हमारे उपभोक्ताओं का हर कदम आत्मविश्वास और उत्साह से भरा हो।

### बीएमडब्ल्यू रेसिंग व ऐडवेन्चर बाइक पर देगा जोर

**मुंबई।** बीएमडब्ल्यू मोटोराड इंडिया ने भारत में नई बीएमडब्ल्यू आर 1300 जीएस लॉन्च किया है। यह ऐडवेन्चर मोटरसाइकिल कम्प्लीटली बिल्ट.अप यूनिट सीबीयू के रूप में मिलेगी और जून 2024 से इसकी डिलिवरी आरंभ होगी। जीएस ट्रॉफी रेसिंग ब्लू मैटेलिक पेंटवर्क और 719 ट्रैमुण्टाना ऑरेलस ग्रीन मैटेलिक पेंटवर्क में उपलब्ध हैं। विक्रम पावाह प्रेसिडेंट बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा किए श् बीएमडब्ल्यू मोटोराड ने चार दशक से भी ज्यादा पहले आर 80 जी एस के साथ टुअरिंग एंड्युरोज का नया सेगमेंट स्थापित किया था। और तब से लेकर बॉक्सर इंजन वाली बीएमडब्ल्यू जी प्रतिस्पर्धी फील्ड का निर्विवाद लीडर रही है। नई नई बीएमडब्ल्यू आर 1300 जीएस के साथ बीएमडब्ल्यू मोटोराड न जी को और भी तेज बनाने पर फोकस किया है। यह शक्ति, आराम और फुर्ती का खूबसूरत संयोजन ह, जो इसे किसी भी भू.भाग के लिए आदर्श मोटरसाइकिल बनाता है। अपनी विलक्षणता और आकर्षण के साथ ऑल.न्यू बीएमडब्ल्यू आर 1300 जीएस सर्वोच्च अपेक्षाओं से भी आगे निकलेगी।

### भारत में गेमर्स के लिए डेस्कटॉप कस्टमाईज़ेशन आया

**बैंगलोर।** टेक्नोलॉजी पॉवरहाउस लेनोवो ने गेमिंग के ग्राहकों के लिए अपने डेस्कटॉप कंप्यूटर्स में एंडटूएंड कस्टमाईज़ेशन विकल्प प्रदान करके नए मानक स्थापित किए हैं। यह ब्रांड गेमिंग डेस्कटॉप में बड़े स्तर पर कस्टमाईज़ेशन के विकल्प प्रदान कर रहा है। जिससे यूज़र्स अपने कंप्यूटिंग के अनुभव को अपनी जरूरतों और पसंद के अनुरूप कस्टमाईज़ कर सकेंगे। अब ग्राहक अपने गेमिंग डेस्कटॉप को लीजन और एलओक्यू गेमिंग डेस्कटॉप में एंड.टू.एंड अपग्रेड कर सकते हैं। ग्राहकों को विभिन्न कस्टमाईज़ेशन विकल्प मिल रहे हैंए जिनमें शामिल हैं। गेमिंग और ग्राफिक डिज़ाईन के बेहतर अनुभव के लिए शक्तिशाली एनवीडिया आरटीएक्स 4060टीआई तक ग्राफिक कार्ड अपग्रेड। लेनोवो के ष्कॉन्फिगर्ड बाय यूए फॉर यूष् कस्टमाईज़ेबल विकल्प द्वारा ग्राहक एक ऐसा डेस्कटॉप सिस्टम बना सकते हैं, जो उनके कामए गेमए या क्रिएटिव प्रोजेक्ट्स की जरूरतों के अनुकूलित हो। उन्हें अपना खुद का गेमिंग पीसी बनाने में कुछ ही मिनट लगते हैं। इस बारे में आशीष सिक्का डायरेक्टर एवं कैटेगरी हेड लेनोवो इंडिया ने कहा कि ग्राहकों की जरूरतें काफी विस्तृत हैं, इसलिए हर ग्राहक अपने कंप्यूटर को अपनी अलग जरूरतों और पसंदों के मुताबिक अनुकूलित करना चाहता है।

### इंग्लैंड की निगाह सुपर आठ की दौड़ में बने रहने पर

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा)।** गत चैम्पियन इंग्लैड शनिवार को यहां नामीबिया को बड़े अंतर से हराने के लिए बेताब होगा ताकि वह टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण की दौड़ मे बरकरार रहे। इंग्लैड और स्कॉटलैड का मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था और आस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हार से गत चैम्पियन टीम ऐसी स्थिति मे पहुंची। लेकिन जोस बटलर की अगुआई वाली टीम ने ओमान पर आठ विकेट से जीत हासिल की। ओमान को महज 47 रन पर समेटने के बाद इंग्लैड ने यह लक्ष्य महज 3.1 ओवर मे हासिल कर लिया जिसमे उसने रिकॉर्ड 101 गेंद के अंतर से जीत दर्ज की। इस परिणाम से इंग्लैड का नेट रन रेट काफी अच्छा हो गया जो ग्रुप बी मे उनके और स्कॉटलैड के बीच महत्वपूर्ण अंतर है। इंग्लैड का नेट रन रेट -1.8 से 3.08 हो गया जबकि स्कॉटलैड का नेट रन रेट 2.16 है। लेकिन महत्वपूर्ण बात है कि स्कॉटलैड के अभी पांच अंक है जबकि इंग्लैड के तीन अंका इससे दो बार की पूर्व चैम्पियन इंग्लैड को नामीबिया को हराकर स्कॉटलैड की बराबरी पर पहुंचने की जरूरत होगी और फिर उसे यह भी उम्मीद करनी होगी कि स्कॉटलैड की टीम आस्ट्रेलिया से हार जाए जो पहले ही सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर चुकी है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।